दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 184 | जयपुर | शुक्रवार , 09 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राजस्थान के तीन सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तानी हमले नाकाम, प्रदेश में हाईअलर्ट; ब्लैकआउट घोषित




## पाकिस्तान ने सुसाइड ड्रोन्स और मिसाइलें दागीं, टारगेट पर सैन्य ठिकाने, एस-400 ने सभी को मार गिराया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार रात को ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। ये हमले जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में किए गए। पाकिस्तान ने सुसाइड ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिन्हें भारत के एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने नाकाम कर दिया। जम्मू और पठानकोट पर सुसाइड ड्रोन्स से हमला हुआ। पाकिस्तानी ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को निशाना बनाया, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। नियंत्रण रेखा के पास कुपवाड़ा और बारामूला में पाकिस्तानी की ओर से भारी फायरिंग हो रही है, जिसका भारतीय सेना जवाब दे रही है। सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

### इन इलाकों में पूरी तरह ब्लैक आउट

जम्मू-कश्मीर: जम्मू, उधमपुर, किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, श्रीनगर और अनंतनाग राजस्थान: बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर पंजाब: चंडीगढ़, मोहाली, जालंधर, अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरन तारन गुजरात: भुज, कच्छ और पाटण

## जैसलमेर-पोकरण में पाकिस्तान का हमला विफल

पहलगाम हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार रात जैसलमेर-पोकरण में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से हमला किया। भारतीय सेना ने हमले को विफल कर दिया। बाड़मेर-श्रीगंगानगर में रेड अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से घरों में रहने की अपील की गई है। बॉर्डर से सटे जिलों में ब्लैक आउट किया गया है। गुरुवार रात जैसलमेर में भारतीय वायु रक्षा की ओर से पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया। जैसलमेर के एयरबेस और मिलिट्री एरिया में यह अटैक किए गए थे। जब भारतीय मिसाइलों ने ड्रोन को हवा में उड़ाया तो आसमा में आग के गोले देखे गए। भारत सरकार के मुताबिक पाकिस्तान ने 7-8 मई की रात को भी राजस्थान के फलोदी, नाल और उत्तरलाई एयरबेस पर मिसाइल से हमले की कोशिश की थी, लेकिन सेना ने उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया।



### एक दिन पहले 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी

ऑपरेशन सिंदूर के अगले दिन यानी बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी। भारत ने रूस से मिले एस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिए इस हमले को नाकाम कर दिया। जवाबी कार्रवाई में भारत ने गुरुवार सुबह पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। इसके लिए इजराइल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार दोपहर 2.30 बजे बताया कि पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के शहरों को भी निशाना बनाया। इस दौरान अवंतिपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज में ड्रोन्स और मिसाइलें दागी गई थीं। इन्हें भी नाकाम कर दिया गया।

## एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**मेल में लिखा-** ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा



**जयपुर।** जयपुर के एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ानें की धमकी मिली। क्रीड़ा परिषद को मेल किया गया। खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के पवन ने बताया- सुबह 9:13 पर ईमेल आया था। कर्मचारियों ने ईमेल को ओपन करके देखा तो उसमें स्टेडियम को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। मेल में लिखा- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा।

मेल मिलने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। पुलिस कंट्रोल रूम ने सभी अधिकारियों को बम का मेल मिलने की जानकारी दी। इस के बाद पुलिस टीम, क्यूआरटी, बम निरोधक दस्ता सहित कई टीमें एसएमएस स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम को खाली कराया।

एसएमएस स्टेडियम के बाहर का इलाके और बिल्डिंग को सर्च किया जा रहा है। अभी तक की भी संदिग्ध वस्तु के स्टेडियम में होने की जानकारी नहीं मिली है। बम की सूचना मिलने के बाद एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप, डीसीपी साउथ दिगंत आनंद सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश में जुट गई है। साइबर टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षा की दृष्टि से स्टेडियम को पूरी तरह सील कर दिया गया है।

## राजस्थान में पुलिसकर्मियों के अवकाश पर लगी रोक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से जबाव में किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राजस्थान पुलिस ने पाकिस्तान से सटे सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी है। राजस्थान पुलिस ने अपने सभी पुलिसकर्मियों की सभी प्रकार की छुट्टियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस प्रशासन, कानून एवं व्यवस्था) विशाल बंसल की ओर से गुरुवार को सभी रेंज आईजी, कमिश्नर सहित जिला एसपी, डीसीपी एवं कमांडेंट को ई-मेल मैसेज जारी कर इस संबंध में सख्त निर्देश दिए हैं। बंसल ने बताया- प्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों के अवकाश पर रोक लगाई गई है। केवल विशेष परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों को कम से कम अवकाश जिला एसपी, डीसीपी या कमांडेंट की ओर से ही स्वीकृत किया जाएगा।

हालांकि, पहलगाम हमले के बाद से ही पुलिसकर्मियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मौजूदा हालात और सीमा पर बढ़ते तनाव को देखते हुए गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से आधिकारिक आदेश जारी किए गए। आदेश के अनुसार अग्रिम आदेश तक अवकाशों पर प्रतिबंध जारी रहेगा। सभी पुलिसकर्मियों को अपने मुख्यालयों पर बने रहने और किसी भी आपात स्थिति के लिए 24 घंटे ड्यूटी पर उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है।

## नितीश राणा-संदीप शर्मा चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स से बाहर

**साउथ अफ्रीका के बर्गर को 3.5 करोड़ और प्रीटोरियस को 30 लाख रुपए में खरीदा**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज नितीश राणा और गेंदबाज संदीप शर्मा चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम में 19 साल के साउथ अफ्रीकन खिलाड़ी लुआन ड्रे प्रीटोरियस और तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को शामिल किया गया है। राजस्थान रॉयल्स ने बर्गर को 3.5 करोड़ और प्रीटोरियस को 30 लाख रुपए में खरीदा है। प्रीटोरियस विकेटकीपर के साथ ही शानदार बल्लेबाज हैं। टीम मैनेजमेंट ने गुरुवार को इसकी घोषणा की है।



नितीश चोट के कारण 4 मई को राजस्थान बनाम कोलकाता मैच नहीं खेल पाए थे। इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने 1 रन से जीत हासिल की थी।

नितीश ने आखिरी मैच 1 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेला था। इसमें उनके बल्ले से 9 रन आए थे। इस सीजन राणा ने 11 मैचों में 21.70 के औसत और 161.94 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं।

## पाकिस्तान अटैक के बीच पंजाब-दिल्ली आईपीएल मैच रद्द

**खिलाड़ियों को स्पेशल ट्रेन से निकाला गया, लीग जारी रखने का फैसला आज**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के अटैक के चलते धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर खेले जा रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रद्द कर दिया गया है। बीसीसीआई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ को स्पेशल ट्रेन के जरिए धर्मशाला से निकाला गया है।

बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने टीओआई से कहा- 'धर्मशाला से सभी को निकालने के लिए हम स्पेशल ट्रेन का अरेंजमेंट कर रहे हैं। टूर्नामेंट जारी रखने का फैसला कल किया जाएगा। फिलहाल खिलाड़ियों की सेफ्टी सबसे ज्यादा जरूरी है। भारत-पाक टेंशन के बीच धर्मशाला में मैच होना भी संभव नहीं था।'

पाकिस्तान के अटैक के बाद मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद कर दी गई हैं और सभी फैंस को बाहर निकाल दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इधर, बीसीसीआई ने आईपीएल के शेष मैचों के आयोजन के लिए आईपीएल कमेटी के साथ इमरजेंसी ऑनलाइन मीटिंग बुलाई है। मिली जानकारी के अनुसार, आईपीएल होगा या नहीं इस पर फैसला शुक्रवार को लिया जाएगा।




## सीमा पर उत्पन्न तनाव के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन सजगता और सतर्कता से करें कार्य : भजनलाल शर्मा

**नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बनाए कार्ययोजना प्रदेश के सभी कार्मिकों के अवकाश निरस्त**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमा पर उत्पन्न हुई तनावपूर्ण परिस्थितियों के मद्देनजर प्रदेशभर, विशेषकर सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आवश्यक मानव संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में नागरिकों के लिए सेवाएं बाधित न हो और उन्हें हर तरह की सहायता त्वरित मिल सके। शर्मा ने सभी राजकीय कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने



और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के संबंध में निर्देश भी दिए। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान बॉर्डर पर स्थित हमारा राज्य सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है। ऐसे में राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

### मुख्यमंत्री सीमावर्ती जिलों का ले रहे निरंतर फीडबैक

मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रत्येक सीमावर्ती जिले के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी के साथ चर्चा कर वहां उत्पन्न परिस्थितियों के बारे में विस्तृत फीडबैक लिया। श्री शर्मा ने उन्हें सेना और केन्द्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों के संबंध में मुख्यमंत्री नियमित रूप से प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# जिला प्रशासन व नगर परिषद का दोहरा चेहरा, चांगगेट पर निर्माण अवैध, सुरजपोल गेट पर निर्माण वैद्य या अ...वैद्य?



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला प्रशासन का आखिर दोहरा चेहरा क्यों देखने को मिल रहा है। शहर के परकोटे व गेटों को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के सरंक्षण हेतु जिला कलेक्टर ने किसी भी तरह से छेड़छाड़ अथवा इसका प्रारुप परिवर्तित नहीं करने के आदेश दिये थे। इसी के तहत ब्यावर जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने चांगगेट पर अवैध रुप से हो रहे निर्माण को रुकवा भी दिया, लेकिन सुरजपोल गेट से सटकर दो मंजिला निर्माण हरे पर्दे में तैयार हो गया, आखिर क्या जिला प्रशासन अथवा नगर परिषद के अधिकारियों को नहीं चली। यह है नगर परिषद व सरकार के अधिकारियों की करनी व कथनी में अन्तर। इस मामले को लेकर शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थल सूरजपोल गेट के पास एक व्यावसायिक निर्माण कार्य पर एडवोकेट विनोद कुमार खाटवा ने जिला प्रशासन से इस निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। खाटवा का कहना है कि यह निर्माण कार्य सूरजपोल गेट से बिल्कुल सटकर किया जा रहा है और इसमें ऐतिहासिक परकोटे की दीवार को भी शामिल कर लिया गया है। इससे न केवल नगर की धरोहर को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि इसके स्वरूप को भी विकृत किया जा रहा है। एडवोकेट खाटवा ने बताया कि इस तरह का निर्माण कार्य पूर्व में चांग गेट पर भी देखने को मिला था, जिसे प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से रुकवाकर ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया था। उनका आरोप है कि वर्तमान निर्माण में न तो शैड बैक छोड़ी गई है और न ही पार्किंग जैसे नियमानुसार प्रावधानों का पालन किया गया है। उन्होंने मांग की है कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है, तो इस निर्माण को तुरंत सीज किया जाए या ध्वस्त कर दिया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अवैध निर्माण करने से पहले नियमों का पालन करना सुनिश्चित करे।

# भारतीय वायु सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** भारतीय वायु सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। स्वामी विवेकानंद पार्क में भाजपा मंडल की ओर से आतिशबाजी की गई। ये कार्रवाई पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की शहादत के बदले में की गई।कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, सूरौठ मंडल अध्यक्ष पिंटू सोलंकी, महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता डिंडोरी सचिन चौधरी संपत कोली जगल चतुर्वेदी गजेंद्र सोलंकी संतु गोयल सत्येंद्र जाटव अमित पंजाबी लज्जा रानी मोहन सिनेमा रमन नागौर रामेश्वर कोहली कला मवई सचिन गुर्जर हरवीर बेनीवाल राजीव सहारिया प्रकाश चंद्र अग्रवाल हाकिम सिंह गुर्जर राधेश्याम अग्रवाल सुभाष अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चैक अनादरण में शान्तिलाल दोषी करार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** स्थानीय एनआई न्यायालय ने शान्तिलाल पिता कन्हैयालाल को प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता के मामलें में चौक अनादरण का दोषी करार दिया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता शान्तिलाल ने 15 लाख 35 हजार रूपयें उधार लेकर अदायगी हेतु चौक दिया जो अपर्याप्त राशि के चलते अनादरित हो गया। जिस पर डॉ. प्रिया मेहता ने एनआई न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। जिसके सम्पूर्ण विचारण के पश्चात माननीय न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश एनआई-8 ने शान्तिलाल को धारा 138 के तहत दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के कारावास व 17 लाख के हर्जाने की राशि से दंडित किया है। अदम अदायगी हर्जाना में 1 माह का साधारण करावास और भुगतना होगा।

# नवगठित ब्यावर जिले में सीएसआर से संवरेंगे विकास के आयाम- जिला कलेक्टर डॉ. खडगावत की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्क्र) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवसृजित ब्यावर जिले में ष्टस्क्र फंड के प्रभावी और पारदर्शी उपयोग को सुनिश्चित करना था। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त कंपनियां आगामी 20 मई तक कमेटी को यह जानकारी उपलब्ध कराएं कि वे किस मद में कितना खर्च करने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि फंड का उपयोग केवल ब्यावर जिले के जनकल्याण एवं स्थानीय विकास हेतु किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के 6 विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, जो शिक्षा क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व सौंदर्यकरण जैसे विषयों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. खडगावत ने उद्योगों से आह्वान किया कि वे ष्टस्क्र के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए विकास कार्यों में अधिक सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने ष्टस्क्र फंड के समुचित उपयोग और प्रशासन को इसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने पर बल दिया, जिससे इसकी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, सीएमएचओ डॉक्टर संजय गहलोत, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं श्री सीमेंट, अम्बुजा सीमेंट, अल्ट्राटेक, न्यूवोको, पीजी फॉइल्स, इन्टेक ऑर्गेनिक्स, आदित्य पॉलीस्पिन, कोगता फाइनेंशियल समेत कई उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसीईओ डॉ गोपाल लाल मीणा के प्रयासों से हरित नवाचार के तहत भारत उपवन बना एक मॉडल

## अब इसे 50 ग्राम पंचायतों में किया जायेगा विस्तार, जिला कलेक्टर ने थपथपाई पीठ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक अभिनव पहल के रूप में प्रारंभ किए गए भारत उपवन नवाचार का गुरुवार को जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ग्राम पंचायत मोठी (पंचायत समिति बदनोर), शाहपुरा एवं तारागढ़ (पंचायत समिति जवाजा) में किया गया, जहां कन्वर्जेंस के माध्यम से फलदार पौधों के सुंदर उपवन विकसित किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला परिषद के सहयोग से 33 ग्राम पंचायतों में शुरू किए गए इस नवाचार को कलेक्टर खडगावत ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रेरणादायक मॉडल बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम से कम 50 ग्राम पंचायतों में भारत उपवन की स्थापना की जाए। साथ ही, पहले से स्थापित उपवनों में यदि कोई पौधा नष्ट हुआ हो तो उसकी तत्काल रिप्लेसमेंट कर क्षेत्र को और विस्तारित किया जाए। शाहपुरा में 1200, मोठी में 5000, तथा तारागढ़ में 950 पौधे लगाए गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से फलदार प्रजातियों का चयन किया गया है। कलेक्टर डॉ. खडगावत ने कहा कि भारत उपवनों से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ग्राम स्तर पर बच्चों को पौष्टिक फल उपलब्ध होंगे, जिससे उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार होगा। डॉ. खडगावत ने बताया कि इस नवाचार में एसीईओ गोपाल लाल मीणा की विशेष भूमिका रही है। उनके सतत प्रयासों और विभागीय समन्वय से यह नवाचार धरातल पर उतारा गया। उन्होंने विभिन्न विभागों से समन्वय कर इस परियोजना को ग्राम स्तर पर सफलतापूर्वक लागू



कराया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इस हरित नवाचार में सहयोग देने वाले उत्कृष्ट कार्मिकों व जनप्रतिनिधियों को आगामी समय में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले 7 दिवस के भीतर भारत उपवन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर भविष्य की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए, ताकि यह नवाचार स्थायी रूप ले और जिले को हरित विकास की दिशा में नई पहचान दिला सके।

# किसानों को मिली सुविधा क्षेत्र के विकास में मददगार : कल्पना अग्रवाल

## जिला कलेक्टर और एसडीएम ने किया ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा का दौरा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय ने ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा का दौरा किया। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने कलेक्टर मैडम को कृषि ड्रोन की कार्य प्रणाली और अधीनस्थ कार्य क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर मैडम ने ऋण वितरण और उर्वरक स्टॉक की भी समीक्षा की। समिति चेयरमैन ने बताया कि कृषि ड्रोन का उपयोग करके किसानों को कैसे लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने समिति की कार्यशैली को सराहनीय बताया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नवरतन, ऋण पर्यवेक्षक राजेश यादव, व्यवस्थापक कैलाश स्वामी, सहायक



व्यवस्थापक आनन्द सिंह, सहायक नरेश सैनी, रामकरण सैनी, ड्रोन पाइलेट प्रेम प्रकाश सैनी, कृषि पर्यवेक्षक जितेन्द्र यादव, अजय सैनी, सुरेन्द्र यादव, मुखराम धनखड़, मदन यादव, रामनिवास यादव आदि अनेक लोग उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा की कार्यशैली को सराहनीय बताया और कहा कि समिति द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं से निश्चित रूप से क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा की कार्यशैली को सराहनीय बताया और कहा कि समिति द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं से निश्चित रूप से क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी।

# एक परिंडा मेरा भी अभियान के तहत पक्षियों को बांधे परिंडे



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** एक परिंडा मेरा भी अभियान के तहत पक्षियों को परिंडे बांधे। मोहम्मद रफीक के नेतृत्व मे पक्षियों के लिए लगाए परिंडे में नियमित पानी डालने का संकल्प लिया। समाज सेवी मोहम्मद रफीक ने बताया की गर्मी के मौसम में अपने साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षियों का भी ध्यान रखें। बेजुबान जीवों के लिए पानी की व्यवस्था करना आवश्यक है इस मौके पर नरेश मीणा, इकबाल, मुकेश, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद आसिफ सभी ने परिंडा बांध जल भरने का संकल्प लिया।

# विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत द्वारा शिशु वाटिका एवं संस्कार केंद्र प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर, उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में शिशु वाटिका एवं संस्कार केंद्र प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक गणमान्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए एवं प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. संतोष आनंद (अध्यक्ष - विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत) ने सेवा केंद्रों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, सेवा केंद्र का कार्य समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने सेवा कार्यों के विस्तार एवं दृढ़ीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं से सजग रहने का आह्वान किया। अखिल भारतीय संस्कार केंद्र प्रमुख श्री रामस्वरूप शर्मा ने संस्कार और जीवन मूल्य का विकास% विषय पर वक्तव्य देते हुए कहा कि, संस्कार ही व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व एवं सामाजिक व्यवहार की नींव होते हैं। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती अनीता सेन ने 'शिशु वाटिका की दृष्टि' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में ही यदि बच्चों में चरित्र निर्माण की नींव रखी जाए, तो उनका समग्र विकास संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि शिशु शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं, अपितु संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की आधारशिला है।

# श्री कृष्णा गौशाला में संकीर्तन का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चाकसू तहसील के टूमली का बास गांव में संचालित श्री कृष्ण गौशाला में गौ सेवा संकीर्तन मंडल सांगानेर एवं श्री हरि कीर्तन सत्संग मंडल चाकसू द्वारा सत्संग का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडल के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें छोटी छोटी गैंया छोटे ग्वाल,छोटे सो रि मेरो मदन गोपाल, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना,जैसे भजनों पर गोभक्त झूम उठे। मुकेश घीया द्वारा जमुना मैया कारी कारी राधा गौरी गौरी भजन गाया गया जिसमें सभी लोगों ने आनंदित होकर नृत्य किया। आयोजित सत्संग कार्यक्रम में गौ सेवा संकीर्तन मंडल एवं श्री हरि कीर्तन मंडल चाकसू प्रेरणा से अलग-अलग भामाशाहों ने गौशाला के सफल संचालन हेतु राशि एकत्रित कर भेंट की गई। गौ सेवा संघ कीर्तन मंडल सांगानेर के सदस्यों ने कहा की श्री कृष्ण गौशाला अभी शिशु अवस्था में है इसको सहयोग की अति आवश्यकता है।अत: स्वेच्छा से जितना संभव हो सके गौ माता के लिए दान करें सनातन के शास्त्रों में गौदान को महादान का दर्जा दिया



गया है। लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और चंदा इकट्ठा कर गोवंश के चारे के लिए चारा संग्रह केंद्र की स्थापना हेतु कुछ राशि का कलेक्शन कर गौशाला संचालक मंडल को दिया साथ ही श्री हरि कीर्तन प्रेम मंडल चाकसू द्वारा गौशाला में गायों को तेज गर्मी से बचने के लिए 20 पंखे लगवाएं। सभी लोगों ने आस्वस्थ किया कि गौशाला में यथासंभव सहयोग करने एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा वर्तमान में गौशाला संचालक मंडल समय सिंह राजावत कन्हैयालाल प्रजापत ने सभी उपस्थित लोगों को दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया एवं किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया कन्हैया लाल प्रजापत ने बताया कि वर्तमान में श्री कृष्णा गौशाला में 280 गौवंश है। जिनकी नियमित देखभाल की जा रही है गौ भक्तों के सहयोग से गौशाला का संचालन किया जारहा

# ऐश्वर्या कॉलेज उदयपुर में सांस्कृतिक समारोह अभिव्यक्ति के दूसरे दिन विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या कॉलेज उदयपुर में सांस्कृतिक महोत्सव अभिव्यक्ति के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अतिथि व निर्णायक की भूमिका में समाज सेवी डॉ सुषमा कुमावत, डॉ मीना कालरा प्राथमिक शिक्षा विभाग से और श्रीमती अदिति राठौड़ रहे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं कैलिग्राफी, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, फेस पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, हैंड आर्ट, मेहंदी बनाने की प्रतियोगिता, कहानी लेखन प्रतियोगिता, व्यंग्य चित्रण प्रतियोगिता, मैं भी बहुरूपिया (फैंसी ड्रेस), एक्सटेंपोर, कविता पाठन (हिंदी, संस्कृत और राजस्थानी) और द मेमोरी प्रोजेक्ट आयोजित की गई। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र व पारितोषिक 11 मई को होने वाले समापन समारोह में दिया जाएगा।

इस अवसर पर अतिथि डॉ कुमावत ने सभी छात्रों को अभिव्यक्ति कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बधाई दी और कहा कि आपकी प्रतिभा और उत्साह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए कहा। अतिथि डॉ कालरा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी छात्रों की मेहनत और लगन ने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है, आगे भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें और अपनी प्रतिभा को नए शिखर तक ले जाएं। इस अवसर पर अतिथि अदिति राठौड़ ने कहा कि आप सभी छात्रों के लिए मेरी शुभकामनाएं हैं कि आप अपने जीवन में सफलता और संतुष्टि प्राप्त करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। ऐश्वर्या कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ रितु पालीवाल ने बताया की 9 मई को ग्रुप माइम प्रतियोगिता, मोनो एक्टिंग, मिमिक्री, स्टैंड अप कॉमेडी, सोलो सिंगिंग, स्किट, डुएट सिंगिंग प्रतियोगिता, सोलो डांस, डुएट डांस, अंताक्षरी (सिंगिंग फन प्रतियोगिता), सांप सीढ़ी, पतंग उड़ाना, मुहावरे, पहेली (बूझो तो जाने), जलेबी दौड़, तीन पैर दौड़, नींबू चम्मच, और हर्डल रेस आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में शहर के 45 से अधिक शिक्षण संस्थानों से 600 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे है। कार्यक्रम का संचालन दिशा बुनकर एवं फ़ेबा जैकब द्वारा किया गया।


# नीरजा मोदी स्कूल में बच्चों का हुआ हेल्थ चेकअप




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** स्वस्थ बालक स्वस्थ राष्ट्र के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में आयोजित चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पेसिफिक हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण कर स्वास्थ्य संबधी टिप्स दिए। इस दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को बिमारियों से बचने के लिए साफ-सफाई रखाव व संतुलित भोजन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में डेंटिस्ट,फिजिशियन,नेत्र रोग विशेषज्ञ को बच्चों की सामान्य जाँच के लिए बुलाया गया। डॉ.रोहित सिंह राठौड़, डॉ प्रियांशु जोशी व डॉ हिमांशी वसिटा ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी चर्चा करते हुए बताया कि प्रदूषण और भागदौड़ भरे वातावरण में संक्रामक बीमारियां हमें शीघ्र घेर लेती है। इनसे बचने के लिए हमें व्यायाम करने और संतुलित भोजन लेने के साथ ही समय समय पर चिकित्सीय परामर्श लेने की सलाह दी। उन्होंने आई फ्लू, मलेरिया और टायफाइड आदि से बचाव को आवश्यक टिप्स दिए। बच्चों का रेगुलर चेकअप किया गया और उन्हें स्वस्थ संबंधी सलाह दी। इस दौरान चेयरपर्सन डॉ महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि अच्छी शिक्षा के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को अपनी सेहत के प्रति सजग रहना चाहिए। निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने बताया कि बच्चों का स्कूल में प्रतिवर्ष चिकित्सकों द्वारा नियमित स्वस्थ परिक्षण किया जाता है।

# सुबोध शिक्षा समिति चेयरमैन नवरत्न कोठारी एवं 4 प्रोफेसर के खिलाफ फिर से करेगी एसीबी जांच



- सरकारी कोष को 22.64 लाख रुपये की चपत लगाने का मामला
- एसीबी की एफआर को कोर्ट ने नामंजूर कर पुनः जांच के आदेश दिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सुबोध कॉलेज जयपुर में नियम विरुद्ध तरीके से अनुदान राशि उठाकर सरकारी कोष को लाखों रुपयों की चपत लगाने के एक मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से पेश एफआर को भ्रष्टाचार मामलात संबंधी विशेष अदालत (क्रम-1) जयपुर महानगर ने नामंजूर कर दिया है और अनुसंधान एजेंसी को परिवादी द्वारा बताए गए साक्ष्यों पर जांच करके नतीजा रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। परिवादी लक्ष्मीकांत शर्मा की शिकायत पर एसीबी में सुबोध शिक्षा समिति के चेयरमैन नवरतन कोठारी, मानद मंत्री सुमेर सिंह बोथरा, प्रोफेसर अश्वनी कुमार, प्रोफेसर एन.के.लोहिया, एसएस जैन सुबोध कॉलेज के प्राचार्य के.बी.शर्मा के खिलाफ गबन का मामला दर्ज है।

कोर्ट ने यह आदेश परिवादी लक्ष्मीकांत की नाराजगी याचिका को स्वीकार करके और एसीबी की एफआर को नामंजूर करते हुए दिए हैं। कोर्ट ने आदेश में कहा कि उक्त मामले में अनुसंधान अधिकारी ने गहन व विस्तृत अनुसंधान नहीं करके सरसरी तौर पर ही अंतिम प्रतिवेदन पेश कर दिया है।

परिवादी लक्ष्मीकांत शर्मा ने जो आक्षेप लगाए थे, उन पर अनुसंधान नहीं किया गया। कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों पर जांच नहीं की गई। पूर्व में भी कोर्ट ने सरसरी तौर पर किए गए अनुसंधान की नतीजा रिपोर्ट को अपास्त कर दिया था। ऐसे में परिवादी द्वारा नाराजगी याचिका में उठाए गए आक्षेपों पर अनुसंधान अधिकारी को बिन्दुवार गहन व विस्तृत अनुसंधान करने और नतीजा रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए जाते हैं। परिवादी ने याचिका में बताया कि गबन मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी में शामिल अधिकारियों सरबन सिंह, डॉ. अनुप श्रीवास्तव व डॉ. नीलम रायसिंघानी संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा निदेशालय जयपुर के बयान नहीं लिए गए। स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग जयपुर ने 22.64 लाख रुपये की वसूली किए जाने जाने और उक्त राशि धोखाधड़ी की श्रेणी में आने की अनुशंषा की, लेकिन अनुसंधान अधिकारी ने ऑडिट रिपोर्टकर्ता से कोई अनुसंधान नहीं किया। भर्ती प्रक्रिया में शामिल अधिकारी प्रोफेसर बी.एम.शर्मा, डॉ.पी.एन.भंडारी व अन्य पदाधिकारियों के बयान लेखबद्ध नहीं किए। इसके अलावा भर्ती व नियुक्ति के समय निष्पादित की गई मिनिट्स व वित्तीय अनियमितताओं पर जांच नहीं की गई। गबन के मामले में उक्त महत्वपूर्ण तथ्यों पर जांच नहीं करके अनुसंधान अधिकारी आरोपियों को कथित फायदा पहुंचा रहे हैं। कोर्ट ने परिवादी की याचिका को स्वीकार करते हुए एसीबी की एफआर को नामंजूर करके पुनः जांच करके नतीजा रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं।

### यह है मामला

परिवादी लक्ष्मीकांत शर्मा की शिकायत पर एसीबी में सुबोध शिक्षा समिति के चेयरमैन नवरतन कोठारी, मानद मंत्री सुमेर सिंह बोथरा, प्रोफेसर अश्वनी कुमार, प्रोफेसर एन .के .लोहिया, एसएस जैन सुबोध कॉलेज के प्राचार्य के .बी .शर्मा पर आपसी मिलीभगत एवं अपने पदीय कर्तव्यों का दुरुपयोग करते हुए करीब 22 .64 लाख रुपये के सरकारी अनुदान राशि का गबन करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई, जिसमें बताया कि डॉ .के .बी .शर्मा को एसएस सुबोध पी .जी .कॉलेज में नियम विरुद्ध तरीके से प्राचार्य पद पर नियुक्ति दी गई, जो कि तब डॉ . शर्मा एसएस जैन सुबोध महाविद्यालय जयपुर में ही भौतिक शास्त्र के व्याख्याता पद पर कार्यरत थे। आरोपियों ने आपसी मिलीभगत करते हुए कॉलेज प्राचार्य पद पर मैनेजमेंट से वेतन भत्ते लेते रहे और साथ ही अनुदान के रुप में वे भौतिक शास्त्र व्याख्याता पद के वेतन भत्ते भी लेते रहे। 2004 से 2011 तक डॉ . शर्मा व दो अन्य प्रोफेसर नियम विरुद्ध तरीके से वेतन भत्ते उठाते रहे और सरकारी कोष को लाखों रुपयों का नुकसान पहुंचाते रहे। इस संबंध में कॉलेज शिक्षा कमिश्नर ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई, जिसके सदस्यों ने भी माना कि सुबोध शिक्षा समिति के चेयरमैन समेत अन्य आरोपियों ने मिलीभगत करते हुए अनुदान राशि का गबन किया और सरकारी कोष को चपत लगाई। ऑडिट रिपोर्ट की जांच में भी गबन पाया गया।

## आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते महिला पटवारी गिरफ्तार, नामांतरण के नाम पर ले रही थी राशि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कृषि भूखंडों का नामांतरण खोलने के नाम पर आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते महिला पटवारी को गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर को परिवादी ने शिकायत दी कि लोयरा में हाथी घर में उसकी पत्नी व मेरे दोस्त की पत्नी के नाम अलग—अलग कृषि भूखण्ड क्रय किए थे। जिसकी रजिस्ट्री करवा ली। इसके बाद उक्त कृषि भूखण्ड का नामांतरण खुलवाने के लिए वह अपनी पत्नी व दोस्त की पत्नी के साथ अलग अलग रजिस्ट्री की फोटो प्रति लेकर पटवार हल्का लोयरा में महिला पटवारी प्रियंका से 15-20 दिन पूर्व मिले थे और दोनों भूखण्ड की फोटो प्रतियां उनको दी तथा नामान्तरण के लिए कहा। इस पर महिला पटवारी प्रियंका ने कहा कि दोनों भूखण्डों का नामांतरण तभी खुलेगा जब वह उन्हें खर्चा-पानी के आठ हजार रुपए दोगे। फिर कहा कि पैसे अभी सामने वाले ई मित्र को ऑन लाइन ट्रांसफर कर दो। वहां से उसे नकद लाकर दे दो तो तुम्हारा काम हो जाएगा।

साथ ही महिला पटवारी ने परिवादी की पत्नी व उसके मित्र की पत्नी के नाम की दोनों मूल रजिस्ट्री अपने पास रख ली तथा कहा की आठ हजार रुपए दोगे तभी तुम्हारी ये मूल रजिस्ट्रियां ले जाना। जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर के नेतृत्व में गुरुवार को ट्रेप की कार्रवाई करते हुए महिला पटवारी प्रियंका नलवाया को आठ हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

## 82 तरह के खनिजों में सोना-चांदी से लेकर मेसेनरी स्टोन तक उपलब्धः टी. रविकान्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रमुख शासन सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने कहा है कि आर्कियन, टर्शियरी, मेसोजोइक, अरावली युग सहित अरबों वर्षों की भूविज्ञानिक विरासत के चलते राजस्थान देश का प्रमुख खनिज संपदा युक्त प्रदेश उन्होंने कहा कि राजस्थान में सीसा-जस्ता, सोना-चांदी, कॉपर-आयरन ओरे, लाइमस्टोन के साथ ही 82 तरह के खनिज चिन्हित किये जा चुके है और इनमें से 57 खनिजों का प्रमुखता से खनन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में माइनिंग सेक्टर का एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की बजटीय घोषणा के क्रियान्वयन में जयपुर में माइनिंग सेक्टर के एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना होगी जिसमें राज्य की ऐतिहासिक और पुरातात्विक खनिज संपदा की विकास यात्रा और नमूनों को भी वैज्ञानिक ढंग से संकलित और प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में रेयर अर्थ एलिमेंट सहित सामरिक और आज की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण खनिज मिले हैं। इसके साथ ही कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है।श्री टी. रविकान्त ने जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के उपमहाप्रबंधक श्री अनिंद्य भट्टाचार्य व निदेशक श्री हरीश मिस्त्री के साथ झालाना स्थित जीएसआई के खनिज संग्रहालय का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में विभिन्न प्रकार के खनिजों के विपुल भण्डारों को देखते हुए ही इसे म्यूजियम ऑफ माइन्स कहा जाता है।

टी. रविकान्त ने जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के संग्रहालय में प्रदर्शित संरक्षित चट्टानों, खनिजों, जीवाश्मों और राजस्थान की खनिज संपदा के मानचित्रीकरण का अवलोकन किया और संग्रहालय में खनिजों के नमूनों को देखकर उनके बारें में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जीएसआई संग्रहालय में खनिजों, जीवाश्मों, और नक्शों के संरक्षण, प्रदर्शन, और डॉक्यूमेंटेशन की सराहना की और इसे उपयोगी बताया।

# ग्रामीण विकास की योजनाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट

### जिला परिषद की टीम ने किया अमित पंचायत समिति का आकस्मिक निरीक्षण

- पंचायत समिति परिसर और ग्राम पंचायत पहुंची टीम

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला परिषद, राजसमंद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुमन अजमेरा ने गुरुवार को पंचायती राज से जुडी योजनाओं को लेकर पंचायत समिति आमेट एवं ग्राम पंचायत दोवड़ा का दौरा कर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। एसीओ डॉ. अजमेरा ने पंचायत समिति आमेट में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में भाग लिया एवम आमजन की समस्याओं को सुना व त्वरित समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी आमेट एवम अन्य विभागो के अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके बाद पंचायत समिति परिसर आमेट में निर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। जो उपयोगी व स्वच्छ पाया गया। आधार सेवा केंद्र के पास निर्मित एक अन्य सार्वजनिक शौचालय पानी की अनुपलब्धता और नियमित सफाई के अभाव में गंदा व अनुपयोगी मिला। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई करवा कर इसे पुनः उपयोगी बनाने के निर्देश दिए.इसके बाद डॉ. अजमेरा ने पंचायत समिति की विभिन्न शाखाओं का दौरा कर विभागीय प्रगति की जानकारी ली। शाखा प्रभारियों से योजनाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ज़ोर दिया।

#### ग्राम पंचायत दोवड़ा में स्वच्छता एवं अन्य योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण

डॉ. अजमेरा ने ग्राम पंचायत दोवड़ा में निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं अन्य योजनाओं के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। पंचायत भवन के समीप स्थित सामुदायिक शौचालय को देखा जहाँ साफ-सफाई संतोषजनक थी। ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए फीडबैक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उन्होंने उसमें नियमित प्रविष्टियों को अनिवार्य करने तथा आमजन की राय को भी प्राथमिकता से दर्ज करने के निर्देश दिए।

## कार चालक ने किया छात्रा के अपहरण, 35 किमी पीछा कर कार चालक को दबोचा

### पुलिस से युवती ने मांगी मदद, पुलिस ने तुरंत चालक को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा थाना इलाके में कार चालक ने एक युवती के अपहरण का प्रयास किया। इस पर युवती ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर लोकेशन के आधार पर चालक को दबोच लिया। पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार यूपी निवासी आंचल मौर्या मामला दर्ज करवाया कि वह वनस्थली विद्यापीठ में पढ़ती है और वहीं पर हॉस्टल में रहती है। 5 मई को जयपुर आने के लिए वह वनस्थली मोड से एक कार में सवार हो गई। कार में पहले से दो यात्री सवार थे।

रास्ते में दोनों सवारियां उतर गई तो चालक उसे टोंक रोड की बजाय कहीं अन्यत्र ले जाने लगा। पीडिता ने सूझबूझ दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने लोकेशन के आधार पर कार का पीछा कर सेक्टर 35 मालपुरा गेट के पास रोक लिया और चालक को गिरफ्तार किया गया है। जांच अधिकारी एएसआई रामकिशोर ने बताया कि पीडिता ने 100 नम्बर पर सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव मोड पर आ गई और लोकेशन के आधार पर कार का पीछा कर उसे रुकवाया। इसके बाद चालक को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल छुड़ा लिया गया।

## पुलिसकर्मी बनकर ऐंठे 60 हजार

### बचाने के बदले मांगे थे 1.60 लाख रुपए

**जयपुर (का.स.)।** नाहरगढ़ थाना इलाके में पुलिसकर्मी बनकर बेटे के दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार होने की सूचना देकर एक व्यक्ति से 60 हजार रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि फर्जी पुलिसकर्मी ने कॉल कर बेटे को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार होना बताया। व्यक्ति को धमकाकर बचाने के लिए 1.60 लाख रुपए की डिमांड कर ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवाकर ऐंठ लिए।

## किड्स फैशन शो नटखट कदम 27 जून से

### नटखट कदम में होगी सजीले बच्चों की कैटवॉक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** फैशन की दुनिया में नन्हें बच्चों की भागीदारी बढ़ाने की कड़ी में आगे बढ़ते हुए करण प्रोडक्शन हाउस की ओर से किड्स फैशन शो 'नटखट कदम' का आयोजन किया जाएगा। गुलाबी नगरी में 27 और 28 जून 2025 को होने जा रहे उस अनूठे फैशन शो के दौरान डिजाइनर ड्रेसेस में नन्हे बच्चों की रैंप पर कैटवॉक होगी।

इसके चलते गुरुवार को करण प्रोडक्शन हाउस के सीईओ अंकेश माथुर, बॉलीवुड गीतकार सीटू जयपुरी, एक्टर जस्सी कपूर, भिंडा रियल एस्टेट के डायरेक्टर नंदकिशोर भिंडा, अंकुर माथुर, बेटी फाउंडेशन की ब्रांड फैशन आइकन पूजा शर्मा (खुशी), समाजसेविका शिल्पी सैनी, ब्रांड आइकन पूजा शर्मा, मिसेज इंडिया द क्राउन डॉ. नीलम त्यागी, मिस इंडिया द क्राउन अम्बिका माथुर, मिसेज इंडिया मॉडल ऑफ द ईयर पिया चंदेल, चेल्सी तंवर सेतु इन्फ्रा के डायरेक्टर संजीव चंद्रावत, एसएमएस स्पोर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर गोविन्द सिंह, इवेंट प्लानर अमीषा शर्मा आदि सिटी सेलिब्रिटीज ने केक कटिंग के बाद शो के पोस्टर का विमोचन किया।

करण प्रोडक्शन हाउस के सीईओ अंकेश माथुर ने बताया कि 27 और 28 जून को होने वाले 'नटखट कदम' किड्स फैशन शो में 4 से 13 वर्ष आयु वर्ग के 40 से अधिक बॉयज और गर्ल्स शामिल होंगे और प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर्स द्वारा विभिन्न थीम पर डिजाइन किए गए आउटफिट्स पहनकर रैंप पर कैटवॉक करेंगे। इस फैशन शो का मुख्य आकर्षण नन्हे बच्चों के साथ कार्टून कैरेक्टर्स की कैटवॉक होगी। शो से पूर्व किड्स मॉडल्स की ग्रूमिंग के लिए 7 दिवसीय वर्कशॉप भी रखी गई है, जिसमें बॉलीवुड से आए फैशन कोरियोग्राफर द्वारा बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी। बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ ही उनका पोर्टफोलियो शूट, ब्रांड शूट, थिएटर परफॉर्मेंस आदि एक्टिविटी के माध्यम से उनके टैलेंट के अनुसार ग्लैमर इंडस्ट्री के लिए तैयार किया जाएगा।

## पहाड़ों की कटाई और अवैध खनन पर कार्रवाई

### नाथद्वारा एसडीएम की टीम ने जब्त की एलएनटी मशीनें, अब खान विभाग लगाएगा पेनल्टी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन और पहाड़ों की कटाई को लेकर जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। कलक्टर ने सख्त निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाए और इसमें कोई कोताही स्वीकार्य नहीं है।

नाथद्वारा उपखंड अधिकारी रक्षा पारीक ने बताया कि रात्रि 11:30 बजे सूचना प्राप्त हुई ग्राम मेरवतों की भागल में दो एलएनटी और एक डंपर अवैध खनन कर रहे हैं। इस पर तत्काल नायब तहसीलदार खमनोर की टीम मौके पर पहुंची जहां नदी के अंदर एलएनटी खनन कार्य कर रही थी, इस दौरान ड्राइवर टीम को देख कर फरार हो गया। इस पर एलएनटी मशीन खान विभाग को सुपुर्द की गई ।अवैध पहाड़ों की पहाड़ की कटाई को लेकर भी कलक्टर के निर्देशानुसार नाथद्वारा उपखंड अधिकारी द्वारा औचक टीम नायब तहसीलदार अशोक चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार देलवाड़ा अरुण सिंह के साथ निकली।

इस दौरान ग्राम कोटडी का ढाणा में एक एलएनटी पहाड़ पर अवैध रूप से बिना स्वीकृति के खनन कार्य करते हुए पाई गई। मशीन को जब्त किया गया तथा खान विभाग को सूचना कर मशीन सुपुर्द की गई।

# उत्कृष्ट परिणामो के लिए समर्पित होकर कार्य करें : डॉ तरूण चौधरी

## चिकित्सा संस्थानों में निरीक्षण के बाद बैठक में चिकित्सा अधिकारीयों को दिए निर्देश और सुझाव

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य परियोजना निदेशक मातृ स्वास्थ्य एवं विभागीय जिला प्रभारी डॉ तरूण चौधरी ने पिछले तीन दिवस में जिले भर में किये संस्थानो के किये निरीक्षण उनमें पाई गई कमीयों एवं तत्काल किये जाने वाले सुधारो के साथ ही जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तार से समीक्षा की तथा खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों एवं विभागीय जिला स्तरीय अधिकारीयों एवं अन्य अधिकारी - कार्मिको की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने कहा की चिकित्सा अधिकारी प्रभारी संस्थान में आने वाले मरीजो एवं उनके परिजनो के लिये जवाबदेह और जिम्मेदार है, इसलिये सभी चिकित्सा अधिकारी उनको ध्यान में रखकर अपने संस्थान को सूचारू संचालित करें। जिले में मैन पॉवर का तर्कसंगत तरीके से नियोजन तथा उपयोग के साथ ही चिकित्सा संस्थान के स्तर के अनुसार आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें मिले इसके लिये ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर से नियमित फिल्ड विजिट तथा सपोर्टिव सुपरविजन प्रदान करें। उन्होंने जिले में निरीक्षण किये गये संस्थान पीएचसी जस्साखेड़ा, बग्गड़, बरार, मोही, ओड़ा, उपली ओडन, समीचा, गजपुर, सीएचसी खमनोर, झालो की मदार, रेलमगरा, दरीबा, बनेड़िया जिला चिकित्सालय नाथद्वारा के निरीक्षण को लेकर विस्तार से खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों एवं सम्बन्धित के साथ बैठक में विस्तार से चर्चा की तथा जहां तत्काल व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है तुरंत कार्यवाही कर अवगत करवाने के लिये निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि बिना समर्पण के उत्कृष्ट परिणाम असंभव है इसके लिये पूरी टीम को शत प्रतिशत समर्पित होकर कार्य करना पड़ेगा।

उन्होंने खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों से माईक्रो मोनिटरिंग के लिये निर्देशित किया तथा नियमित रूप से आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा किये जा रहे कार्यो तथा पोर्टल पर अपडेट किये जा रहे डेटा को देखकर सतत समीक्षा के लिये निर्देशित किया।

बैठक में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेन्द्र यादव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सारांश सबल, डॉ हितेन्द्र, डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ मदनलाल मुंड , जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीएनओ, खंड कार्यक्रम प्रबंधक सहित सभी सम्बन्धित कार्मिक उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# शौर्य को सलाम!

भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। मंगलवार आधी रात को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर हमला करके पहलगाम में अपने सुहाग को गंवाने वाली 26 मां-बहनों का बदला पूरा किया। हिंदू धर्म में सिंदूर और सौभाग्य का बड़ा महत्व है। पाक पोषित आतंकवादियों ने जब उनके सिंदूर से खेल खेला, तो उस सिंदूर से निकली बदले की ज्वाला पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकी शिविरों तक पहुंच गई। भारतीय सेना के हमले में पाकिस्तान के ये अमानवीय शिविर तो नष्ट हुए ही, साथ ही पाकिस्तान की सरकार, वहां के आतंकियों के आका, पाकिस्तान की नापाक सेना बिल में जाकर छिप गए। भारतीय सेना ने ऐसा शौर्य दिखाया कि हर भारतीय को इस पर गर्व होना चाहिए। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन जैसे आतंकी गुटों के शिविर नष्ट कर दिए गए हैं। पाकिस्तान सो रहा था और उन पर बम गिर रहे थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को प्रतिरोध करने का मौका भी नहीं दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भाग लेने वाले सभी भारतीय 'पायलट' और लड़ाकू विमान सुरक्षित वापस लौट आए। इसका मतलब यह है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा और सुरक्षित भारत लौट आई। पाकिस्तान को उसके कर्मों का फल मिला। आगे भी मिलता रहेगा। आतंकवादियों को पालनेवाला देश जैसी पाकिस्तान की छवि है। ऐसा वैससे है कि दुनियाभर के इस्लामी आतंकवादी पाकिस्तान में ही शरण लेते हैं? पाकिस्तान के बेदिमाग शासक इसका जवाब नहीं दे पाए। अमेरिका पर हमला करने वाला अलकायदा सरगना लादेन पाकिस्तान में ही छिपा हुआ था। अमेरिकी कमांडोज ने
पाकिस्तान में घुसकर
लादेन को मार गिराया। 'लादेन पाकिस्तान में नहीं है। पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी नहीं है,' ऐसा कहने वाले पाकिस्तान का मुखौटा इस प्रकार कई बार फाड़ा गया है। हिंदुस्थान पर आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड मौलाना मसूद अजहर, हाफिज सईद पाकिस्तान में ही शरण लिए हुए हैं। भारत के गुनहगारों को भारत के हवाले करने में ही पाकिस्तान की भलाई थी, लेकिन पाकिस्तान ने वैसा नहीं किया। इन सभी आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' का दर्जा देने की नादानी उन्होंने की। पहलगाम हमले में स्वतंत्रता सेनानियों का हाथ होगा, ऐसा बेतुका बयान पाक के मंत्रियों ने दिया। पाकिस्तान कभी एक देश के रूप में उभर ही नहीं पाया। धार्मिक द्वेष से पैदा हुए कट्टरपंथियों का पनाहगाह है पाकिस्तान, यही पाकिस्तान के बारे में कहा जा सकता है। आमने-सामने के युद्ध में पाकिस्तान कभी भी जीत नहीं पाएगा। इसलिए आतंकवादियों को रसद उपलब्ध कराकर भारत में हमले करने का रास्ता उन्होंने अपनाया। तीन युद्धों में पाकिस्तान को धूल चटाने के बावजूद उसकी पूंछ सीधी नहीं हुई। भारतीय सेना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेना है और संकट के समय राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर देश एकजुट हो जाता है, यह तस्वीर पहलगाम हमले के बाद एक बार फिर दिखाई दी। राजनीति करने के जो कई तरीके हैं, उनमें से युद्ध भी एक तरीका है। इस उपाय का सहारा कभी न कभी तो लेना ही पड़ता है। पाकिस्तान जैसे राष्ट्र जब तक अस्तित्व में हैं, तब तक दुनिया में कहीं न कहीं तो युद्ध होते ही रहेंगे। भारत बुद्ध का देश है, लेकिन अगर कोई हमारे निर्दोष नागरिकों की जान अनायास ले रहा है, तो हमें बुद्ध को नमस्कार करके युद्ध का रास्ता अपनाना ही पड़ेगा। जो लोग युद्ध को बहुत
बड़ा पाप
और शांति और धैर्य को बहुत बड़ा पुण्य समझते हैं, उन्हें उन 26 बदकिस्मत बहनों की उजड़ी हुई मांग को देखना चाहिए। इसलिए भारत को राष्ट्रहित में पाकिस्तान पर बम गिराने पड़े। पाकिस्तान में लड़ने की क्षमता नहीं है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 9 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ग्रेगोरी कैलंडर के अनुसार 9 मई वर्ष का 129 वाँ (लीप वर्ष में यह 130 वाँ) दिन है। साल में अभी और 236 दिन शेष हैं। 9 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1386 – विश्व की प्राचीनतम संधियों में से एक पुर्तगाल और इंग्लैंड के बीच विंडसोर समझौता हुआ।
- 1576 – महाराणा प्रताप और अकबर के बीच हल्दी घाटी का युद्ध शुरू हुआ।
- 1588 – ड्यूक हेनरी द ग्यूसे की सेना ने पेरिस पर कब्जा किया। 1653 – विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद हुआ।
- 1689 – अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।
- 1874 – बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्रॉमकार शुरू हुयी। 1
- 946 – डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था।
- 1947 – विश्व बैंक ने अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया था।
- 1955 – पश्चिमी जर्मनी नेटो का हिस्सा बन गया था।
- 1960 – बर्थ कंट्रोल पिल वैध करने वाला अमेरिका पहला देश बना।
- 1975 – पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी।
- 2000 – जाफना प्राय: द्वीप के एलीफेंट दर्रे पर कब्ज़े के लिए लिट्टे के साथ हुए संघर्ष में श्रीलंका के 358 सैनिक मारे गये।
- 2003 – गूगल ने इंटरनेट प्रोग्राम एडसेंस पेश किया।
- 2004 – चेचेन्या में एक विस्फोट में वहाँ के राष्ट्रपति अखमद कादरोव का निधन।
- 2005 – मास्को में रूस द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी सेना पर विजय की 60वीं वर्षगांठ के जलसों में भारत के प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने भाग लिया।
- 2006 – यूरोपीय देश इस्तोनिया में यूरोपीय संविधान को मंजूरी मिली। 2008 – अमेरिका ने पाकिस्तान को 8.1 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देने से इन्कार किया।
- 2009 – नासा ने चांद पर पानी की खोज के टोही यान भेजा।
- 2010 – भारत की वंदना शिवा को विकासशील देशों में महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग देने के लिए वर्ष 2010 के सिडनी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया। उन्हें चार नवंबर को सिडनी ओपेरा हाउस में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- 2012 – अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने समलैंगिक विवाह को अपना समर्थन दिया। 9 मई को जन्मे व्यक्ति
- 1540 – महाराणा प्रताप, उदयपुर, मेवाड़ में शिशोदिया राजवंश के राजा।
- 1866 – गोपाल कृष्ण गोखले, स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक थे।

## विशेष आलेख

# एक था पाकिस्तानः इतिहास के पन्नों में सिमटता सच



– प्रियंका सौरभ

**'एक था पाकिस्तान' - ये केवल तीन शब्द नहीं, बल्कि इतिहास की एक गहरी दास्तां है। यह उस विभाजन का प्रतीक है, जिसने दिलों को तोड़ा और घरों को उजाड़ा। लेकिन क्या हमें हमेशा इस नफरत के जाल में फंसे रहना चाहिए? हमें न केवल बाहरी दुश्मनों से, बल्कि अपने भीतर की नफरत से भी लड़ना होगा। तभी एक दिन हम गर्व से कह सकेंगे - हाँ, एक था पाकिस्तान, और हम थे, हैं, और रहेंगे - एक, अखंड, अविनाशी भारत।**

एक था पाकिस्तान – यह केवल तीन शब्द नहीं हैं, बल्कि यह उन अनगिनत कुर्बानियों, टूटे सपनों और संघर्षों की कहानी है, जो भारतीय सभ्यता के दिल में गहरे तक समाई हुई हैं। जब हम यह वाक्य सुनते हैं, तो न केवल एक भूगोल का जिक्र होता है, बल्कि एक पूरी जड़ें, एक परिवार, एक संस्कृति, और एक सपना जो कभी हमारे अपने हिस्से में था। यह तीन शब्द उस दर्द, उस पीड़ा और उस उम्मीद का प्रतीक हैं जो विभाजन के समय के लाखों नागरिकों के दिलों में जीवित रहे।

**विभाजन की पीड़ा और वर्तमान वास्तविकता**

1947 का विभाजन महज एक भूगोल का बंटवारा नहीं था। यह दिलों का बिखराव था, यह जड़ों की टूटन थी, यह एक सभ्यता के विनाश का दौर था। उस समय लाखों परिवारों ने अपने घरों को खो दिया, अपने रिश्तों को खो दिया, और अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी खो दिया। विभाजन के समय जो नफरत और हिंसा फैली, उसने कई परिवारों को कभी न खत्म होने वाली कड़वाहट दे दी। एक तरफ़ हिंदू और मुस्लिम एक-दूसरे के दोस्त थे, और दूसरी ओर वे अचानक दुश्मन बन गए, सिर्फ़ एक रेखा, एक खींची हुई सीमा, के कारण।

अभी भी, विभाजन के समय की वह दर्दनाक यादें हमारे दिलों में कहीं न कहीं बसी रहती हैं। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते कभी भी सामान्य नहीं हो पाए। लेकिन क्या हमें हमेशा के लिए इस विभाजन को अपनी सोच और जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए? क्या हम अपनी अगली पीढ़ियों को भी इसी घृणा और नफरत के जाल में फंसा कर रखें? यह विचार हमें बार-बार खुद से पूछने की जरूरत है। नफरत और भेदभाव की दीवारों को गिराना आसान नहीं होता, लेकिन क्या यह संभव नहीं है?

**हमारा सपनाः एकता और शांति**

अगर हमें वास्तव में एक था पाकिस्तान को एक साकार रूप देना है, तो हमे एकता की भावना को और भी मजबूत करना होगा। हमें यह समझना होगा कि शांति और स्थिरता की असली ताकत हमारी एकता में है, न कि हमारे भूतकाल में। हमें यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल एक भूगोल का नाम नहीं है, बल्कि यह भी उन दर्दनाक घटनाओं का गवाह है, जो कभी हमारे देश के हिस्से हुआ करती थीं। लेकिन क्या हमें अपने वर्तमान और भविष्य को उसी पुराने दर्द के आधार पर जीते रहना चाहिए? क्या हम हर कदम पर नफरत के जाल में उलझ कर अपनी असली शक्ति को खो देंगे?

यदि हम चाहते हैं कि 'एक था पाकिस्तान' का सपना साकार हो, तो हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहां हम न केवल अपने सैनिकों की हिफाजत करें, बल्कि अपने भीतर की नफरत को भी कम करें। हमें यह समझने की जरूरत है कि युद्ध और संघर्ष का समाधान नफरत से नहीं हो सकता। यह हमेशा शांतिपूर्ण संवाद और समझ के रास्ते से ही संभव है। क्या हम अपने दिलों में नफरत और द्वेष को जगह देने के बजाय, हर विवाद का हल एकजुटता और समझदारी से नहीं निकाल सकते?

**धर्म, जाति और सांस्कृतिक पहचान के मुद्दे**

हमारे समाज में विभाजन के बाद भी कई सवाल उठते हैं, जिनका जवाब हमें खोजने की जरूरत है। धर्म, जाति और भाषा के नाम पर हमारी पहचान को कैसे बचाएं? भारत एक बहु-सांस्कृतिक देश है, जहां विभिन्न जातियाँ, धर्म, और भाषाएँ एक साथ रहती हैं। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सभी का समृद्ध इतिहास एक समान है, और विभाजन हमें केवल अलग करने का काम करता है। भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता ने हमेशा हमें अपनी शक्ति और पहचान दी है, और हमें इसे अपनी एकता की नींव के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

**आंतरिक बंटवारा- हमारे अंदर का पाकिस्तान**

यह अत्यंत दुखद है कि हम खुद भी आंतरिक बंटवारे का शिकार हो गए हैं। धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर जिस तरह से हमारे समाज में घृणा और भेदभाव फैल रहा है, वह हमारे सपनों को कमजोर कर रहा है। अगर हमें एक था पाकिस्तान का सपना साकार करना है, तो हमें खुद के भीतर की नफरत और अंधविश्वास को खत्म करना होगा। क्या हम अभी भी धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर एक दूसरे से नफरत करेंगे? क्या हम अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति को भूलकर केवल असहमति और घृणा की राजनीति करेंगे?

**सैनिकों का बलिदान और उनकी भूमिका**

हमारे सैनिक हर दिन अपनी जान की बाजी लगाते हैं ताकि हमारे घरों में शांति बनी रहे। जब वे सीमा पर खड़े होते हैं, तो वे केवल एक राष्ट्र की रक्षा नहीं कर रहे होते, बल्कि उनकी बीवी, उनकी माँ, और उनके बच्चे भी उनकी सुरक्षा की कामना करते हैं। हमें यह समझना होगा कि सैनिकों का बलिदान केवल उनका नहीं, बल्कि उनके परिवारों का भी होता है। इन परिवारों का दर्द वही समझ सकता है जो खुद इसे महसूस करता है। जब एक सैनिक अपने घर से निकलता है, तो उसका परिवार जानता है कि वह शायद कभी लौटकर न आए। उनकी वीरता और कड़ी मेहनत के बिना हमारा देश सुरक्षित नहीं रह सकता। हमें उनके बलिदान को सम्मान देना होगा, क्योंकि वे हमारे असली नायक हैं।

**हमारी जिम्मेदारी और दायित्व**

हमें अपनी अगली पीढ़ी को यह समझाना होगा कि वे नफरत की राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हो। शांति, सद्भाव और एकता में शक्ति है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बच्चे एक ऐसे समाज में पले-बढ़ें, जो प्रेम, भाईचारे और समझ के सिद्धांतों पर चलता हो। इसके लिए हमें हर स्तर पर जागरूकता फैलानी होगी।

# भारत की पहली जीनोम-संपादित चावल की किस्में (कृषि क्षेत्र में नवाचार)



– सुनील कुमार महला

**भारत विश्व का एक बड़ा कृषि प्रधान देश है और यहां की अर्थव्यवस्था बहुत हद तक कृषि पर निर्भर है। हाल ही में भारत ने अपनी पहली जीनोम-संपादित चावल की किस्में डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1 जारी की हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि हमारे देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 4 मई 2025 के दिन आईसीएआर द्वारा विकसित देश की पहली जीनोम-संपादित धान की ये दोनों किस्में जारी की गईं हैं। वास्तव में ये वैज्ञानिक शोध की दिशा में नवाचार है। इन किस्मों की खास बात यह है कि इनमें विदेशी चावलों की किस्मों या विदेशी डीएनए को शामिल नहीं किया गया है।**

दरअसल विदेशी डीएनए शामिल नहीं होने के कारण भारतीय कृषि में इनकी पैदावार ठीक उसी प्रकार से की जा सकती है, जिस प्रकार से हमारे यहां पारंपरिक रूप से फसलें उगाई जाती रहीं हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो इन नयी किस्मों का विकास क्रिस्पर-कैस आधारित जीनोम-संपादित तकनीक का उपयोग करके किया गया, जो बिना विदेशी डीएनए को शामिल किए हुए जीव के आनुवंशिक सामग्री में सटीक परिवर्तन लाती है। धान की ये किस्में जहां एक ओर उपज में बढ़ोत्तरी करेंगी, वहीं दूसरी ओर संसाधनों की दक्षता को भी ये बढ़ाएंगी। इतना ही नहीं ये जलवायु की दृष्टि से भी लचीली बताईं जा रहीं हैं। और तो और ये किस्में जल-संरक्षण की दृष्टि से भी बहुत ही उपयोगी और लाभकारी सिद्ध होंगी।वैसे तो भारत विश्व का अनाज उत्पादन में एक आत्मनिर्भर देश बन चुका है लेकिन आज की वैश्विक परिस्थितियों में हमारे देश में भी अनेक प्रकार की खाद्य सुरक्षा चुनौतियां मौजूद हैं। मसलन आज भारत में विश्व की सर्वाधिक आबादी है। जलवायु परिवर्तन भी लगातार हो रहा है, ग्रीन हाउस गैसों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ऐसी परिस्थितियों के बीच आईसीएआर द्वारा विश्व की पहली जीनोम संपादित धान की दो किस्मों का विकास भारतीय कृषि के लिए जहां एक ओर एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं, वहीं दूसरी ओर यह खाद्य सुरक्षा की दिशा में भी उठाया गया एक बड़ा और महत्वपूर्ण क्रांतिकारी कदम है। एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक में उपलब्ध जानकारी कै अनुसार डीआरआर धान 100 (कमला) लोकप्रिय साँबा महसूरी किस्म पर आधारित है। साइट डायरेक्टेड न्यूक्लिऐस 1 (एसडीएन1) तकनीक का उपयोग करके साइटोकाइनिन ऑक्सीडेज 2 (सीकेएक्स2) जीन (जीएन1ए) को लक्षित करके दानों की संख्या में सुधार किया गया। इसके परिणामस्वरूप शीघ्र परिपक्वता (15-20 दिन पहले कटाई), सूखा-सहिष्णुता, उच्च नाइट्रोजन-उपयोग दक्षता प्राप्त होती है। उल्लेखनीय है कि इस किस्म को आईसीएआर-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा विकसित किया गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय परीक्षण में डीआरआर धान 100 (कमला) की औसत उपज 5.3 टन प्रति हेक्टेयर पाई गयी जो साम्बा महसूरी (4.5 टन) से 19त्न अधिक है। वहीं दूसरी ओर पूसा डीएसटी चावल 1, मारुतेरु(एमटीयू) 1010 किस्म पर आधारित है और सूखे और लवण सहनशीलता को बढ़ाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि एमटीयू 1010 किसानों के बीच बहुत लोकप्रिय है, क्योंकि इसका दाना लम्बा-बारीक होता है, और दक्षिण भारत में रबी सीजन के चावल की खेती के लिए अत्यधिक उपयुक्त है। यह सूखे और लवणता सहित कई अजैविक तनावों के प्रति संवेदनशील है। पूसा डीएसटी चावल 1 लवणता और क्षारीयता युक्त मृदा में एमटीयू 1010 की तुलना में 20प्रतिशत अधिक उपज देती है। एसडीएन1 जीनोम-एडिटिंग के माध्यम से विकसित, यह शुष्क और लवणीय सहनशीलता (डीएसटी) जीन को लक्षित करता है।

# तेरह साल बाद भारत में फिर ब्लैक आऊट

## ब्लैक आउट युद्ध के समय की एक महत्वपूर्ण रणनीति

विवेक वैष्णव

विगत कुछ दिनों से ब्लैक आउट शब्द सबसे ज्यादा चर्चा में है तथा नेट पर भी सबसे ज्यादा सर्च किया जा रहा है। हर आम और खास इसे लेकर जिज्ञासु भी है। पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच जंग जैसे हालात हैं। इस बीच भारत सरकार द्वारा 7 मई को लगभग पूरे देश में मॉक ड्रिल के तहत ब्लैक आऊट की नीति अमल में लाई गई जिसका उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में कम से कम आघात सहना है। युद्ध क्षेत्रों में स्थित शहरों में अक्सर ब्लैक आउट नियम लागू होते थे जिसके तहत अंधेरे के बाद रोशनी करने पर रोक होती थी। इसका उद्देश्य शहर को दुश्मन के विमानों, खास तौर पर बम वर्षकों के लिए कम दिखाई देना था। दुनिया के कई देश पहले भी इस तरह की मॉक ड्रिल कर चुके हैं। जैसे 1952 में अमेरिका ने परमाणु हमले से बचाव के लिए डक एंड कवर अभियान चलाया था। ब्रिटेन और कनाडा में भी अतीत में बड़े स्तर पर युद्ध अभ्यास किए गए थे।



ब्लैक आउट खासकर युद्ध के समय एक ऐसी रणनीति है जिसमें कृत्रिम रोशनी को कम करके, दुश्मन को निशाना बनाने से रोकने के लिए रोशनी को कम किया जाता है। नागरिक सुरक्षा के लिए, ब्लैक आउट महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवासीय क्षेत्रों को छिपाने में मदद करता है जिससे हवाई हमलों की संभावना कम हो जाती है। ब्लैक आउट अभ्यास में, लोगों को लाइट बंद रखने, सड़कों पर चलने वाले वाहनों को नियंत्रित करने और आपातकालीन सेवाओं के लिए सहयोग करने के लिए कहा जाता है।

पाकिस्तान के साथ 1965 और 1971 के युद्ध दो उदाहरण हैं जब कई शहरों को पूर्ण ब्लैक आउट लागू करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। 1965 में जम्मू और कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के सीमा संवेदनशील क्षेत्रों में कई रातों तक ब्लैक आउट देखा गया था। 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय भी नागरिक सुरक्षा के लिए ऐसा अभ्यास किया गया था। इसके अलावा चीन के साथ युद्ध के वक्त भी 1962 में मॉक ड्रिल की गई थी। 1999 कारगिल युद्ध के दौरान भी देश में मॉक ड्रिल किया गया था।

द्वितीय विश्व युद्ध में पहला वास्तविक प्रभाव ब्लैक आउट था जो युद्ध की वास्तविक घोषणा से दो दिन पहले 1 सितंबर 1939 को शुरू किया गया था। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लोकप्रिय हुआ और आज भी अभ्यास के लिए प्रयोग किया जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध में 1939-1945 के दौरान ब्लैक आउट एक प्रमुख रणनीति थी। घरों, कारखानों और सड़कों से रोशनी कम करके, दुश्मन को निशाना बनाने से रोका गया था। 1940 के लंदन ब्लिट्ज के दौरान जर्मन लूफ्टवाफे ने ब्रिटिश शहरों पर रात में बमबारी की तो रोशनी को कम करके नेविगेशन और टारगेटिंग को जटिल किया गया था। 9 नवम्बर 1965 को संध्या के समय इतिहास की सबसे बड़ी विद्युत विफलता घटित हुई थी और पूरा न्यूयॉर्क राज्य, आस-पास के सात राज्यों के कुछ भाग तथा पूर्वी कनाडा के कुछ भाग अंधेरे में डूब गए। लगभग पूरा न्यूयॉर्क, कनेक्टिकट, मैसाचुसेट्स, रोड आइलैंड, उत्तरी पेनसिल्वेनिया और उत्तरपूर्वी न्यूजर्सी के छोटे हिस्से और कनाडा के ओंटारियो के बड़े इलाके प्रभावित हुए। उस समय बिजली कटौती 13 घंटे तक चली थी। अमेरिका में 2003 का उत्तर पूर्वी ब्लैक आउट एक बड़ा ब्लैक आउट हुआ था जिसमें कई राज्य और शहर प्रभावित हुए थे। भारत के इतिहास में सबसे बड़ा ब्लैक आउट 2012 में हुआ था जिसमें 22 राज्य प्रभावित हुए थे और 32 गीगावॉट की बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। 30 और 31 जुलाई 2012 को दो गंभीर बिजली कटौती ने उत्तरी और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्से को प्रभावित किया। आज भी बिजली की आपूर्ति में खराबी के कारण ब्लैक आउट होते रहते हैं। 30 जुलाई 2012 के ब्लैक आउट ने 400 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित किया और लगभग 13.5 घंटे तक चला।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
बेकार का तनाव और चिंताएँ ज़िंदगी का रस निचोड़कर आपको पूरी तरह चूस सकती हैं। भलाई इसी में है कि इन आदतों को छोड़ दें, आपकी परेशानियों में बढ़ोतरी ही होगी। शराब सिगरेट जैसी चीजों पर पैसा खर्च न करें।

**वृष**
नफ़रत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएँ, क्योंकि नफ़रत की आग बहुत ज़्यादा ताक़तवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है। याद रखें कि बुराई अच्छाई से ज़्यादा आकर्षक ज़रूर दिखाई देती है।

**मिथुन**
बच्चों के साथ आप सुकून पाएंगे। बच्चों की यह क्षमता क़ुदरती है और न केवल आपके परिवार के बच्चों में, बल्कि हर बच्चे में यह गुण होता है। किसी से उधार लिया है उन्हें आज किसी भी हालत में उधार चुकाना पड़ सकता है।

**कर्क**
बहुत ज़्यादा तनाव और चिंता करने की आदत सेहत को नुक़सान पहुँचा सकती है। माता या पिता की सेहत पर आपको आज बहुत धन खर्च करना पड़ सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी लेकिन साथ ही रिश्तों में मजबूती आएगी।

**सिंह**
ख़ुद को ज़्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ़ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफ़रत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी।

**कन्या**
सेहत से जुड़े कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने के लिए अच्छा दिन है। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक्त है।

**तुला**
आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफ़ी वक़्त देंगे। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं वो अपने धन को आज बहुत संभालकर रखें। धन चोरी होने की संभावना है।

**वृश्चिक**
दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर पूरा करने की व्यवस्था करें।

**धनु**
सामाजिक मेलजोल से ज़्यादा सेहत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। जिसकी वजह से आपका अच्छा खास धन खर्च हो सकता है।

**मकर**
आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे। आपकी आकर्षक छवि मनचाहा परिणाम देगी। प्रतिस्पर्धा के चलते काम-काज की अधिकता थकावट भरी हो सकती है।

**कुंभ**
अच्छी चीज़ों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग़ खुला रहेगा। जो उधारी के लिए आपके पास आएँ, उन्हें नज़रअन्दाज़ करना ही बेहतर रहेगा। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं।

**मीन**
आज के दिन किए गए दान-पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## सामूहिक विवाह सम्मेलन, प्रथम पूज्य को न्योता दे किया श्री गणेश




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सेवा भारती समिति सवाई माधोपुर द्वारा चौथ का बरवाड़ा में आयोजित किए जाने वाले श्री राम जानकी सर्वजातीय चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु रणथंभौर स्थित भगवान त्रिनेत्र गणेश जी को न्योता दिया गया।

सेवा भारती समिति सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. बृज बल्लभ शर्मा ने बताया कि चौथ का बरवाड़ा धर्मशाला ट्रस्ट में 5 जून 2025 गंगा दशमी को अयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी समाज के 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे।

विवाह सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है! इस अवसर पर विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ.आर. पी. गुप्ता, जिला प्रचारक दीपक, राम प्रसाद राजपूत, कुंज बिहारी शर्मा, सेवा भारती समिति के जिला मंत्री अजय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष शिवदयाल सिंघल, देवेन्द्र सैनी, राजेंद्र सिंघल, कमलेश कुमार मीना, विनोद पाराशर, शिवचरण बैरवा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला की हत्या के आरोप में पिता पुत्र गिरफ्तार

- मालपुरा पुलिस ने ब्लाईड हत्याकाण्ड का किया खुलासा
- पुलिस की टीम भावना की कार्ईशैली का परिणाम

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा वृत पुलिस क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के नयागांव जाटान के नजदीक एक खुली खान के पानी में तैरती में एक अज्ञात महिला की हत्या के आरोप में महिला के पति सहित दो पुत्रो को गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि 18 अप्रैल को नयागांव जाटान के पास पानी से भरी एक खुली खान में एक महिला की लाश तैरती दिखाई दी। पुलिस ने ग्रामीणो की मदद से महिला की लाश को बाहर निकाल कर शिनाख्त करवाने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस के काफी प्रयासो के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। लेकिन मृतक महिला के पेर कटे होने से पुलिस को शक था कि यह हत्या है।

### अधिकारियो के बयान

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम व वृताधिकारी आशिष प्रजापता व मामलू के जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि धन्नी हत्याकांड केस को पुलिस ने चुनोती के रूप में स्वीकार किया। क्योंकि धन्नी की हत्या के बाद किसी भी थाने में न तो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई और न ही हत्या की। लेकिन पुलिस ने इस मामले का खुलासा करने के लिए टीम भावना का परिवय दिया। पुलिस टीम भावना को सफलता भी मिली और काफी मशक्कत व कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने धन्नी हत्याकांड जैसे ब्लाइंड मर्डर केस के आरोपीयो को गिरफतार करने में सफल हो सकी।

**कार्रवाई विवरण :** मालपुरा क्षैत्र के लाम्बाहरिसिंह पुलिस थाना क्षेत्र के नयागांव जाटान के पास पानी से भरी खुली खान में तैरती मिली महिला की लाश की शिनाख्त नहीं होने के बाद व मृतक महिला के पेर कटे होने के चलते हत्या का मामला मान कर जांच शुरू की। साथ ही मृतक महिला के कपड़ो में मिले मोबाईल के आईएमईआई नम्बर प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। साथ ही मृतका के वारिशान का पता लगाने का भी प्रयास किया गया। जिसमें मृतका के वारिशान के संबंध में गजानन्द पुत्र जोशी निवासी स्याह हाल सांधोलिया थाना अराई होना जानकारी में आया। जिस पर पुलिस गजानन्द ने अपनी सोतेली पत्नी धन्नी बताया। साथ ही यह भी बताया कि पांच माह पूर्व धन्नी सुखलाल बावरी निवासी कांटोली के पास रहना बताया। पुलिस ने सुखलाल पर निगरानी रखी । अंत में पुलिस ने सुखलाल को हिरासत में लेकर पेरो की चांदी कड़िया दिखाकर पहचान कराने का प्रयास किया। सुखलाल पहले तो मना करता रहा लेकिन अंत में टूट गया और सारी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### वारदात का तरीका

थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि सुखलाल से गहन पूछताछ के बाद जो घटना निकल कर सामने आई उसके अनुसार सुखलाल व उसके दो पुत्र बद्रीलाल व राकेश धन्नी से छुटकारा पाना चाहते थे। जिसके चलते तीनो ने मिलकर धन्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। उसके पेरो में पहनी चांदी की कड़िया निकालने के लिए पेर काट लिए और लगभग बीस किलो वजनी पत्थर से दबाकर धन्नी के शव को खान में फेंक दिया। धन्नी की हत्या 12 अप्रैल को होने की जानकारी भी आरोपियो ने पुलिस को दी।

### गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने धन्नी हत्याकांड मामले में उसके पति सुखलाल पुत्र प्रताप बावरी निवासी बावरियो की ढांणी, बद्रीलाल पुत्र सुखलाल बावरी निवासी बावरियो की ढाणी कांटोली तथा राकेश पुत्र सुखलाल बावरी निवासी बावरियो की ढाणी कांटोली सहित एक पिता व उसके दो पुत्र सहित तीन जनो को गिरफ्तार किया है।

## विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी बच्चों को मिलेगी एनीमिया की नियमित खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 5 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम हेतु आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की नियमित खुराक प्रदान की जा रही है! यह खुराक उन्हें प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन कर दी जाती है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में हिमोग्लोबिन के स्तर में सुधार कर उनकी शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। अभियान के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को नियमित रूप से एनीमिया की खुराक दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के कारण बच्चों को आईएफए की खुराक निरंतर देने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए विद्यालय प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों तथा स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

सीएमएचओ ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान घरों में सेवन करने के लिए कक्षा 1 से 5वीं तक तथा कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को आईएफए की गुलाबी गोली एवं आईएफए नीली गोली का साप्ताहिक सेवन (अनुपूरण) सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला संगठन देवली ने एम सी एच मच मे गोल्ड मेडल प्राप्त डॉ. राघव का सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला संगठन देवली ने एम सी एच मच की परीक्षा में राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गोल्ड मेडलिस्ट डॉ राघव जिंदल का माला पहनकर स्वागत किया है। महिला संगठन की संरक्षिका कमलेश मुन्द्डा ने कहां कि, राघव की यह उपलब्धि जिंदल परिवार के लिए ही नहीं अपितु संपूर्ण वेश समाज और देवली वासियों के लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान की बात है कि डॉ राघव न्यूरोसर्जरी में गोल्डमेडल प्राप्त करने वाले, शहर के प्रथम चिकित्सक हैं।



इस सम्मान कार्यक्रम में डॉक्टर इंदु मंगल, रेखा जिंदल, कौशल्या जिंदल, शकुंतला जिंदल नीलम गुप्ता, बबीता गोयल, नीतू मंगल, मंजु तोतला, सुशीला गर्ग,ममता सिंघल इत्यादि उपस्थित रहे। महिला संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने डॉ राघव का मुंह मीठा करवाते हुए उन्हें इस सफलता पर शुभकामनाओं सहित बधाइयां भेंट की इस अवसर पर डॉ राघव ने कहा कि वह जरूरत के समय सभी क्षेत्र वासियों के लिये चिकित्सा सेवाओं पर हमेशा समर्पित रहेंगे।

## कच्ची बस्तियों व झुग्गी झोंपड़ियों के ड्रॉपआउट व अनामांकित बच्चों का हाउस होल्ड सर्वे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेशोत्सव अभियान के प्रथम चरण के तहत विद्यालयों में अनामांकित विद्यार्थियों के चिन्हीकरण हेतु शिक्षकों के माध्यम से हाउसहोल्ड सर्वे किया जा रहा है।

विद्यालयों द्वारा किए जा रहे हाउसहोल्ड सर्वे के प्रमाणीकरण एवं प्रगति की जांच हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा,एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना सहित शिक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बजरिया शहरी क्षेत्र इंदिरा कॉलोनी में बांस का कार्य करने वाले तथा गौतम कॉलोनी आकाशवाणी के पास स्थित ढोल बजाने कार्य करने वाली कच्ची बस्ती, झुग्गी-झोंपड़ियों में निवास करने वाले अनामांकित तथा विद्यालय छोड़ चुके (ड्रॉपआउट) बच्चों की पहचान हेतु विशेष हाउसहोल्ड सर्वे किया गया। इस सर्वे का उद्देश्य ऐसे वंचित एवं उपेक्षित बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है, जो किसी कारणवश विद्यालय में नामांकित नहीं हो पाए है या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस विशेष हाउस होल्ड सर्वे के तहत शिक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा विभिन्न कच्ची बस्तियों का दौरा किया गया और घर-घर जाकर बच्चों की जानकारी एकत्र की गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** बुधवार की रात को ललवाडी चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा मय जाब्ते घटनास्थल पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को निवाई उप जिला अस्पताल मे भर्ती करवाया। दोनों घायलों की जेब से कोई भी शिनाख्ती कागज नहीं मिलने पर पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुरुवार की सुबह एएसआई राजेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक में घायल की पहचान की। उपचार के दौरान एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक की शव को उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। गुरुवार की सुबह अहिंसा सर्किल पर चौहटी पर कार्य करने वाले कारीगर मजदूरों से उनके फोटो दिखाकर जानकारी जुटाई। मृतक की पहचान मनराज पुत्र जगदीश मीणा उम्र 30 वर्ष निवासी मंडालिया थाना बनेठा के रूप में हुई। वहीं घायल नेहनूलाल पुत्र लादूलाल बैरवा उम्र 25 वर्ष निवासी दोताना थाना पीपलू के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी।

## एमसीएचएन दिवस पर मीजल्स-रूबैला उन्मूलन के लिए किया टीकाकरण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर जिले में संचालित टीकाकरण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर मीजल्स-रूबेला के टीके लगाए गए।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत गुरुवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सत्रों का आयोजन कर टीकाकरण किया गया। वंचित बच्चों का टीकाकरण कर इसकी प्रविष्टियां यूविन पर दर्ज की गयी। एमआर 1 और एमआर 2 से टीकाकृत लाभार्थियों की सूचना यूविन पर दर्ज की जा रही है। इसकी सूचना राज्य स्तर से जारी गूगल शीट पर भी दर्ज की जा रही है।

जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। जिले के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। साथ ही टीकाकरण सत्रों की प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ बच्चों को टीकाकृत किया गया।

बरोनी थाना पुलिस की कार्रवाई

## अवैध बजरी से भरे एक ट्रेलर व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे एक ट्रेलर व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिह राठौड ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी एवं डीवाईएसपी अरविन्दकुमार के निर्देशन में संचालित अभियान के दौरान थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम के हैड कानि शंकरलाल, कानि शेरसिंह, कानि हनूमान व चालक अजयराज ने गस्त के दौरान गांव बोरखण्डी पुलिया के पास से अवैध बजरी परिवहन कर रहे एक ट्रेलर को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि द्वितीय टीम के पुलिस सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, कानि हेमराज, खियाराम व चालक रमेशचन्द ने गांव चिरोंज से अवैध बजरी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

## क्षेत्रीय विकास मंच, गंगापुर सिटी की महत्वपूर्ण बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में गंगापुर सिटी के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से गठित क्षेत्रीय विकास मंच, गंगापुर सिटी की महत्वपूर्ण बैठक 9 मई को सायं 6 बजे विजय लक्ष्मी ऑडिटोरियम नसिया कॉलोनी गंगापुर सिटी में आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय विकास मंच गंगापुर सिटी के संस्थापक डॉ हेमन्त शर्मा ने बताया कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र में एक सशक्त एवं सक्रिय गैर सरकारी संगठन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो स्थानीय समस्याओं तथा नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं के समाधान के लिए सरकार व प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर सके। इस दिशा में पहल करते हुए गंगापुर सिटी के प्रबुद्ध नागरिकों, जिन्होंने पूर्व में भी व्यक्तिगत स्तर पर स्थानीय मुद्दों को उठाकर सफलता प्राप्त की है, ने मिलकर क्षेत्रीय विकास मंच की स्थापना की है। यह मंच क्षेत्रीय समस्याओं को चिन्हित कर, संबंधित विभागों व सरकारों के समक्ष सामूहिक रूप से पत्र, ज्ञापन आदि के माध्यम से प्रस्तुत करेगा और उनके समाधान हेतु प्रयासरत रहेगा। मंच के सदस्य समय-समय पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर जनमत तैयार करेंगे।

## धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर के पोस्टर का किया विमोचन

**निवाई।** आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में नसियां जैन मंदिर पर दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई के तत्वावधान में दस दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महासमिति संभाग संरक्षक महावीरप्रसाद पराणा, अध्यक्ष हुकमचंद जैन, मंत्री विमल जौंला, सुनिल भाणजा, एडवोकेट रवि जैन महिला अध्यक्ष शशी सोगानी, मंत्री शकुंतला छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मेना जैन, प्रियंका पराणा, अंजना जैन, सलोनी जैन व मीनाक्षी भाणजा ने धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर के पोस्टर का विमोचन किया एवं महासमिति के पदाधिकारियों ने भगवान शांतिनाथजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं श्रीफल चढाकर शिविर की सफलता के लिए अनुनय विनय की। महासमिति ईकाई की प्रकोष्ठ मंत्री संजू जौंला ने बताया कि आगामी 18 से 27 मई तक बच्चों एवं वरिष्ठजनों के लिए धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

# दो विभागो की नूरानी कुश्ती से आम जन पेशोपेश में

### ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज व स्वायत शासन विभाग के मध्य का है मामला

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र की नगरपालिकाओ व ग्राम पंचायतो व पंचायत समितियो के पुनर्गठन को लेकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के मध्य चल रही नूरानी कुश्ती व आए दिन जारी होने वाले अलग अलग आदेशो से आम जन पेशोपेश दिखाई दे रहा है।

मामला इस प्रकार है कि राज्य सरकार ने विधानसभा में बजट सत्र कू दौरान सभी चुनाव एक साथ कराने को लेकर मशक्कत शुरू की थी। जिसमें प्रारम्भ में स्वायत शासन विभाग ने ग्राम पंचायतो को क्रमोन्नत कर नगरपालिकाओ का दर्जा देने, नगरपालिकाओ की सीमा विस्तार कर आसपास की ग्राम पंचायतो को पालिका क्षैत्रो में शामिल करने को लेकर अधिसूचनाऐं जारी की गई। इतना ही नहीं बल्कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से नगरपालिकाओ में शामिल की गई ग्राम पंचायतो को पंचायत राज विभाग द्वारा स्वायत शासन विभाग के अधीन सौंपे जाने को लेकर अधिसूचनाऐं जारी की गई। केवल अधिसूचनाऐं जारी नहीं हुई बल्कि स्वायत शासन विभाग ने सरकार की धोषणा के अनुसार क्षेत्र की डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह ग्राम पंचायतो को क्रमोन्नत कर नगरपालिकाओ का दर्जा दिया गया। साथ ही सीमा विस्तार कर आसपास की ग्राम पंचायतो को नई अथवा सीमा विस्तार के चलते कई ग्राम पंचायतो को शहरी क्षैत्र में शामिल कर लिया गया। नगरपालिकाओ का सीमा विस्तार के बाद वार्ड्रो का पुनर्गगठन कर नए सिरे से वार्डो का गठन कर सीमाकंन का प्रकाशन कर इन पर दावे आपत्तियां तक मांग ली गई। इधर स्वायत शासन विभाग ने नवगठित पालिकाओ में अधिकारी सहित कर्मचारी लगा कर कार्य शुरू कर दिए तथा ग्राम पंचायतो से नगरपालिकाओ में शहरी क्षैत्र की तरह कामकाज भी शुरू हो गया।

लोगो के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनने और अन्य जरूरी कामकाज भी नगरपालिका स्तर पर ही होने लगे। नई नगरपालिकाऐं पूरी तरह अस्तित्व में आ गई। वहीं नगरपालिकाओं के वार्डो का सीमाकंन कर प्रस्ताव बना जर जारी कर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण तक कर दिया गया। कमोबेश यही कार्रवाई ग्राम पंचायत स्तर पर भी पूर्ण कर ली गई। इसी बीच ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से 5 मई को एक आदेश जारी कर नगरीय विकास विभाग, स्वायत शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचनाओं को निरस्त कर दिया गया।

विभाग के इस निरस्तीकरण आदेश के बाद आम जन पेशोपेश में आ गए। आखिर सोचने को मजबूर है कि उनका क्षैत्र नगरपालिका में है अथवा ग्राम पंचायत में है। साथ ही पंचायती राज विभाग की ओर से 5 मई को जारी आदेश चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ स्वायत शासन विभाग समय समय पर अधिसूचनाऐं जारी कर ग्राम पंचायतो को नगरीय निकायो में शामिल करता है। साथ ही पंचायत राज विभाग भी नगरीय क्षेत्रो में शामिल ग्राम पंचायतो का आधिपत्य नगरीय निकाय विभाग को हस्तान्तरित करता है। लेकिन अंत में पंचायती राज विभाग ने इन सभी अधिसूचनाओं को निरस्त करने का आदेश जारी कर पिछले पांच छ महीने से नगरीय निकायो के सीमा विस्तार, वार्डो के सीमाकंन प्रक्रिया पर पानी फेरता नजर आ रहा है। इस तरह कुल मिलाकर स्वायत शासन विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के मध्य सीमा विस्तार, सीमाकंन को लेकर जारी अधिसूचनाओं को लेकर चल रही नूरानी कुश्ती से आम जन पेशोपेश में होने के साथ साथ आम जन में असमजंस की स्थिति भी बनी हुई है।




## अहिंसा सर्किल पर युवाओं ने जमकर लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

**निवाई।** सरकार द्वारा जारी निर्देशों के की पालना में बुधवार की रात 8:45 से 9 बजे तक शहर में ब्लैक आउट रहा। पुलिस प्रशासन की गाडियों से 8:45 पर सायरन बजाने के साथ ही लोगों ने अपने घरों व दुकानों की लाइटे बंद कर दी और देशभक्ति का परिचय दिया। इसके अलावा सरकार की गाईड लाईन के अनुसार विद्युत सप्लाई बंद करने से पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। ब्लैकआउट होने के साथ ही शहर के अहिंसा सर्किल पर सैकड़ों युवाओं की भीड़ जमा हो गई और पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। ब्लैकआउट के दौरान दुपहिया व चार पहिया वाहनों सहित अन्य वाहनों को रोककर हैड लाइटे बंद करवाई। शहर में स्थित राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, जमात, पशु चिकित्सालय, पंचायत समिति, नगरपालिका कार्यालय, 80 फीट रोड, इन्द्रिरा कॉलोनी, तहसील कार्यालय, उपखंड कार्यालय, कृषि उपज मंडी, झिलाय रोड, बडा बाजार, चौहट्टी बाजार, जमात, सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट, गणगौरी बाजार, पटेल रोड, टोंक रोड, अहिंसा सर्किल सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर ब्लैक आउट रहा।

## मोटरसाईकिल चोरी करने वाले शातिर श्याम सिंह को किया गिरफ्तार

### मुल्जिम के घर घटाल से चोरी की गयी मोटरसाईकिल को भी किया बरामद

### मुल्जिम श्याम सिंह पूर्व में भी दे चुका हैं चोरी की वारदातो को अंजाम

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** दिनांक 08.05.2025 को जरियें मुखबीर खास से मन थानाधिकारी को सूचना मिली की दिनांक 09.04.2025 को राजस्थान पवित्र भोजनालय में हुई चोरी की वारदात का मुल्जिम उप-कारागृह किशनगढ़बास में बन्द उक्त सुचना को हैड़ कानि0 सुरेन्द्र को अगवत कराया गया एवं उप काराग्रह किशनगढ़बास से मुल्जिम श्यामसिंह का रिकार्ड प्राप्त किया जाकर तुरन्त न्यायालय से मुल्जिम श्याम सिंह का प्रोडक्सन वारण्ट जारी करवाया जाकर मुल्जिम श्याम सिंह पुत्र श्री बन्तासिंह उम्र 27 साल निवासी घटाल थाना फुलबाग जिला भिवाड़ी को उप काराग्रह किशनगढ़बास से प्रोडक्सन वारण्ट से प्राप्त किया जाकर हाजिर थाना आयें एवं मुल्जिम श्याम सिंह से थाना हाजा पर गहनता एवं मनोवेज्ञानिक तरीके से पुछताछ की गई तो मुल्जिम ने चोरी का वारदात का जुर्म स्वीकार किया व चोरी की गई मोटरसाईकिल रजि नं0 आरजे 02- बीडब्लू 6650 अपने घर घटाल से बरामद कराया।

## विधिक शिविर में विद्यार्थियों को दी क़ानूनी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एडीजे गोपाल सैनी के आदेश पर नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नसवारी एवं चिड़वाई गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिवरों में पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि नालसा नशा पीडितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 में दिए गए प्रावधानों पर क्षेत्र के ऐसे बालकों की पहचान कर उनको नशा मुक्ति केन्द्र या पुनर्वास केन्द्र जैसी भी स्थिति होए उसमें दाखिला करने हेतु प्रबंध कि सुविधा कि जानकारी दी। आमजन व बालकों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में, नशा मुक्ति्त केन्द्र में आधारभूत सुविधाओं, पर्याप्त स्टॉफआदि कि जानकारी दी। नालसा बच्चों के लिए बाल मैत्रीपूर्ण सेवाएं योजना-2024,बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार, विवाह के लिए वधू की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। बाल विवाह को अपराध माना जाता है और इसके लिए दोषी पाए जाने पर सजा का प्रावधान है उपयोगिता सेवा संबंधी विवाद के लिए स्थाई लोक अदालतए मासिक लोक अदालतए राष्ट्रीय लोक अदालतए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, हेल्पलाइन पोर्टल आदि विषयों पर जागरूक किया गया। अपराधों की रोकथाम के बारे में बताया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के परिप्रेक्ष्य में ठोस अपशिष्ट पदार्थों का वेस्ट को रिसेल और रिसाईकल करने हेतु विधिक जागरूकता प्रदान की।

## हाइड्रोलिक क्रेन के माध्यम से 10 मंजिल से लोगों को किया रेस्क्यू

# ऑपरेशन अभ्यास के तहत आशियाना आंगन में हवाई हमले पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का हुआ सफल आयोजन

### घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, आपात स्थिति में राहत, बचाव व सुरक्षा व्यवस्था के उपायों को परखा गया

### जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने विभागों का त्वरित प्रदर्शन परखा, आवश्यक निर्देश दिए



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** आशियाना आंगन भिवाड़ी में मंगलवार को सिविल डिफेंस के तहत आपातकालीन मॉक ड्रिल का अभ्यास शाम 4 बजे किया गया। मॉकड्रिल के तहत सोसाइटी पर हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, सिविल डिफेंस, चिकित्सा, अग्निशमन व अन्य संबंधित विभागों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। प्रशासन व पुलिस द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच की गई।

### मॉक ड्रिल में परखी व्यवस्थाएं

सायरन की आवाज एवं कंट्रोल रूम में सूचना मिलने के साथ ही पुलिस, प्रशासन की गाड़ियां, एम्बूलेंस व फायर ब्रिगेड घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। सायरनों की आवाज सुनकर हर कोई बचाव की मुद्रा में आ गया एवं हवाई हमले के बाद घायलों एवं प्रभावितों को बचाने के लिए जिला प्रशासन के सभी संबंधित विभाग सक्रिय हो गये।

यह मॉकड्रिल प्लांट में दुश्मन देश के हवाई हमले की स्थिति में मौके पर राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने और अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से की गई। हवाई हमले के साथ मॉक ड्रिल की शुरुआत हुई, जिसके तत्काल बाद सायरन बजने लगे, जिला पुलिस कंट्रोल रूम को हवाई हमले की सूचना दी गई। पुलिस, चिकित्सा, सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। तत्काल प्रभाव से एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मॉक ड्रिल में घायल हुए लोगों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।

तत्पश्चात जिला कलक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया एवं आपातकालीन में लाए गए करीब घायलों की स्थिति अनुरूप व्यवस्थाओं देखा तथा लोगों से मुलाकात कर ऐसी स्थिति में धैर्य से काम लेने को कहा। मॉक ड्रिल के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र, डीएसपी कैलाश चौधरी सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली कमान

हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला कलक्टर किशोर कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने मौके पर पहुँचकर बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लेकर टीम की सक्रियता को परखा। पुलिस टीम ने मोर्चा संभालकर परिस्थिति को नियंत्रण में लिया। डिप्टी एसपी कैलाश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता द्वारा आसपास जमा भीड को हटाते हुये संभावित हमले से बचाव के लिये एसओपी की पालना के निर्देश दिये गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र, आयुक्त नगर परिषद ने बचाव राहत कार्यों की टीम के साथ समन्वय का कार्य किया।

## 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' खाद्य पदार्थों के 302 नमूने जांच हेतु लिए गए

**अलवर ( का.स. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिले में मिलावटीखोरी पर लगाम लगाने हेतु चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत 1 मई से 8 मई तक खाद्य पदार्थों के 302 नमूने जांच हेतु लिए गए जिनमें से 39 नमूने अवमानक स्तर के पाये गए। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में अशोका टाकीज के सामने स्थित मैसर्स संतोष कुमार गुप्ता, यूआईटी के सामने स्थित मैसर्स राजस्थानी पवित्रा भोजनालय, भगतसिंह सर्किल स्थित मैसर्स बाबा दा ढाबा, मैसर्स जयदुर्गा पवित्रा भोजनालय व मैसर्स न्यू हिंदुस्तानी पवित्रा भोजनालय, मुगस्का स्थित मैसर्स अल्कारिम रेस्टोरेंट, 200 फीट रोड स्थित राज पवित्रा भोजनालय, समीन टावर स्थित मैसर्स बूराक रेस्टोरेंट एण्ड कैफे, 60 फीट रोड मैसर्स जैन स्वीट्स होम, मैसर्स जायका दिल्ली-9 फैमिली रेस्टोरेंट, जुबली बास स्कीम नं. 2 स्थित मैसर्स साउथ स्ट्रीट, मैसर्स चोपशॉप, लाजपत नगर स्थित मैसर्स श्री श्याम फास्ट फूड, राठी मार्केट एमआईए स्थित मैसर्स छोटे लाल मिष्ठान भंडार, जेल सर्किल स्थित मैसर्स कपूर मिष्ठान भंडार तथा दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस-वे पिनान राजगढ स्थित मैसर्स सावोर सागा वेंचर व मैसर्स बांसुरी वाला, पिनान स्थित मैसर्स रामप्रसाद एण्ड कम्पनी एवं रामगढ में मैसर्स इरफान डेयरी में पनीर के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाया गया। ढिगावडा स्थित मैसर्स श्री माताजी जोधपुर मिष्ठान भंडार, बख्तल की चौकी स्थित मैसर्स प्रजापति मिष्ठान भंडार, एमआईए स्थित मैसर्स श्री रामदेव जोधपुर मिष्ठान भंडार व मैसर्स पूरण मिष्ठान भंडार, प्रतापगढ चौराहा थानागाजी में मैसर्स श्रीकरनी जोधपुर मिष्ठान भंडार एवं शीतल में मैसर्स शिव भोले मिष्ठान भंडार में कलाकंद के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाए गए। इसी प्रकार अलवर शहर के रेलवे स्टेशन स्थित मैसर्स महादेव ढाबा से आयोडीन युक्त नमक, बख्तल की चौकी स्थित मैसर्स चौहान इंटरप्राइजेज से खुले सरसो के तेल, मैसर्स अमित रसगुल्ला भंडार से रसगुल्ला व मैसर्स नवीन किराना एण्ड जनरल स्टोर से वरिया ब्रांड घी, केसरोली मोड स्थित मैसर्स अरजू जनरल स्टोर से रेड चिल्ली पाउडर, एमआईए स्थित मैसर्स गुप्ता मिष्ठान भंडार से खुले दही, मन्नाका रोड स्थित मैसर्स साबूर डेयरी से क्रीम (एमएफ), फौजी कॉलोनी स्थित मैसर्स मुस्कान डेयरी से घी, मैसर्स बाबा भर्तृहरि मेघा मार्ट से कृष्णा ब्रांड का तिल ऑयल, अम्बेडकर नगर स्थित मैसर्स क्वालिटी बाजार से रेड चिल्ली पाउडर, आर्य नगर स्थित मैसर्स दिनेश एण्ड कम्पनी से घी (मिल्क फूड), 60 फीट रोड स्थित मैसर्स पंकज स्वीट्स से खोया एवं वीर चौक तांगा स्टेण्ड स्थित मैसर्स श्री जय हाउस से दही के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त खाद्य पदार्थों जो जांच रिपोर्ट में असुरक्षित एवं अवमानक पाए गए हैं उनकी फर्म/व्यक्ति के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है।

## दिशा गोड ने बॉक्सिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को दिलाया सम्मान'

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि दिल्ली में 30 अप्रैल से 5 मई 2025 तक आयोजित 68 वें राष्ट्रीय बालिका स्कूल गेम्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अलवर की होनहार खिलाड़ी दिशा गोड ने बॉक्सिंग में अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक जीतकर जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने बॉक्सिंग में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते यह उपलब्धि हासिल की। संघ के सचिव दिनेश भार्गव ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। दिशा ने अपनी कड़ी मेहनत से यह साबित किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी यह जीत कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के विकास शर्मा, भूपेंद्र सिंह राठौड़, दीपक गर्ग, महावीर सिंह राजोरिया, राकेश शर्मा, संजय शुक्ला, साधना शर्मा, मनीष सैनी, विनीत जुनेजा, बॉक्सिंग कोच संजीव शर्मा, अजीत यादव, गिरीश शर्मा, हुकुम सैनी, सुनील सैनी, दीपक प्रजापत और सभी खेल प्रेमियों ने खुशी जताई और शुभकामनाएं दी।

## अलवर में सड़क निर्माण की खामियों पर स्थानीय लोगों का विरोध

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** भवानी तोप से शांति कुंज जाने वाली सडक के निर्माण में खामियों को लेकर स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध जताया है। शांति कुंज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने बताया कि एफसीआई गोदाम के सामने इस सडक के किनारे लगभग 2 फीट ऊंचा छोड़ दिया गया हैए जबकि सुरक्षा के लिए ढाल बनाया जाना चाहिए था। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। सडक के एक ओर स्थित मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले वृद्धजनों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस मार्ग पर सीमेंट कंक्रीट की सडक थी, जिसके ऊपर डामर की सडक बना दी गई। इसके अलावाए सडक के एक ओर सीवर के ढक्कन सडक से ऊंचे हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां सडक के दोनों तरफ अभी तक मलबा डला है व झाडिया उगी हे। यहां इस सडक के किनारे रोडिया पड़ी हुई है जिससे दुर्घटनाएं हो रह है। आप आपके अखबार के माध्यम से प्रशासन का ध्यान इन कमियों पर इंगित करिये व लोगो की मांग है कि जल्द से जल्द इन कमियों को दूर किया जाए और जिस किनारे पर से यह सडक ऊँची छोड दी गयी है वही पर पूर्व में भी कई दुर्घटनाए हुई है। जानकारी विवेक खंडेलवाल अध्यक्ष शांति कुंज वेलफेयर समिति ने दी।

## राज्यपाल हरिभाई बागडे 13 मई को अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाई बागडे 13 मई को अलवर के दौरे पर रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कार्यक्रमानुसार राज्यपाल श्री बागडे प्रात: 10:30 बजे हल्दीना स्थित मत्स्य भर्तृहरि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके पश्चात दोहपर 12:45 बजे मिनी



सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे।

## भाई ने किया नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शहर मे जुबली बास, स्कीम नंबर 2,यूनियन बैंक के पास, अलवर निवासी श्री फूलचंद महावर पुत्र स्व. गजानंद महावर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया कि श्री फूलचंद महावर के निधन के बाद उनके भाई कमल कुमार महावर ने अपने भाई के नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफहॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टर की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। कमल कुमार महावर ने अपने भाई की अंतिम इच्छा अनुसार उनके ष्नेत्रदानष् कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## मोहिनी एकादशी पर राहगीरों को पिलाया शरबत का प्रसाद




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** श्री श्याम नवयुवक मण्डल की ओर से विवेकानंद चौक पर निरन्तर शीतल जल सेवा जारी है वही मण्डल अध्यक्ष बॉबी नरुला ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जहां आमजन को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है वही श्री श्याम नवयुवक मण्डल के सदस्यों द्वारा विवेकानंद चौक पर निरन्तर नि:शुल्क जल सेवा की जा रही है। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को समाजसेवी सदस्यों/आमजन के सहयोग से राहगीरों को शर्बत/ठंडाई का प्रसाद वितरित किया जाता है जो भी दानदाता इस पुण्य के भागी बनना चाहते हैं वो मण्डल के अध्यक्ष बॉबी नरुला जी से सम्पर्क कर सकते है वही गुरुवार को वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी पर मण्डल द्वारा राहगीरों को शर्बत का प्रसाद वितरित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्याम की आरती कर व भोग लगाकर की गई। इस दौरान आमजन ने बाबा श्याम का प्रसाद ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की वही मंडल द्वारा निरन्तर जारी शीतल जल सेवा में मण्डल के सदस्यों, समाजसेवी सदस्यों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अमर शहीद राकेश कुमार मीना की 15 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड क्षेत्र के दुब्बी निवासी शहीद राकेश मीना 8 मई 2010 को बीजापुर छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले में शहीद हो गए थे सर्व समाज हैल्प टीम संयोजक प्रकाश भाबला दुब्बी एवं शहीद के भाई हरदीप मीना ने बताया की अमर शहीद राकेश कुमार मीना की 15 वी पुण्यतिथि मनाई गई है। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल समूह अजमेर प्रथम के डीआईजीपी संजय यादव के निर्देश में सब इंस्पेक्टर गजराज सिंह ने सीआरपीएफ प्रथम समूह अजमेर के बैनर तले एवं पुलिस थाना राजगढ़ से एएसआई रायचरण मीना व ग्रामवासियों ने शहीद स्मारक दुब्बी पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सब इंस्पेक्टर विरेंद्र सिंह कहा कि शहीद अपने माता-पिता का तो बेटा होता ही है उसके बाद पूरे देश का बेटा होता जिस शहीद ने अपने घर परिवार को छोड़कर अपने देश के लिए प्राण न्योछावर कर दिए उसकी सैदावत को पूरा देश नमन करता समय समय पर उनको याद किया जाता है। उनको और उनके परिवार को सम्मान दिया जाता है सीआरपीएफ परिवार शहीद के समान में एवं शहीद के परिवार के हर सुख-दुख में हमेशा आते जाते रहेंगे एवं शहीद के परिवार के साथ हमेशा खडे रहेंगे आज सीआरपीएफ के बैनर तले शहीद स्मारक पर शहीद की छायाप्रति पर व शहीद की प्रतिमा पर सब इंस्पेक्टर गजराज सिह ने व राजस्थान पुलिस के एएसआई रायचरण मीना ने दीप प्रज्वलित करके सेल्यूट देकर पुष्प माला चढ़ाकर शहीद के चरणों में पुष्प माला का हार चढ़ाकर शहीद को श्रद्धांजलि दी इनके बाद विरांगना रमेशी देवी, सवित्रा यादव प्रिंसिपल राव एजुकेशन एकेडमी ने व दुब्बी सरपंच प्रतिनिधि विनोद मीना व ग्रामवासियों ने शहीद के परिवार रिस्तेदारो ने शहीद की चारों बेटीयों ने भी पुष्प माला चढ़ाकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंडित हरिप्रसाद शर्मा से हवन पूजन भी कराया गया इस अवसर सीआरपीएफ प्रथम समूह अजमेर के सब इंस्पेक्टर गजराज सिंह, रामचरण मीना एएसआई , सवित्रा यादव प्रिंसिपल , रामप्रसाद पंच, बोदन पटेल, विनोद मीना सरपंच प्रतिनिधि दुब्बी, कैलाश पटेल, किशोर, राजेन्द्र मास्टर, मोहनलाल, लील्या , धनपाल प्रकाश भाबला हरदीप विश्राम सैन सीताराम दयाराम फोजी धारासिंह फोजी, रामचरण मोहरपाल तारेश रामचरण भगत हजारी ओमी सुरेश नारायण सुल्लीमीना छोटेलाल आर्यन अक्षम लोचन हार्दिक व शहीद की बेटियां माता चाचा-चाची सहित पूरा परिवार व बालिका विद्यालय स्टाफ राजगढ़ पुलिस थाना के जवान क्षेत्रीय सामाजिक कार्य करने वाली टीमों के सदस्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# फूले दम्पति के सपने होने लगे साकार: सैनी

## बांसी में भव्य रूप में सम्पन्न हुआ माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर सैनी)।** सामूहिक विवाह सम्मेलन आज की जरूरत है। ऐसे आयोजन से समाज के सभी लोग एक मंच पर मौजूद होने से अमीर गरीब का अंतर मिट जाता है। बुधवार रात्रि को बांसी में माली-सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए पूर्व कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने यह बात कही। उन्होने कहा कि फूले दम्पति का सपना था कि पिछड़े एंव दलित समाज को भी शिक्षा का अधिकार मिले। वर्तमान में माली समाज में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे है। अपने बेटे के साथ बेटियो को भी पढ़ाने में रूचि ले रहे है। उन्होने समाज को एकजूट रहने का संदेश दिया गया।

**35 जोड़े बने हमसफर :** बुधवार रात्रि को बांसी कस्बे के शिव धाम माली छात्रावास में 35 जोड़े माली-सैनी समाज के हजारो लोगो की साक्षी में हमसफर बने। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व कृषि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी ने शिरकत की। उन्होने विवाह बंधन में बंधे नव विवाहित जोड़ों को एक-एक पेड़ देखकर पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रुण हत्या रोकने व दहेज नहीं लेने की शपथ दिलाई। इसके बाद विशाल स्टेज पर वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दूल्हन एंव दुल्हे ने एक दूसरे को वरमाला डाली गई। ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई। अतिशबाजी से पूरा पाडांल



रोशन हो उठा। आतिशबाजी ,स्टेज कार्यक्रम, ड्रोन,एलईडी स्क्रीन लगाकर, फोटो सेशन कराकर सम्मेलन का आयोजित कार्यक्रम का नजारा घर में होने वाली जैसी शादी जैसा रहा।

नये अंदाज में आयोजित हुआ सामूहिक सम्मेलन-सम्मेलन में आने वाले जोड़ों के लिए अलग-अलग टेंट के कमरे बनाए गए। पूरे परिसर में धूल मिट्टी नहीं उड़े इसके लिए मेटी और कालीन बिछाकर कवर किया। फैरों के लिए विशाल पंडाल बनाया गया। वरमाला कार्यक्रम के लिए विशाल स्टेज बनाया गया विशेष लाइटिंग द्वारा स्टेज को आकर्षक बनाकर आधुनिक लुक दिया। सम्मेलन स्थल पर स्थित शिव भगवान के मंदिर पर विशेष लाइट लगवाई गई। कार्यक्रम स्थल पर पूछताछ कार्यालय, कार्यालय, चिकित्सा प्रकोष्ठ, हेल्पलाइन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई। कार्यक्रम स्थल पर फूल बरसाने के लिए ड्रोन मंगवाए गए बड़ी-बड़ी एलइडी स्क्रीन लगवाई गई जिस पर सारा कार्यक्रम लाइव दिखाया। शाम को जोड़ो के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। उसके बाद पहरावनी का प्रोग्राम शुरू हुआ। दूल्हा-दुल्हन सजधज कर स्टेज के लिए तैयार हुए स्टेज पर पहुंचे। विशाल स्टेज पर दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को माला पहनाई विशेष संगीत पर दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे का हाथ थाम कर डांस किया विशाल। पंडाल में मौजूद अतिथियों एवं समाज बंधुओ ने उनका स्वागत किया।

### ये रहे सामूहिक सम्मेलन में अतिथिगण

सामूहिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रभु लाल सैनी पूर्व मंत्री ,अध्यक्षता बांसी सरपंच सत्य प्रकाश शर्मा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीताराम सैनी माली समाज जिला अध्यक्ष, ओम प्रकाश जैन पूर्व सरपंच, जगदीश प्रसाद सैनी अध्यक्ष जिला सैनी कर्मचारी अधिकारी संगठन, सत्यनारायण सैनी जिला महामंत्री, मुकेश कोटवाल सरपंच सथूर, बाबूलाल सैनी पूर्व सरपंच गोठड़ा, बुद्धि प्रकाश सैनी अध्यापक ब्लॉक अध्यक्ष हिंडोली कर्मचारी अधिकारी संगठन, देवी शंकर सैनी ब्लॉक अध्यक्ष नैनवां विकास समिति, राजाराम सैनी ठेकेदार नैनवां सम्मेलन अध्यक्ष, मोनू सैनी, ताराचंद सैनी समाजसेवी, तुलसीराम सैनी पत्रकार, कैलाश सैनी धोवड़ा, पप्पूलाल सैनी, रामचरण सैनी दबलाना पूर्व सरपंच, डां भवानी लाल सैनी, रामलाल सैनी सरपंच रामगंज बालाजी, रामेश्वर सैनी हिंडोली पूर्व सरपंच, महेंद्र गहलोत समाज सेवक हिंडोली, रामदेव सैनी पूर्व सरपंच रानीपुर, हेमंत सुमन कोटा, मंचसंचालन जगदीश प्रसाद सैनी व पवन कुमार सैनी ने किया। सम्मेलन समिति ने किया अतिथि सत्यकार- सम्मेलन अध्यक्ष भोलाशंकर सैनी ने बताया कि डां प्रभु लाल सैनी पूर्व कैबिनेट मंत्री और सीताराम सैनी जिला अध्यक्ष, अतिथियों ने दिया नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया गया।



## अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर कोटा ब्लड बैंक सोसायटी में जागरूकता और सेवा का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर कोटा ब्लड बैंक सोसायटी परिसर में थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी एवं इनरव्हील क्लब कोटा के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव राजकुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया की रोकथाम, उपचार और इससे जुड़े सामाजिक सरोकारों को जनमानस तक पहुँचाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मकुमारी ज्योति दीदी के गहन ध्यान सत्र (मेडिटेशन) से हुआ, जिसने उपस्थितजनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

### स्वास्थ्य सेवा और आश्वासनों से भरा कार्यक्रम

थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि इनरव्हील क्लब कोटा की ओर से थैलेसीमिया से पीड़ित 21 बच्चों का निःशुल्क सिरम फेरिटिन परीक्षण किया गया, जो शरीर में आयरन की मात्रा को जानने के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि एचबीए2 जांच ही थैलेसीमिया की समय रहते पहचान और रोकथाम का एकमात्र सटीक उपाय है। भारतीय जनता पार्टी कोटा के अध्यक्ष राकेश जैन ने उपस्थित होकर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार शीघ्र ही थैलेसीमिया रोगियों के लिए उच्च स्तरीय आयरन चिलेशन दवाएं उपलब्ध कराएगी, जिससे इन बच्चों को दीर्घकालिक राहत मिल सके।

### दोहरी स्वास्थ्य पहल

कोटा ब्लड बैंक सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा और सचिव राजकुमार जैन ने जानकारी दी कि इनरव्हील क्लब कोटा वर्ष में दो बार सभी थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों का सिरम फेरिटिन परीक्षण और उनके माता-पिता का एचबीए2 टेस्ट पूरी तरह निःशुल्क करेगा। यह पहल थैलेसीमिया की अगली पीढ़ी तक रोकथाम में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इनरव्हील क्लब की प्रांतीय अध्यक्ष स्वाति गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष चारू जैन ने कहा कि थैलेसीमिया से लड़ाई सिर्फ चिकित्सा तक सीमित नहीं, यह समाज की सामूहिक ज़िम्मेदारी है।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर कोटा में संगोष्ठी का आयोजन, रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा-कोटा द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर संस्था की प्रेरणा स्त्रोत एवं प्रदेश चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला की अगुवाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हेनरी डुनेंट पुष्पांजली अर्पित करने के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा, कि 'रेड क्रॉस संस्था न केवल आपदाओं में बल्कि आम दिनों में भी मानव सेवा के लिए सतत कार्यरत है। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जो अनगिनत ज़िंदगियाँ बचा सकता है। यह संस्था जरूरतमंदों की सेवा में हमेशा अग्रणी रही है।' कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव जगदीश जिंदल ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, रेड क्रॉस दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह मानवता की सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस संस्था के कार्यकर्ता बिना किसी लालच के, निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में समर्पित हैं।

कोषाध्यक्ष लक्ष्मण नैनानी ने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हेनरी डुनेंट की जयंती के रूप में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को सम्पूर्ण विश्व में आयोजित किया जाता है। हेनरी डुनेंट ने ही 1863 में इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस की स्थापना की थी। बाद में 1920 में इसी की एक संस्था भारत में बनी, जिसका नाम 'इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी' रखा गया। इस अवसर पर सचिव रिछपाल पारीक एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मण नैनानी ने सभी रक्तदाताओं और उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया। साथ ही निदेशक अशोक मीना और अनीस राईन ने रेड क्रॉस संस्था के सामाजिक कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। आयोजन के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

## फिल्मी स्टाइल से पलटी कार पिता पुत्र गम्भीर घायल

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/सरवाड़।** अजमेर जिले के सरवाड़ उपखंड में फिल्मी स्टाइल से मारूति ईको पलट जाने पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि बीती रात पिता रामाअवतार खारोल निवासी रामसर ओर उसका पुत्र भगवानपुरा शादी समारोह के कार्यक्रम से रामसर लौट रहे थे। उसी दौरान फतेहगढ़ धानमा के मध्य पेट्रोल पंप के निकट स्टेयरिंग फेल हो जाने से मारूति ईको अनियंत्रण होकर फिल्मी स्टाइल से तीन चार गुलाठी खाते हुए पुलिया के नीचे दस फिट गड्ढे में गिर गयी। दुर्घटना के धमाके की आवाज



सुनकर सिंटू धूपड़ घटना स्थल की ओर दौड़ा जहा चीख पुकार मच रही थी।

पहले उसने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस के आने की प्रतीक्षा नही करते हुए अपनी कार में बिठाकर दोनो घायलो सरवाड़ अस्पताल पहुचाया। जिनका प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें केकड़ी रेफर कर दिया और जहा से से फिर अजमेर रेफर कर दिया गया। जहां घायलों का उपचार जारी है।

## दिनदहाड़े दुकान पर बैठे युवक की हत्या के आरोपी यूपी से धरे

### हरिओम पर चलाई गईं थी 9 गोलियां, पोस्टमार्टम में बरामद हुई 4 गोलियां

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा के महावीर नगर क्षेत्र के पॉश इलाके में दिनदहाड़े कैफे पर बैठे युवक की हत्या करने की वारदात का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। घटना का खुलासा करते हुए कोटा पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि, आरोपियों को साइबर कैफे संचालक हरिओम के परिवार से पुरानी रंजीत चल रही थी



झालावाड़ जिले मैं इनके खिलाफ पहले भी रिपोर्ट दर्ज करवाई हुई थी किसी का बदला लेने के लिए उन्होंने प्लान के तहत इस हत्याकांड को अंजाम दिया है घटना वाले दिन हमने तत्काल एक्सपर्ट डॉग स्क्वायड एफएसएल टीम को भेज कर तथ्य जुटाए और आरोपियों के संभावित ठिकाने पर दबिश देते हुए शंकर वैष्णव और नरेंद्र सैनी गुट्या को गिरफ्तार किया है।

## दिव्यांगजन सुविधाओं के लिए आवश्यक होगा यू.डी.आईडी. कार्ड

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित समस्त योजनाओं जैसे पेंषन, ऋण, कृत्रिम या सहायक उपकरण एवं अन्य आदि महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए भारत सरकार द्वारा जारी यू.डी.आईडी.कार्ड आवष्यक होगा। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि दिव्यांगजनों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं कल्याणाकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए चिकित्साधारी द्वारा 40 प्रतिषत से अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र की आवष्यकता होती है। यू.डी.आईडी.कार्ड कार्ड के लिए दिव्यांगजनों को भारत सरकार द्वारा संचालित स्वावलम्बन पोर्टल पर ई-मित्र कियोस्क या स्वयं के द्वारा आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र में दिव्यांगता प्रमाणीकरण या परीक्षण करवाना आवष्यक होगा, जिसके लिए दिव्यांगजन आवेदन का प्रिन्ट निकालवा कर जिले में आवेदन में चिन्हित महाराव भीमसिंह राजकीय अस्पताल, में प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को प्रात: 9 से 1 बजे तक आर.आर.सी. के कमरा 121 में अपनी दिव्यांगता का प्रमाणीकरण करवाने के बाद दिव्यांगजनों को प्रमाणीकरण या परीक्षण को भारत सरकार द्वारा संचालित स्वावलम्बन पोर्टल पर ई-मित्र कियोस्क या स्वयं के द्वारा अपलोड करवाना होगा। इसके बाद ही यू.डी.आईडी.कार्ड कार्ड जारी हो जाएगा। जिसका प्रिन्ट निकलावर उसे जनाधार कार्ड में ई-मित्र कियोस्क के द्वारा जुड़वाना होगा।

इस सम्बध में अधिक जानकारी जिला कार्यालय, संयुक्त निदेषक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कोटा, अम्बेडकर भवन, पुलिस चौकी के पास, एमबीएस अस्पताल, नयापुरा, कोटा से प्राप्त की जा सकती है।

## ब्रह्मा कुमारीज द्वारा शुरू हो रहा है आध्यात्मिक समर कैंप

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रावतभाटा के तत्वाधान में शुरू हो रहा है बच्चों के लिए आध्यात्मिक समर कैंप, जिसमें 8 से लेकर के 14 साल के बच्चे भाग ले सकते हैं। यह समर कैंप चारभुजा स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में 8 मई से 14 मई तक रखा गया है जिसका समय शाम को 4.00 से 7.00 बजे का है। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अंकिता बहन ने बताया कि इस समर कैंप में बच्चों के लिए बहुत ही सुंदर जीवन उपयोगी क्लासेस रखी गई है साथ ही साथ वैल्यू गेम क्रिएटिव पेंटिंग, डिबेट कंपटीशन आदि रखा गया है। जिन भी बच्चों को इस समर कैंप में शामिल होना है वह 8 तारीख को शाम को 4.00 बजे सेवा केंद्र में आकर के अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं जो बिल्कुल ही निशुल्क है।

## एकदशी पर्व के उपलक्ष्य में लोगो मिलकरोज किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर /केकड़ी (इक़बाल अहमद)।** अजमेर जिले केकड़ी मैं एकदशी पर्व के उपलक्ष स्थित रोड़वेज बस स्टैंड भारत विकास परिषद की ओर से जल मंदिर बनाकर मिलकरोज वितरण किया गया। ताकि लोग मिलकरोज पीकर तेज गर्मी से राहत पा सके। लोगो के सहयोग से मिल्करोज वितरण किया गया। मिल्करोज वितरण के दौरान जितेंद्र जोशी, दिनेश शर्मा, रजनीश मुंदड़ा, जगदीश आचार्य, रहीस खान, मोनू, सागर, प्रह्लाद सहित अन्य ने अपनी सेवाएं दी इस मौके पर बस स्टैंड स्थित धर्मशाला, सहित बसों में बैठे यात्रियों को ठंडा मिल्करोज वितरण किया गया।



## कोटा मंडल में आधुनिक अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन मशीन से रेल संरक्षा को मिल रहा बढ़ावा

### रेलवे ने मीडियाकर्मियों से युएसएफडी उपकरण की कार्यप्रणाली को किया साझा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मंडल में डीआरएम अनिल कलरा के मार्गदर्शन में संरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे ने रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जांच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (युएसएफडी) तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। मंडल ने युएसएफडी जाँच में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे रेल में दरारें, फ्रैक्चर और आंतरिक कमज़ोरियों जैसी खामियों का जल्द पता लगाने में मदद करके रेल संरक्षा में काफ़ी वृद्धि हुई है।

विगत वित्तीय वर्ष में मंडल ने यूएसएफडी से जाँच के लिए कुल 09 टीमों का गठन किया गया है। यूएसएफडी टीम ने कुल 10,155 किमी ट्रैक लंबाई का परीक्षण किया है। साथ ही यूएसएफडी मशीनों से 7,465 किमी रेल परीक्षण, 33,789 वेल्ड परीक्षण, 4,373 एसईजे (स्विच एक्सपेंशन जॉइंट) परीक्षण एवं 4,075 टर्नआउट परीक्षण कर सूक्ष्मता से जांच की गई।



अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (युएसएफडी) तकनीक आज भारतीय रेलवे की संरक्षा प्रणाली का एक अविभाज्य अंग बन चुकी है। यह न केवल ट्रैक की विश्वसनीयता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है, बल्कि समय रहते खतरों की पहचान कर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी सहायक सिद्ध हो रही है। पश्चिम मध्य रेलवे इस तकनीक के कुशल क्रियान्वयन से ट्रेनों के संरक्षित संचालन की दिशा में लगातार सफलताएं अर्जित कर रहा है।

अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (युएसएफडी) की कार्यप्रणाली के भौतिक प्रदर्शन को मीडियाकर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें इस अत्याधुनिक उपकरण की विशेषता, लाभ, कार्यशैली इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रेलवे की संरक्षा प्रणाली में मंडल द्वारा किये जा रहे आधुनिक प्रयास, सक्रिय रखरखाव और बेहतर रेल सुरक्षा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

## कोटा पेंशन कार्यालय में नवाचारों से बढ़ी रफ्तार, सैकड़ों पेंशनर्स को समय पर लाभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय ने बीते कुछ माह में पेंशन प्रकरणों के निस्तारण में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। कार्यालय का प्रदर्शन इतना प्रभावशाली रहा कि यह सम्पूर्ण राजस्थान में पेंशन निस्तारण के मामले में प्रथम अथवा द्वितीय स्थान पर रहा है। पेंशनर्स की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, सेवापुस्तिकाओं की त्वरित प्रक्रिया और तकनीकी नवाचारों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पेंशन कार्यालय द्वारा लगभग 4000 सेवा पुस्तिकाएं संबंधित विभागों को भेजी गईं, जिससे कई लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित किया जा सका। इसके अतिरिक्त 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के 500 से अधिक काल्पनिक वेतनवृद्धि मामलों और 400 से अधिक पेंशन प्रकरणों का समय रहते निपटारा किया गया, जिससे कोटा संभाग के सैकड़ों पेंशनर्स को त्वरित लाभ मिला। कार्यालय की इस सफलता के पीछे नवाचारों को अहम कारण माना जा रहा है। अतिरिक्त निदेशक दिनेश शर्मा ने बताया कि पेंशनर्स को अधिकतम राहत देने के उद्देश्य से लगातार तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर नवाचार किए जा रहे हैं। कार्यालय के कर्मचारियों को 'आई-गोट कर्मयोगी' जैसे ऑनलाइन प्रशिक्षण मंचों से जोड़ा गया है।

# आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिक उत्सव रविवार 11 मई को

## राजस्थान न्यायिक एवं प्रशासनिक सेवा के पूर्व विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर भुसावर का वार्षिक उत्सव रविवार 11 में 2025 को कस्बे के विद्यार्थी श्री आर्य महिला विद्यापीठ सड़क मार्ग स्थित रघुनाथबाग परिसर में शाम 7.30 बजे आयोजित किया जाएगा। आदर्श विद्या मंदिर समिति के स्थानीय मंत्री रोहित कुमार सिंघल गटर वाले ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय विधायक बहादुर सिंह कोहली मुख्य अतिथि होंगे अध्यक्षता चंद्रशेखर शर्मा उर्फ बंटी घटरी करेंगे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योगेंद्र भानु अध्यक्ष आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर एवं प्रमोद कुमार पांडे महामंत्री अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महा संगठन भरतपुर संभाग विशिष्ट अतिथि होंगे । कार्यक्रम में स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर के पूर्व विद्यार्थी न्यायिक सेवा की अधिकारी सुश्री प्रशंसा अग्रवाल एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राघव शर्मा शिरकत करेंगे।

# दो व्याख्याता ने दिया परिवाद, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** मासिक जनसुनवाई बैठक के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़ी खिराना के व्याख्याता जावेद खान और शहर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला के व्याख्याता अवधेश यादव ने एक परिवाद दिया है। जिसमें व्याख्याता पद पर पदोन्नति को लेकर न्यायालय के स्थगन आदेश होने के बावजूद संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा कार्य ग्रहण नहीं करने का आरोप लगाया है। व्याख्याता अवधेश यादव ने बताया की उन्हें अंग्रेजी विषय पर पदोन्नति मिली है। जिसमें उनका स्थापन झालावाड़ के हेमढा स्कूल में किया गया है साथ में गढ़ी खिराना स्कूल के व्याख्याता जावेद खान को भौतिक विज्ञान में पदोन्नति के बाद पोस्टिंग राजसमंद मिली है। दोनों व्याख्याता का आरोप है कि पूर्व में काउंसलिंग के दौरान जिले के स्कूलों की खाली सीट पोर्टल पर नहीं दिखाई गई। जिसके चलते पता चलने पर उन्होंने राज्य के अन्य प्रभावित व्याख्याता के साथ हाई कोर्ट में परिवाद लगाया। उक्त परिवाद में हाई कोर्ट ने स्थगन आदेश दिया है की जिन व्याख्याता ने कार्यग्रहण नही किया है उनके मामले के निस्तारण नहीं होने तक उनको यथास्थान पर रखा जाए। ऐसे में कोर्ट के स्टे के बावजूद प्रधानाचार्य ने उन्हें पूर्व ही कार्य मुक्त कर दिया और अब दूसरे स्थान पर कार्य ग्रहण नहीं करने के बावजूद मूल स्थान पर कार्य ग्रहण नहीं करा रहे हैं। जिसको लेकर जनसुनवाई बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई है।

## शहर के आबादी क्षेत्र में लगी है दो दर्जन से अधिक वैध और अवैध फैक्ट्री

# बाईपास चेतन नगर कॉलोनी में दोना-पत्तल की फैक्ट्री में लगी आग

### तीन दमकलों की सहायता से आठ घंटे में पाया काबू, करीब 15 लाख रुपये का नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के धौलपुर रोड स्थित चेतन नगर कॉलोनी के पास एक दौना-पत्तल की फैक्ट्री में बुधवार की रात 08 बजे अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है।आग लगने की इस घटना की सूचना पर सबसे पहले बाड़ी नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। जब सफलता मिलती नहीं दिखी तो धौलपुर और बसेड़ी से भी दमकल बुलाई गई साथ में पुलिस और प्रशासन भी मौके पर पहुचा। करीब 8 घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद आग पर काबू पाया गया है। घटना में 10 से 15 लाख रुपए का तैयार और कच्चा माल जलकर खाक हुआ है।

जानकारी के अनुसार काली माई मंदिर के पास चेतन नगर के कॉर्नर पर यह दोना पत्तल की फैक्ट्री एक गोदाम में स्थित है। जो मयंक अग्रवाल चलाता है। गोदाम में कच्चा और पक्का दोनों माल एवं अन्य सामान के साथ माल तैयार करने वाली कई मशीन लगी हुई है। बुधवार रात 8 बजे के करीब यह घटना हुई है। अचानक बंद फैक्ट्री से जब लोगो ने धुंआ निकलते देखा तो घटना की जानकारी हुई। ऐसे में लोगो ने दमकल चालक शरीफ खान को घटना की सूचना दी साथ में धौलपुर और बसेड़ी से भी दमकल पहुंची। तीनों दमकलों से दर्जनों पानी टैंकरो का उपयोग कर रात 4 बजे आग पर काबू पाया गया है।

तुम कल चालक शरीफ खान ने बताया कि आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंच भजन उसे कंट्रोल करने का प्रयास किया जब आग बढ़ने लगी तो धौलपुर और बसेड़ी से भी प्रशासन ने दमकलों को बुलाया है 8 घंटे में उक्त घटना उक्त आग पर काबू पाया गया है सारा सामान जलकर खाक हुआ है पीड़ित मयंक अग्रवाल ने करीब 10 से 15 लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई है।

घटना की सूचना पर बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार, कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे साथ मे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल, तहसीलदार उत्तम चंद बंसल, उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने भी मौके पर पहुंच आग लगने की घटना की जानकारी ली है।



### आबादी के बीच स्थित है दौना-पत्तल फैक्ट्री,आए दिन होती है घटनाएं

*शहर में दर्जनों की संख्या में दोनों पत्तल की फैक्ट्री लगी हुई है। जो वैध और अवैध रूप से संचालित है। यह फैक्ट्री गली मोहल्लों और आबादी में स्थित है। कई फैक्ट्रियां तो ऐसी तंग गलियों में है जहां दमकल भी नहीं पहुंच सकती। इनमें आग लगने की घटनाएं अक्सर होती हैं। पिछले वर्ष भी तीन फैक्ट्री में आग लगी थी। जिसमें पीड़ितों को भारी नुकसान तो हुआ ही साथ में लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। लेकिन नगर पालिका और उपखंड प्रशासन ने इस मामले को लेकर कभी भी कोई सख्त एक्शन नहीं लिया। नागरिकों का कहना है कि इन फेक्ट्रियो को आबादी क्षेत्र से दूर धौलपुर रोड़ स्थित रीको एरिया में या शहर से बाहर खुले क्षेत्र में स्थापित किया जाना चाहिए। जिससे कोई जनहानि नहीं हो।*

# विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी का यात्रा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी शुक्रवार 9 मई को प्रात: 9.30 बजे ग्राम लोहागल में नवनिर्मित उच्च जलाशय का निर्माण मय पाईप लाईन का लोकार्पण करेंगे। अपराह्न 4 बजे वार्ड 64 स्थित कल्पवृक्ष मंदिर से भंवर सिंह पलाड़ा के मकान तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ करेंगे। सायं 5 बजे वार्ड 63 प्रताप नगर स्थित राय साहब के मकान से विक्रम सिंह के मकान तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ करेंगे। इसके पश्चात वे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# युद्ध के तनाव को देखते हुए शहर में हुआ बुधवार को ब्लैक आउट

### 15 मिनट तक बंद रही शहर की बिजली, नागरिको ने घरों में बंद रखी बिजली,

### पुलिस प्रशासन ने शहर की सड़को पर किया फ्लैग मार्च

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव एवं आतंकवादी घटनाओं के बाद पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई एयर स्ट्राइक और बढ़ते तनाव के हालातो के बीच केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा मॉकड्रिल एवं ब्लैकआउट जैसी महत्वपूर्ण सावधानियां बरती जा रही है। इसी के तहत शहर में बुधवार की रात 9 बजे से करीब 15 मिनट का ब्लैकआउट किया गया। इस दौरान पूरे शहर की बिजली बंद रही। वही लोग भी अपने घरों पर लाइट बंद कर दुबके दिखाई दिए। आमजन ने पुलिस और प्रशासन के निर्देश के आधार पर नियमों की पालना की। इससे पूर्व शहर में कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च किया और लोगों को देश हित में जारी नियमों को फॉलो करने की सलाह दी।



एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते युद्ध के तनाव के हालात के चलते जो भी एडवाइजरी जारी की है उसकी पालना नागरिकों को द्वारा करनी चाहिए। इसके लिए फ्लैग मार्च किया गया है और 15 मिनिट का ब्लैक आउट भी हुआ है। जैसे भी निर्देश उच्च अधिकारियों से प्राप्त होंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी साथ में आम नागरिकों को भी सलाह दी गई है कि वह हर दृष्टि में युद्ध के हालातो को देखते हुए अपनी तैयारी रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

# उपखंड स्तरीय जनसेवा शिविर में 18 परिवादों का निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उपखंड अधिकारी भुसावर राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया गुरुवार 8 में को आयोजित शिविर में राजस्व विभाग के साथ पंचायती राज के एक जलधारा विभाग के दो सार्वजनिक निर्माण विभाग का एक एवं अन्य विभागों से संबंधित कल 18 परिवार प्रस्तुत हुए जिन्हें मौके पर ही निस्तारण कराया गया। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सभी परिवादों पर समय रहते कार्रवाई किए जाने के साथ भीष्ण गर्मी को देखते हुए जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि पानी की समस्याओ पर तत्काल कार्रवाई करें। तहसीलदार भुसावल विकास अधिकारी सहायक अभियंता जेवीवीएनएल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भुसावर सहित सम स्ट ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# मानव सेवा सर्वोपरि है तथा रक्तदान महानतम दान है

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** रेडक्रास एक अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन है, जो युद्ध, आपदा, महामारी और संकट की घड़ी में जरूरतमंदो को चिकित्सा सहायता, भोजन, पानी और अन्य जरूरी सेवाएं उपलब्ध करवाता है। यह संगठन न केवल सीमाओं से परे जाकर कार्य करता है, बल्कि यह धर्म, भाषा, जाति और राष्ट्र से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत की सेवा करता है। यह संस्था लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है ताकि युद्ध में घायल, बीमार, रक्त के शिकार लोगों को जरूरत के समय सहायता पहुँचाई जा सके। मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, सेवा भावना, एकता और सार्वभौमिकता रेडक्रास के मूल सिद्धांत हैं। यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ उदयभान सिंह का। . उदय भान सिंह कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 8 मई 2025 गुरूवार विश्व रेडक्रास दिवस पर आयोजित सेमिनार में अपना उद्बोधन दे रहे थे। इस अवसर पर वक्ताओं में कहा कि मानव सेवा सर्वोपरि है तथा रक्तदान महानतम दान है। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने कहा कि रेडक्रास दिवस 2025 की थीम मानवता को जीवित रखना रखी गयी है। अत: मानव होने के नाते हमें मानवीय कार्यों में तत्पर रहना चाहिए। आज भारत सहित सम्पूर्ण विश्व युद्ध एवं प्राकृतिक आपदाओं के दौर से गुजर रहा है और किसी भी आपदा में मानवता ही राहत देती है। इस अवसर पर डॉ. विकास कुमार, भानुप्रिया पंकज, गीता गवारिया सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।




# अजमेर आयोजित अटल जन सेवा शिविर मे 57 प्रकरण हुए निस्तारित

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर माह के द्वितीय गुरूवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर में 57 प्रकरण निस्तारित कर आमजन को राहत प्रदान की गई। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने पंचायत समिति पुष्कर में जनसुनवाई कर के आमजन को राहत प्रदान की। अटल जन सेवा शिविर की जिला नोडल अधिकारी अजमेर एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि अटल जन सेवा शिविर के माध्यम से मई माह के द्वितीय गुरूवार को समस्त उपखण्डों एवं ब्लॉकों पर जनसुनवाई आयोजित हुई। इस जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 195 प्रकरणों में से 57 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। इस दौरान पंचायत समिति अजमेर के ग्रामीण में 13, उपखण्ड कार्यालय पुष्कर में 2, पंचायत समिति अरांई में 8, पंचायत समिति सिलोरा किशनगढ़ में 12, पंचायत समिति श्रीनगर में 2, पंचायत समिति पीसांगन में 4 तथा उपखण्ड कार्यालय सरवाड़ में 16 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# शुक्रवार को चार घंटे बंद रहेगी शहर की बिजली

### 132 केवी स्टेशन खानपुर गुर्जर पर होगा मेंटेनेंस का काम, सभी 33 केवी फीडर होंगे प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की धौलपुर रोड स्थित खानपुर गुर्जर गांव के पास स्थित 132 केवी स्टेशन पर शुक्रवार को सुबह मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य किया जाएगा। ऐसे में 132 केवी स्टेशन से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर की विद्युत सप्लाई चार घंटे बाधित रहेगी। बाड़ी जयपुर विद्युत वितरण निगम के कनिष्क अभियंता जगदीश मीणा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि खानपुर गुर्जर गांव के पास स्थित 132 केवी स्टेशन पर मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य किया जाएगा। ऐसे में बाड़ी शहर के सभी 33 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 7 बजे से 11 बजे तक बंद रहेगी। उक्त कार्य के चलते 33/11 केवी स्टेशन एईएन ऑफिस,महाराज बाग,संत नगर रोड़ एवं अन्य सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# एसडीएम की अध्यक्षता में शहर में हुई मासिक जनसुनवाई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति परिसर में गुरुवार को उपखंड स्तरीय मासिक जनसुनवाई बैठक का आयोजन एसडीएम भगवत शरण त्यागी की अध्यक्षता में किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुई इस जनसुनवाई बैठक में दुपहर दो बजे तक 15 परिवाद प्राप्त हुए। इन परिवादो में अधिकांश मामले शहर में गंदगी,अतिक्रमण और कन्वर्जन फाइलों के साथ स्ट्रीट लाइट एवं रिंग रोड के मुआवजे से जुड़े प्राप्त हुए साथ में व्याख्याता पद पर पदोन्नति को लेकर दो अध्यापकों द्वारा भी परिवाद लगाया गया। जिसमें कोर्ट से स्टे आदेश के बाद भी संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा यथा स्थान कार्यग्रहण नहीं कराये जाने का आरोप लगाया। एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि मासिक जनसुनवाई बैठक में बाईपास रोड के अशोक शर्मा ने रोड से मलवा उठाने और स्ट्रीट लाइट चालू करने का परिवाद लगाया है। उमरेह गांव की रामदुलारी ने जनाधार से नाम हटाने, मोदी पाड़ा के प्रेमदास पुत्र नारायण सिंह ने रिंग रोड परियोजना में भूमि अधिग्रहण के बाद भी अवार्ड राशि का भुगतान करने, कहार गली के राधेश्याम शर्मा ने गली में नाले के कचरे की सफाई करने, भटपुरा के राकेश शर्मा ने मोहल्ले में गंदगी की साफ सफाई नहीं होने का परिवाद लगाया है। जिसको लेकर संबंधित विभागों को निस्तारण के निर्देश दिए हैं। वही मास्टर कॉलोनी निवासी प्रमोद शर्मा ने कन्वर्जन पट्टे और नक्शे के अनुसार आम रास्ते की पैमाइश कराने एवं अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। राजू शर्मा ने अंदाना पैलेस से लाहौरिया पुरा रोड़ तक अवैध अतिक्रमण हटाए जाने का परिवाद लगाया है।

**अतिक्रमण, मुआवजे के साथ स्ट्रीट लाइट और गंदगी को लेकर शिकायत**

**कोर्ट के आदेश के बाद भी कार्यग्रहण नहीं कराने की शिकायत**

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर की श्रद्धांजलि अर्पित, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थल का किया भ्रमण

### सरदार वल्लभभाई पटेल की यह प्रतिमा हमारी अखंडता, और एकता का संकल्प और एकता का जीवंत प्रतीक है : भागीरथ चौधरी, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के किशनगढ़ 8 मई को भाजपा राजस्थान के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने गुजरात के केवड़िया में नर्मदा तट पर स्थित 182 मीटर ऊँची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थल का भ्रमण कर राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया है। कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह प्रतिमा हमारी अखंडता, संकल्प और एकता का जीवंत प्रतीक है। सरदार पटेल का योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। यह स्मारक सरदार वल्लभभाई पटेल की लौह इच्छाशक्ति और एक भारत के स्वप्न का जीवंत प्रतीक है। नया भारत और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत व अविस्मरणीय तीर्थस्थल है स्टैच्यू ऑफ यूनिटी। भारत की आज़ादी की एकता की धुरी के नायक लौहपुरुष भारत रत्न सरदार पटेल की प्रतिमा जो दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति (182 मीटर) है, गुजरात के केवडिया में सतपुड़ा और विंध्याचल की पृष्ठभूमि में पवित्र नर्मदा नदी पर निर्मित सरदार सरोवर बांध के निकट स्थापित है। यह बांध बनाने की पहल आजादी से पहले सरदार पटेल ने की थी जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिससे गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के किसान खासकर बिजली और पानी के मामले में लाभान्वित होते हैं। सरदार सरोवर के निकट ही उनकी भव्य व विशालतम प्रतिमा देखते ही अनायास मानस पटल पर यही विचार आता है कि नया भारत – मज़बूत भारत के इस अद्वितीय स्थल को नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा। यह स्थल विरासत के साथ-साथ विकास का अद्भुत संयोजन है। यही कला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापक सोच व उनकी दृष्टि को अप्रतिम बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से निर्मित यह स्थल, राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ करता है।



# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 8 वर्षीय दो बच्चियों समेत 5 की मौत, 18 घायल, खुशिया बदली मातम में

## संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम जानी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** कंचन धाम आश्रम और खटकड के बीच स्टेट हाईवे 29 पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलट जाने से गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो 8 वर्षीय बच्चियों समेत पांच लोगों की जान चली गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें गंभीर रूप से घायल 2 महिलाओं को कोटा रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार महिला, पुरूष व बच्चे चौंतरा का खेड़ा से माटूंदा में आयोजित विवाह सम्मेलन में शामिल होने के लिए आ रहे थे, इसी दौरान कंचनधाम आश्रम से खटकड के बीच यह हादसा घटित हुआ। हादसा उस समय हुआ जब ट्रैक्टर चालक ने एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने का प्रयास किया। इसी कोशिश में ट्रैक्टर-ट्रॉली अपना संतुलन खो बैठा और ट्रॉली पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।







### संभागीय आयुक्त पहुंचे जिला चिकित्सालय

*घटना की सूचना मिलते ही संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा और पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा जिला चिकित्सालय पहुंचे और घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। संभागीय आयुक्त ने हादसे के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि घायलों के उपचार में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने घायलों के इलाज को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस दौरान बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओपी सामर भी मौजूद रहें।*

कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश ने बताया कि हादसे में किरण (8 वर्ष), ज्योति (35 वर्ष), शांति (55 वर्ष), कोमल (8 वर्ष), कृष्णा (20 वर्ष) की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में सीता बाई (60 वर्ष), नटी बाई (40 वर्ष), धींसी बाई (75 वर्ष), सूगर बाई (20 वर्ष), बीना (16 वर्ष), पिंकी (30 वर्ष), संजना (8 वर्ष), करिश्मा (12 वर्ष), जीतू (10 वर्ष), उर्मिला (30 वर्ष), शिवानी (9 वर्ष), इच्छा बाई, रोशन बाई, मायावती, मनभर और संतरा घायल हो गए, जिनका जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। इसके अलावा ज्योति और बजरंगी बाई को गंभीर घायल होने पर कोटा के लिए रैफर किया गया हैं। हादसे की खबर फेलते ही बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, केशोरायपाटन विधायक व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सी एल प्रेमी, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा, केशोरायपाटन पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व बजे पजिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, भरत शर्मा, राकेश बॉयत, सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना प्रकट करने व घायलों के हालात की जानकारी ली। उचित उपचार करने को चिकित्सक को निर्देशित किया।

## भीलवाड़ा रुफटॉप रेस्टोरेंट में लगी आग, समय रहते टली बड़ी दुर्घटना






बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** बसंत विहार स्थित टाइम्स स्क्वायर बिल्डिंग के चौथे माले पर बने रूफटॉप रेस्टोरेंट 'मनु दा किचन' में गुरुवार को आग लगने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग मीटर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। रेस्टोरेंट में फायर सेफ्टी उपकरण नहीं लगे थे। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो सिलेंडर फटने से बड़ी जनहानि हो सकती थी, क्योंकि आसपास रिहायशी मकान भी हैं। दमकल विभाग की दो गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं। गली सकरी होने के कारण फायर पाइप को चौथे फ्लोर तक पहुँचाने में दमकलकर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। आग से होटल का रिसेप्शन एरिया पूरी तरह जल गया और कांच के गेट टूट गए। उक्त बिल्डिंग में कई कॉरपोरेट ऑफिस संचालित हैं और निचले तल पर रिलायंस स्मार्ट का प्रोविजन स्टोर भी है। घटना के समय बिल्डिंग में फायर सेफ्टी की कोई व्यवस्था नहीं थी।प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार रूफटॉप पर संचालित सभी रेस्टोरेंट्स और कैफे के लिए फायर एनओसी अनिवार्य है, लेकिन नगर निगम की ओर से इन नियमों की पालना नहीं करवाई जा रही। घटना की सूचना पर प्रतापनगर पुलिस मौके पर पहुँची और आग लगने के कारणों की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल समय पर नहीं पहुँचती तो हादसा बड़ा हो सकता था। सवाल उठता है कि प्रशासन कब तक ऐसे जोखिमों को नजरअंदाज करता रहेगा।

## भीलवाड़ा में फिर लौटेगा आंचल का जादू, आज से गौतम स्कूल ग्राउंड में होगा जादुई धमाका

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** गर्मी की छुट्टियों में भीलवाड़ा एक बार फिर जादू और कल्पना की दुनिया में डूबने को तैयार है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त जादूगर आंचल अपने नये मैजिक शो के साथ शहर में वापसी कर रही हैं। यह भव्य आयोजन 9 मई से गौतम स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा, जिसमें हर उम्र के लोगों के लिए मनोरंजन का भरपूर इंतजाम होगा। कार्यक्रम के तहत सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन दो शो होंगे, जबकि रविवार को बच्चों और परिवारों के लिए विशेष तीन प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी। आयोजकों के अनुसार यह शो केवल चमत्कार नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, रोचक और प्रेरणादायक अनुभव भी होगा। जादूगर आंचल, जिन्हें भारत की सबसे कम उम्र की महिला जादूगर के रूप में पहचाना जाता है, अब तक 27 वर्षों में 15,000 से अधिक सफल प्रस्तुतियाँ दे चुकी हैं। उन्हें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स जैसे प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। यह भीलवाड़ा में उनका सातवाँ दौरा है, और दर्शकों में उत्सुकता पहले से कहीं अधिक देखी जा रही है। शो के डायरेक्टर गिरधारी कुमावत ने बताया, यह केवल जादू नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर है जिसमें मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी छिपा होता है। आंचल जी की प्रस्तुतियाँ दर्शकों को प्रेरित करने वाली होती हैं।हर प्रस्तुति में आंचल की वर्षों की मेहनत, कल्पनाशीलता और एक ऐसा सपना छिपा है जो लोगों की आँखों में चमक और दिल में उम्मीद जगा देता है।



# वरिष्ठ भाजपा नेता एवं एमपी बीजेपी प्रभारी का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

## आतंकवाद और उसे पनपाने वालों को ऑपरेशन सिंदूर जैसा जवाब जरूरी - डॉ महेंद्र सिंह

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री , विधानसभा चुनाव 2023 में अजमेर संभाग प्रभारी और वर्तमान में मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह का भाजपा कार्यालय आगमन पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर एवं महापौर राकेश पाठक, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज के सान्निध्य में भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भाजपा नेता डॉ महेंद्र सिंह ने इस अवसर पर सर्वप्रथम पहलगाम हमले में मारे गए भारत के सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का ऑपरेशन सिंदूर के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और उसे पनपाने वालों को इस प्रकार का जवाब देना जरूरी है। उन्होंने विगत विधानसभा चुनाव में जिले को कांग्रेस मुक्त करने पर जिला संगठन को बधाई दी और आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में भी इस परंपरा को कायम रखने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में अजमेर संभाग प्रभारी के रूप में डॉ महेंद्र सिंह का मार्गदर्शन जिले के भाजपाइयों को मिला जिसके अजेय परिणाम हम सभी के समक्ष है। इससे पूर्व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जिला कार्यालय पर भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की और भारत माता की जय, वन्देमातरम जैसे नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर भगवती प्रसाद जोशी, प्रहलाद त्रिपाठी, छैलबिहारी जोशी, अमित सारस्वत, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के लिए दुआ की व अमन चैन खुशहाली के लिए मीरा साहब के चादर पेश की



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शहर की पहाड़ी पर स्थित हजरत बाबा मीरा साहब और हजरत दूल्हे साहब की दरगाह पर कौमी एकता कमेटी के द्वारा चादर पेश कर देश में अमन चैन खुशहाली भाईचारा के लिए दुआएं मांगी। साथ ही भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के लिए दुआ की गई। वही देश के लिए शहीद हुए जवानों व आम नागरिकों के लिए भी दुआ की गई। इस दौरान कोमी एकता कमेटी के जिला महामंत्री मौलाना असलम ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ मुस्लिम समाज हमारी सेना के साथ हाथ से हाथ मिलाकर खड़ा हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लिया है। सफलता पूर्वक किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमें सेना पर गर्व है। इस दौरान कौमी एकता कमेटी उपाध्यक्ष मेहमूद अली, अनवर फैज़ल खान आदि मौजूद रहे।

## आगामी आंदोलन को लेकर शिक्षक संघ शेखावत द्वारा वर्चुअल बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** अध्यापकों के अविलंब स्थानांतरण,पदोन्नति एवं पदोन्नति परित्याग के समान अवसर देने, शिक्षकएप,गैर शैक्षिक कार्यों,शिक्षा नीति 2020 आदि मांगो को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के आह्वान पर उदयपुर संभाग के डूंगरपुर,बांसवाड़ा, प्रतापगढ़,राजसमंद,उदयपुर,चित्तौड़गढ़ जिल क्षेत्रों से शिक्षक वर्ग द्वारा 21 मई से जत्था अभियान तथा 27 मई से पैदल मार्च प्रारंभ किया जायेगा।साथ ही 2 जून को सीकर,टोंक व दौसा के जत्थों के साथ जयपुर में विशाल प्रदर्शन किया जायेगा।जिससे सरकार का ध्यान शिक्षकों की समस्याओं संबंधी विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान केंद्रित किया जा सके।उक्त आंदोलन की सफलता हेतु उदयपुर संभाग की वर्चुअल बैठक बुधवार रात्रि को प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमन्त खराड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।जिसमे राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग एवं महामंत्री उपेंद्र शर्मा ने वर्चुअल बैठक में कहाकि उक्त निर्णायक आंदोलन में राज्य के हजारों शिक्षक पैदल मार्च करते हुवे 2 जून को राजधानी जयपुर में खिलाफत जलसे का आयोजन करेंगे।

## चौमहला में ब्लैकआउट को जनता का भरपूर समर्थन, 15 मिनट तक थम गया पूरा कस्बा

बूंदी (अनन्त दाधीच)।

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिला प्रशासन ने 7 मई की रात को 9.45 बजे से 10 बजे तक पूरे जिले भर ब्लेक आऊट के आदेश दिए गए थे,जिसमें समस्त लोग से अपने अपने घरों, कार्यालयों, गलियों, बाजारों, सड़को आदि की लाईट्स बन्द रखने व वाहन चालक भी वाहनों को सुरक्षित स्थलों पर खड़े कर उनकी लाईट्स बन्द कर के उक्त कार्य में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की थी,जिसको लेकर चौमहला कस्बे में ब्लैक आउट का असर देखने को मिला। कस्बे में लोगो ने स्वेच्छा से घरों दुकानों की लाइट बंद कर आदेशों का पालन किया। मोटरसाइकिल व वाहन चालकों ने भी अपने स्थान पर लाईट बंद रख कर 15 मिनट तक खड़े रहे।वही कस्बे में शादी के दौरान निकल रही निकासी भी 15 मिनट तक बीच रोड़ पर खड़े रही और ब्लैक आउट को सफल बनाने मं सहयोग किया।पुलिस प्रशासन द्वारा सायरन बजते ही आमजन ने अपने मकानों व प्रतिष्ठानों की लाइट बंद कर दी साथ ही धार्मिक स्थलों पर भी ब्लैक आउट का असर देखने को मिला।ब्लैक आउट के दौरान कस्बे मै पुलिस प्रशासन भी अलर्ट नज़र आया,पुलिस जवानों ने कस्बे की सड़कों पर वाहन चालकों से वाहनों की लाइट बंद कर एक तरफ खड़ा करने की समझाइश की,इस दौरान लोगो ने भी पुलिस प्रशासन का सहयोग किया।



# संगम विश्वविद्यालय में एयर स्ट्राइक से मचा हड़कंप, मॉक ड्रिल निकली

## विश्वविद्यालय के एनसीसी एनएसएस ने मॉक ड्रिल के जरिए आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारी करी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां एयर स्ट्राइक की सूचना मिली। मॉक ड्रिल के अनुसार, हमले के बाद विश्वविद्यालय में आग लगने की सूचना आई और कई लोगों के घायल होने व दम घुटने से स्थिति बिगड़ने की खबर फैली। इस आपात स्थिति की खबर चारों ओर फैलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन, एनसीसी कैडेट, एनएसएस वालंटियर, स्टाफ कर्मचारी,आदि की टीमें त्वरित गति से मौके पर पहुंच गई। हालांकि कुछ देर बाद स्पष्ट हुआ कि यह कोई असली हमला नहीं, बल्कि केंद्र व राज्य सरकार, जिला प्रशासन, एनसीसी एनएसएस विभागके निर्देशानुसार आयोजित एक मॉक ड्रिल थी, जिसे संगम विश्वविद्यालय प्रशासन, एनसीसी, एनएसएस द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया था। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में तैयारियों, विभागीय समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्यों की व्यावहारिक समीक्षा करना था। मॉक ड्रिल संयोजक लेफ्टिनेंट राजकुमार जैन ने बताया कि इस मॉक ड्रिल में यह परिदृश्य तैयार किया गया था कि विश्वविद्यालय के सेंट्रल लॉन पर हमला हुआ है, जिससे आग लग गई है, और करीब 5 से 10 लोग झुलस गए हैं। एनसीसी कैडेट,एनएसएस छात्र, नर्सिंग स्टाफ आदि बचाव कार्यों का नेतृत्व करने मौके पर पहुंचे। घटना स्थल की घेराबंदी कर सुरक्षा सुनिश्चित की गई। फायर फाइटिंग की टीम गठित कर दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजने का अभ्यास किया गया। प्राथमिक उपचार सुरक्षा, सीपीआर आदि को भी सिखाया गया।मॉक ड्रिल के दौरान सभी छात्र छात्राओं, फैकल्टी स्टॉफ आदि को भी आग और अन्य आपात स्थितियों में सुरक्षित बचाव की जानकारी दी गई। प्रो वीसी प्रो मानस रंजन पाणिग्रही ने कहा, इस ड्रिल ने साबित किया कि आपात स्थिति में सभी विभागों में बेहतर समन्वय संभव है।



## विभिन्न श्रेणियों में भीलवाड़ा डाक मण्डल द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में डाक सेवाओं की विभिन्न श्रेणियों में भीलवाड़ा डाक मण्डल द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने पर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान दक्षिणी क्षेत्र अजमेर के मुखिया बी.एल. सोनल द्वारा भीलवाड़ा डाक मण्डल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। डाकघर अधीक्षक ने बताया कि सम्पूर्ण अजमेर रीजन में भीलवाड़ा मण्डल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डाक जीवन बीमा-पीएलआई के क्षेत्र में 4.78 करोड़ न्यू प्रीमियम अर्जित कर प्रथम स्थान, ग्रामीण डाक जीवन बीमा आरपीएलआइ में 1.91 करोड़ न्यू प्रीमियम अर्जित कर द्वितीय स्थान, 55212 नेट लाईव खाते खोलकर द्वितीय स्थान एवं डाक प्राप्ति के दिन ही डाक वितरण दक्षता - डी0 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए भीलवाड़ा जिले के डाकघर अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वाधिक नेट लाईव खाते खोलने में उप डाकपाल आसींद श्रवण कुमार छीपा, शाखा डाकपाल शक्करगढ भंवर लाल पाराशर, डाक अधिदर्शक गुलाबपुरा उप मण्डल केदारमल बलाई को सम्मानित किया गया। डाक प्राप्ति के दिन ही अपनी बीट की समस्त डाक वितरित करने में पोस्टमेन प्रधान डाकघर भीलवाड़ा मैनाराम खाती, सर्वाधिक डाक बुकिंग में शाखा डाकपाल डाबला भारती कोली एवं सर्वाधिक आधार एनरोलमेंट हेतु डाक सहायक प्रधान डाकघर भीलवाड़ा सुबोध सैनी को सम्मानित किया गया। पीएलआई /आरपीएलआई के क्षेत्र में सर्वाधिक व्यवसाय अर्जित करने में डायरेक्ट एजेंट नेहा मेवाड़ा, आज़ाद सिंह राठौड़, तेजेंद्र खिंची, संदीप पटवारी एवं सोनिया धाकड़ तथा रामचंद्र भील शाखा डाकपाल लाछुड़ा, जगदीश चन्द्र जोशी शाखा डाकपाल नाहरी, भारती कोली शाखा डाकपाल डाबला को सम्मानित किया गया।





सही फैसला लेना काबिलियत नही है,
फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# लालू यादव के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू ने सीआरपीसी की धारा 197(1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है।

## ईडी ने दायर की थी चार्जशीट

जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने पिछले साल अगस्त में 76 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एजेंसी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर मनी लॉड्रिंग कस मामला दर्ज किया था। ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर अपराध की आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने जमीनें इस तरीके से लीं, जिससे उनकी भागीदारी सामने न आए और परिवार को लाभ हो सके। जब प्रसाद रेल मंत्री थे तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियों के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था। इससे पहले ईडी ने जनवरी 2024 में लालू प्रसाद परिवार के एक कथित सहयोगी अमित कत्याल और अन्य सदस्यों के खिलाफ अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था। इसमें उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, सांसद बेटी मीसा भारती, एक अन्य बेटी हेमा यादव और दो संबंधित कंपनियां – एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे। दिल्ली की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने इन दोनों आरोपपत्रों का संज्ञान लिया। अब इस मामले में राष्ट्रपति ने मुकदमे की मंजूरी दी है।

## क्या है नौकरी के बदले जमीन घोटाला

लालू प्रसाद यूपीए की पहली सरकार में रेल मंत्री थी, तब रेलवे के ग्रुप डी में भर्तियां की गईं। आरोप है कि बिना विज्ञापन दिए भर्तियां की गईं। कई लोगों को आवेदन देने के तीन दिन के भीतर ही नौकरी दे दी गई। नौकरियों के बदले अभ्यर्थियों से घूस के रूप में जमीन ली गई। ईडी ने कहा है कि लालू परिवार को 7 जगहों पर जमीनें मिलीं हैं।

# जयपुर समेत 6 जिलों में बारिश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। जयपुर, अलवर, टोंक, अजमेर, भीलवाड़ा और दौसा जिलों में दोपहर बाद बारिश हुई। टोंक में बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे, जिससे सड़कों पर पानी बहने लगा और कई दुकानों में पानी घुस गया।

टोंक शहर में दोपहर 3:45 से 4:45 बजे तक महज एक घंटे में 77 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद खेतों में पानी भर गया और शहर की सड़कों पर डेढ़ फीट तक पानी बहता देखा गया। लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## कई शहरों में बदला मौसम तापमान में गिरावट

सीकर, कोटा, उदयपुर समेत कई जिलों में बादल छाए रहे और हल्की बारिश हुई। अजमेर के किशनगढ़ में बारिश के बाद अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। वहीं, जयपुर में दोपहर ढाई बजे बारिश शुरू हुई, जबकि अजमेर में दोपहर 2 बजे के बाद रिमझिम बारिश हुई। दौसा में तेज हवा और रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। भीलवाड़ा में दिनभर की उमस के बाद शाम 4:30 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हुई, जिससे लोगों को राहत मिली। उदयपुर संभाग के चित्तौड़गढ़ के डूंगला में 30 मिमी, राजसमंद के देवगढ़ और रेलमगरा में 25 मिमी, उदयपुर के बडगांव और झाड़ोल में 28 मिमी बारिश हुई। अन्य जगहों पर भी हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई।



## टोंक में गिरे ओले, 11 मई तक 40 जिलों में येलो अलर्ट

### टोंक में कहां-कहां गिरे ओले?

टोंक जिले के टोडारायसिंह नगर, डारडाहिंद, पालड़ा और आसपास के गांवों में कुछ मिनटों तक चने के आकार के ओले गिरे। थोड़ी देर की बारिश से गलियों में पानी बहने लगा। मुख्य बाजारों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानी हुई।

### जयपुर में दोपहर बाद बदला मौसम

सुबह तक जयपुर में मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद अचानक बादल छा गए और कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। दिल्ली रोड, सीकर रोड, चारदीवारी, झोटवाड़ा, सिरसी, विद्याधर नगर, मालवीय नगर जैसे क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। तापमान में गिरावट दर्ज की गई।



### आगामी बारिश का अलर्ट

9 मई (गुरुवार) – येलो अलर्ट: गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, भीलवाड़ा, बाड़मेर, जालोर, पाली, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, कोटा, बारां, झालावाड़, अजमेर
10 मई (शुक्रवार) – येलो अलर्ट: सीकर, जयपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, जोधपुर, नागौर, भीलवाड़ा, बाड़मेर, जालोर, पाली, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, अजमेर
11 मई (शनिवार) – येलो अलर्ट: बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, नागौर, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, डूंगरपुर, सिरोही, राजसमंद, पाली, जालोर

# सिंदूर उजाड़ने वालों को समाप्त करने का काम किया है हमारी सेना ने: राठौड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सेना की प्रशंसा करते हुए कहा है कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए 26 बहनों के सिंदूर उजाड़ने वालों को समाप्त करने का काम किया है, ऐसे में हमारी सेना और हमारे शीर्ष नेतृत्व का भी सम्मान करना चाहिए।

राठौड़ ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्र के साथ पाकिस्तान के एयरबेस को ध्वस्त करने का काम किया है, जबकि पाकिस्तान हमारे सीमावर्ती क्षेत्र के आम नागरिकों पर हमला कर रहा है। यह पाकिस्तान की कायराना हरकत है, हमारी आबादी को निशाना बनाना निदंनीय काम है।

उन्होंने कहा कि हमारी सेना की सुरक्षा और उनके मनोबल बढ़ाने के लिए शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ता मंदिरों में प्रार्थना सभाएं भी करेंगे। राठौड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और आतंकवादियों को सबक सिखाने के लिए जारी रहेगा।

# एक अपराध की दो सजा नहीं : राठौड़

## बीएपी विधायक को लेकर कहा-सांसद-विधायक व्यापारी बन गए तो प्रजा का भला नहीं हो सकता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी विधायक कंवरलाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद अब उनकी विधायकी का जाना लगभग तय माना जा रहा हैं। ऐसे में बीजेपी पार्टी उन पर क्या कार्रवाई करेगी, इसे लेकर आज जब बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से सवाल किया गया तो उन्होने कहा कि एक अपराधी के लिए दो सजा तो नहीं हो सकती हैं।



उन्होने कहा कि यह मामला 2005 का बताया जा रहा है, जिसमें उन्हें सजा हुई हैं। अब इसमें कानून के हिसाब से काम होगा। मेरे कहने से कोई परिवर्तन होता नहीं हैं। कानून, कानून का काम करता हैं। जो कुछ भी परिस्थितियां बनी है, उसमें विधानसभा अध्यक्ष को फैसला करना हैं। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी उन पर कोई कार्रवाई करेगी, इस पर मदन राठौड़ ने कहा कि एक अपराध की दो सजा नहीं हो सकती हैं।

### राजा व्यापारी तो प्रजा भिखारी

वहीं दूसरी ओर बीएपी विधायक जयकृष्ण पटेल को एसीबी द्वारा गिरफ्तार करने के मामले में मदन राठौड़ ने कहा कि वो कह रहे है कि उन्हें लालच दिया गया। लेकिन सवाल यह है कि आप लालच में क्यूं आए। लेकिन वास्तविकता इससे उलट है, सबने देखा कि उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

इसलिए राजनेता को बहुत संभलकर और जनहित के काम में लगना चाहिए। जनता के विरोध में काम नहीं करना चाहिए। जनसेवक को जनसेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। इस मामले में उस पार्टी को भी विचार करना चाहिए। अगर वे इस मामले में विचार नहीं करते है तो यहीं माना जाएगा कि वो इसी तरह से अपनी जड़ें मजबूत करना चाहती हैं। उन्होने कहा कि जहां राजा व्यापारी, उसकी प्रजा भिखारी। सांसद-विधायक यदि व्यापारी बन गए तो उनकी प्रजा का भला नहीं हो सकता हैं।

# योगी सरकार का बड़ा फैसला, बढ़ाई गई इन लोगों की पेंशन

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग की आज पर्यटन भवन में समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक कलाकारों के लिए कलाकार कल्याण बीमा योजना शुरू की जाए। इसके साथ ही कलाकारों के पंजीकरण से लेकर कार्यक्रम आवंटित एवं भुगतान किये जाने तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी बनायी जाये। किसी भी कलाकार को कार्यक्रम आवंटित करते समय इस संबंध में जारी शासनादेश का 100 फीसदी पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रमों के आवंटन में भेदभाव पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजा जायेगा। उन्होंने वृद्ध कलाकारों की मासिक पेंशन 2000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 4000 रुपये किये जाने के निर्देश दिए।



जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग की समीक्षा करते हुए कई प्रकरणों में स्थापित प्रक्रिया का पालन न किये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भविष्य में ऐसा न किये जाने के लिए चेतावनी भी दी। इसके साथ ही प्रदेश के लोक कलाकारों का व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया जाये, जिससे उनसे संबंधित सूचना प्राप्त होती रहे। उन्होंने कार्यक्रम आवंटित होने पर 50 प्रतिशत की धनराशि अग्रिम देने तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के एक सप्ताह के अन्दर पूरा भुगतान दिये जाने के निर्देश दिए।

# जीएसटी घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## बंगाल और झारखंड में नौ ठिकानों पर छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14,325 करोड़ रु. के फर्जी जीएसटी बिल घोटाले का पर्दाफाश करते हुए कोलकाता, रांची और जमशेदपुर सहित देशभर के नौ ठिकानों पर छापेमारी की है। इन जगहों में आरोपियों के दफ्तर, घर और अन्य संदिग्ध ठिकाने शामिल थे। छापेमारी के दौरान ईडी ने कई अहम दस्तावेज, कंप्यूटर डाटा, बैंक खातों की जानकारी और अघोषित संपत्तियों के सबूत जब्त किए। जानकारी के मुताबिक, इस मामले में मुख्य आरोपियों अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता और शिव कुमार देवड़ा पर फर्जी बिलों के जरिए 800 करोड़ से ज्यादा का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) हड़पने का आरोप है। इन तीनों के साझेदार रहे जमशेदपुर के जुगसलाई के व्यवसायी विक्की भालोटिया के घर पर भी ईडी ने दबिश दी है। ईडी ने धनशोधन निरोधक कानून (पीएमएलए), 2002 के तहत कार्रवाई करते हुए कई दस्तावेज, डिजिटल डाटा और अघोषित संपत्तियां जब्त की हैं।

पूर्व की जांच में जमशेदपुर के बबलू जायसवाल और विक्की भालोटिया का नाम भी पहले सामने आ चुका है, जिन पर इस घोटाले में शामिल होने का आरोप है। कुछ दिन पहले अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता और शिव कुमार देवड़ा को जमशेदपुर की अदालत में भी पेश किया गया था।

# रावतभाटा परमाणु बिजली घर में विकिरण को लेकर सतर्क हुआ प्रशासन

**चित्तौड़गढ़।** देश में उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए राष्ट्रीय महत्व के रावतभाटा परमाणु बिजली घर में अचानक विकिरण होने पर सुरक्षा उपायों को लेकर जिला प्रशासन ने सतर्कता के लिहाज से गुरुवार को विभिन्न उपायों की समीक्षा की। रावतभाटा मुख्यालय पर आयोजित मार्क ड्रिल एवं ब्लैक आउट के पश्चात देर रात्रि को जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने परमाणु बिजली घर में स्थल निदेशक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कमांडेंट सहित आला अधिकारियों की बैठक ली।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


कार्मिक विभाग की समीक्षा बैठक

# पारदर्शिता हमारी गुड गवर्नेंस का केन्द्र बिंदु: भजनलाल शर्मा

## विभागीय जांचों के लंबित प्रकरणों का करें त्वरित निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है, अधिकारी-कर्मचारी सरकार के शासन तंत्र की मुख्य धुरी हैं जिनकी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका होती है। ऐसे में कार्मिक पूरे समर्पण भाव एवं सत्यनिष्ठा से काम करते हुए राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं को पूरा लाभ मिल सके।

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर कार्मिक विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए आमजन को गुड गवर्नेन्स देने का कार्य प्राथमिकता से कर रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय जांच के 16 सीसीए, 17 सीसीए सहित 17ए के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो जिससे राजकीय कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक है, उनके सचिव ऐसे प्रकरणों की स्वयं प्रति सप्ताह समीक्षा करें। लंबित प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित अवधि में पूरा हो।



### कार्मिकों की दक्षता वृद्धि के लिए कराए प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों का अनुशासन एवं सेवा-भाव राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाए जिससे उनकी क्षमता में संवर्धन और दक्षता में वृद्धि हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार नियमों में संशोधन कर सुसंगत बनाएं। शर्मा ने कहा कि काम में लापरवाही और अनुशासनात्मक कार्यवाही के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। लंबित प्रकरणों की अधिक संख्या वाले विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण इन प्रकरणों की समीक्षा करें तथा इनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग ऐसे प्रकरणों की रिपोर्ट नियमित भिजवाएं। साथ ही, मुख्य सचिव के स्तर पर ऐसे लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में कार्मिक विभाग के शासन सचिव ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागों में लंबित जांचों के प्रकरणों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल, दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशहूर है। कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं।



### नदी पर बना हुआ होटल

स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है।

### अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है होटल

जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं।

### काफी कम तापमान के होते हैं कमरे

सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।


## कम से कम खर्च में घूमने के लिए अपनाएं यह टिप्स, जेब पर नहीं पड़ेगा जोर

घूमना आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। हर दिन के तनाव और रूटीन से ब्रेक लेते हुए नई जगहों को एक्सप्लोर करने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन फिर भी मध्यम वर्गीय परिवार चाहकर भी घूमने नहीं जा पाते और उसकी वजह होती है बजट। चार-पांच महीने में अगर एक बार भी घूमने का प्लॉन बनाया जाए तो इससे पूरा बजट बिगड़ जाता है और सेविंग भी काफी हद तक खर्च हो जाती है।

**प्लान करें ट्रिप :** जब आप किसी नई जगह पर घूमने का विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च ना हो तो इसके लिए आपको अपनी ट्रिप को प्लॉन करना चाहिए। आप जहां जा रहे हैं, इसके लोगों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भोजन आदि के बारे में थोड़ा-बहुत जानना आपको बहुत परेशानी से बचाएगा। इसके अलावा रिसर्च आपको उन महंगे शहरों के बारे में बताएगा जिनसे आप बचना चाहते हैं। रिसर्च के जरिए आप उस जगह की सस्ती जगहों व लोकल फूड के बारे में जान पाएंगे।

**सोच-समझकर चुनें एयरलाइन :** यदि आप अपनी यात्रा के लिए सही एयरलाइन नहीं चुनते हैं तो आपको फ्लाइंग पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ सकता है।

# भारत के सबसे सुंदर शाही होटल, कितना है एक दिन का किराया



भारत के इतिहास की बात की जाए तो इस देश की कला और संस्कृति तमाम कहानियां अपने आप में समेटे हुए हैं। इस देश के यौद्धाओं ने अपने बलिदानी खून से भारत की मिट्टी का गौरव इतिहास लिखा है। पूर्व से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक भारत प्राचीनकाल से ही कला और संस्कृति की भूमि रहा है। उत्तर में हिमालय की शक्ति शाली चोटियों से लेकर दक्षिण में उष्णकटिबंधीय समुद्र तटों तक फैली हुई, भारत की विशाल सीमाओं में कई प्रकार के विरोधाभास, परिदृश्य, संस्कृतियां और धर्म शामिल हैं। देश कई यूनेस्को विश्व धरोहरों का घर है, 7वें अजूबे ताजमहल से लेकर राजसी महलों और किलों तक, जो सैकड़ों साल पहले बनाए गए थे, आज भी भारत की समृद्ध संस्कृति और इतिहास के समय की गवाही को बयान करने के लिए सीधे खड़े हैं। राष्ट्र में विशाल जंगल क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यान और प्रकृति अभयारण्य भी हैं जो कि हाथियों, शेरों और बाघों जैसे रोमांचक वन्यजीवों के घर हैं। यहाँ हम आपको बताने जा रहे हैं भारत के शागी होटलों के बारे में, जहाँ आप भव्य विलासिता में रह सकते हैं।



### कुमारकोम लेक रिजॉर्ट, कुमारकोम-केरल

जैसा कि हम सभी जानते हैं, केरल को भगवान ने काफी फुर्सत में बैठकर बनाया है इस लिए इस राज्य का कोना-कोना बेहद खूबसूरत है। केरल को भारत का स्वर्ग भी कहा जाता है। केरल के कोट्टायम जिले में स्थित, कुमारकोम लेक रिज़ॉर्ट कई प्रकार की बाहरी और पानी की गतिविधियाँ प्रदान करता है। इसमें कई स्विमिंग पूल, एक आयुर्वेदिक स्पा और 3 भोजन विकल्प हैं। बड़े उद्यानों और स्विमिंग पूल से घिरे, कमरों में लकड़ी की छत और एशियाई शैली के सामान हैं। प्रत्येक वातानुकूलित कमरे में केबल टीवी, एक सुरक्षा जमा बॉक्स और चाय / कॉफी बनाने की सुविधा है। रिसॉर्ट में वाटर स्पोर्ट्स में वॉटर स्कीइंग और केला बोट या स्पीडबोट सवारी शामिल हैं। कर्मचारी सूर्यास्त परिभ्रमण, गांव की सैर और कुमारकोम पक्षी अभयारण्य की यात्रा की व्यवस्था कर सकते हैं। रिसॉर्ट में 24 घंटे का स्वागत कक्ष और एक व्यापार केंद्र है।

**लागत : प्रारंभिक लागत प्रत्यक्ष मूल्य ? 12,000 प्रति रात**
**पता : कुमारकोम लेक रिजॉर्ट, नॉर्थ पोस्ट, वीथारामट्टोम, कुमारकोम, केरल 686563**
**फोन : 0481 252 4900**



### मिहिर गढ़, राजस्थान

मिहिर गढ़ राजस्थान के ऐतिहासिक शहर में एक उत्तम प्रवास है। यह शाही रिसॉर्ट सुंदर पेड़ों और बगीचों के बीच स्थापित है। इस संपत्ति में सूर्यास्त के दौरान सबसे लुभावना दृश्य दिखाई पड़ता है। संपत्ति में ग्रामीण राजस्थान का स्पर्श है और कोई भी राजस्थान की कच्ची और प्रामाणिक संस्कृति का अनुभव कर सकता है।

**लागत: नॉर्मल रूम 26,280 प्रति रात**
**पता: C / O Rohet House, P.W.D. रोड, जोधपुर, राजस्थान - भारत।**
**फोन: 91-124-4654330**

### रामबाग पैलेस, जयपुर

यदि आप रॉयल्टी का अनुभव करना चाहते हैं तो रामबाग पैलेस जयपुर रहने के लिए बिल्कुल सही विकल्प है। उद्यान और सुंदर भारतीय वास्तुकला पेश करते हुए, शानदार रामबाग पैलेस जयपुर के महाराजा का पूर्व निवास था। अब यह एक शानदार होटल है इसमें एक इनडोर और आउटडोर पूल और साथ ही पूर्ण स्पा सेवाएं हैं। विशाल वातानुकूलित कमरे सुंदर कालीन और हाथ से पेंट की हुई तस्वीरों से दीवार सजाई गयी है। एक फ्लैट स्क्रीन टीवी, व्यक्तिगत तिजोरी और मिनीबार सभी कमरों में शामिल हैं। आधुनिक बाथरूम में एक शॉवर और अलग बाथटब है।

**लागत : 30,976 प्रति रात**
**पता : रामबाग पैलेस, भवानी सिंह आरडी, रामबाग, जयपुर, राजस्थान 302005**
**फोन : 0141 238 5700**

### अलिला दीवा गोवा, पचेको वड्डो

गोवा छुट्टी के लिए सबसे पसंदीदा स्थानों में से एक है। गोनसुआ बीच के साथ स्थित, अलिला दीवा गोवा दक्षिण गोवा में धान के खेतों के व्यापक दृश्यों के साथ कमरे उपलब्ध कराता है। इसकी 5 सितारा सुविधाओं में 3 भोजन विकल्प, 2 बार और धान के खेतों की ओर एक आउटडोर पूल शामिल हैं। संपत्ति के कमरों में मुफ्त वाईफाई उपलब्ध है। गोनसुआ बीच पर मुफ्त सेवा सभी मेहमानों को प्रदान की जाती है। अलीला द्वारा दीवा क्लब रिसॉर्ट के भीतर एक छोटा रिसॉर्ट है जो मेहमानों को अलीला दीवा गोवा में सभी सुविधाओं का आनंद लेते हुए गोपनीयता और विशिष्टता का विशेषाधिकार देता है। विशाल और खूबसूरती से डिजाइन किए गए कमरे और सुइट्स में मेमोरी फोम गद्दे, निजी सिट-आउट, एक स्टैंड-अलोन बाथटब, वॉक-इन अलमारी और अन्य सुविधाओं के बीच अलग-अलग कार्य स्थान के साथ एक राजा आकार का बिस्तर है। यह रिजॉर्ट गोवा डाबोलिम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 20 मिनट और माजोर्डा में गोंसुआ बीच से केवल 500 मीटर की दूरी पर स्थित है।

**लागत : सीजन के अनुसार रेट बदलता रहता है**
**पता : अलीला दीवा, 48/10, अदाओ वड्डो, माजोर्डा, गोवा 403713**
**फोन : 0832 274 6800**

### उदयपुर, राजस्थान में ओबेरॉय उदयविलास



उदयपुर का यह शानदार ओबेरॉय उदयविलास होटल पिछोला झील के किनारे पर स्थित है और 30 एकड़ में फैला हुआ है। होटल गुंबदों का एक सुंदर निर्माण है जो उदयपुर के शाही शहर का प्रतिबिंब है। होटल में जटिल डिजाइन, राजसी कमरे, होटल के आउटडोर में भोजन का अच्छा अनुभव है। साथ यहा विशाल स्विमिंग पूल और शादी रेस्टोरेंट हैं। यह शाही होटल हरे-भरे पेड़ों के बीच और चारों तरफ से पहाड़ों से घिरा हुआ है! बालकनी से दृश्य शांत और बेहद सुंदर प्रतित होता है। यह एक लक्जरी लाइफस्टाइ से वक्त बिताने के लिए बेहद शानदार जगह है। यहां अगर आप एक रात के लिए ठहरते हैं तो प्रीमियर रूम का किसारा 28,500 से 30000 रुपये हैं।

**लागत : प्रीमियर रूम। 28,500 प्रति रात**
**पता : द ओबेरॉय उदयविलास, हरिदासजी की मगरी, मुल्ला तलाई, पिछोला, उदयपुर, राजस्थान 313001**
**फोन : 0294 243 3300**

### उदयपुर, राजस्थान में ताज लेक पैलेस



ताज लेक पैलेस, पिछोला झील के ठीक बीच में स्थित है, यहां की भव्य संरचना और सुंदर वास्तुकला लुभावनी है। ताज लेक पैलेस की खिड़कियों से झील का भव्य दृश्य दिखाई देता है और कुछ जगहों से यहां के घनी अरावली पहाड़ियां, मचला मगरा हिल्स और जग मंदिर का दृश्य दिखाई देता है। महल को सभी सही कारणों से फ्लोटिंग होटल के रूप में जाना जाता है, और यहां कि एक और खासबात है, विदेशी कमरों में सुंदर पेंटिंग हैं जो भारतीय पौराणिक कहानियों को दर्शाती हैं और मार्बल्स में खूबसूरत नक्काशी की गयी है। यह भारत में कपल के लिए एक रोमांटिक हॉलीडे के लिए आदर्श स्थान है। यहा एक दिन का किराया 40 हजार रुपेय है।

**लागत : शुरुआती दर 39,500 प्रति रात**
**पता : ताज लेक पैलेस, पिछोला, उदयपुर, राजस्थान 313001**
**फोन : 0294 242 8800**

### ओबेरॉय अमरविलास, आगरा



16 वीं और 17 वीं शताब्दियों में मुगल साम्राज्य की राजधानी, आगरा तीन विश्व धरोहर स्थलों में से एक है: ताजमहल, आगरा किला और प्राचीन शहर फतेहपुर सीकरी, ये सभी मुगलकाल की विरासत हैं। ताजमहल से सिर्फ 600 मीटर की दूरी पर स्थित ओबेरॉय अमरविलास में प्रेम को फिर से जागृत करना आसान है। ओबेरॉय अमरविलास एक पाँच सितारा होटल है जहां सभी कमरों और सुइट्स से ताज महल का दीदार किया जा सकता है। यहां पर नॉर्मल रूम का किराया एक दिन के लिए 32,640 रुपये तक है।

**लागत : प्रारंभिक दर 32,640 प्रति रात**
**पता : द ओबेरॉय अमरविलास, ताज ईस्ट गेट रोड, पकटोला, ताजगंज, आगरा, उत्तर प्रदेश 282001**
**फोन : 0562 223 1515**

### अलीला किला बिशनगढ़, जयपुर



अलीला किला जयपुर का एक और खूबसूरत लक्ज़री होटल है। यह बिशनगढ़ में स्थित है और आसानी से राजमार्ग से जुड़ा हुआ है। क्या आप कभी ऐसे किले में रहने का अनुभव करना चाहते हैं जो पूरी तरह से शानदार दृश्य से सुसज्जित है? इस तरह की खूबसूरती को देखने के लिए आप अलीला में रुक सकते हैं। जो बहुत मंहगा भी नहीं है और यहां पर काफी लग्जरी सुविधाएं भी है।

**लागत : शुरूआती दर 12,000 प्रति रात**
**पता : मनोहरपुर बिशनगढ़ विलेज, जयपुर बिशनगढ़, मनोहरपुर, राजस्थान 303104 पर एनएच -8**
**फोन : 072300 58058**

## हैदराबाद घूमने के लिए ये जगह हैं सस्ती और अच्छी, पर्यटकों को खूब लुभाती हैं ये प्लेस

दक्षिण भारत में स्थित हैदराबाद तेलंगना स्टेट में आता है। चारों और खूबसूरत वातावरण और अमेजिंग मौसम आपका मन मोह लेगा। हालांकि सुबह धूप और शाम को बरिश, ऐसे में यहां के मौसम को समझना थोड़ा मुश्किल है। पर्यटकों के लिए यहां घूमने की ढेरों जगह है। यूं तो हैदराबाद का चार मिनार खूब फेमस है, लेकिन इसके अलावा भी हैदराबाद में घूमने के लिए कई जगह हैं।

### हुसैन सागर

हैदराबाद अगर घूमने जा रहे हैं तो हुसैन सागर को एक बार देखने जरूर जाएं। इस जगह पर पानी के बीचों बीच बुद्धा का स्टैचु है, जो भारत में बद्धा का सबसे ऊंचा स्टैचू है। इस स्टैचू को पास से निहारने के लिए आपको बोटिंग का सहारा लेना होगा। यहां की बेहद खूबसूरत लाइट बुद्धा स्टैचू को दूर से ही आकर्षित बनाती है। तस्वीरें खीचने के शौकीन हैं, तो इस जगह पर आप खूब फोटो क्लीक कर सकते हैं और प्रोफेशनल फोटोग्राफर की मदद से भी तस्वीर क्लीक कर सकते हैं।

### लुंबिनी पार्क

हुसैन सागर जाने के लिए इस पार्क से होते हुए गुजरना होगा। ये पार्क बेहद ही खूबसूरता है। यहां बना वॉटरफॉल रंग बिरंगे से भरपूर है। बच्चों को ये पार्क जरूर पसंद आएगा। यहां आप कुछ समय बिता सकते हैं और नैचर को एंजॉय कर सकते हैं।

### रामोजी फिल्म सिटी

हैदराबाद ट्रिप रामोजी फिल्म सिटी देखे बिना अधूरा है। आप अगर इस शहर को घूमने गए हैं तो इस जगह को देखना बिलकुल ना भूलें। खूबसूरत वातावरण से भरी ये जगह यकीनन आपको और बच्चों को खूब पसंद आएगी। यहां फिल्म बाहुबली का सेट है, कई फिल्मों में दिखाई गई सेंट्रल जेल है और भी बहुत सारे सेट हैं जिन्हें देख आपको भी कई सारी फिल्में याद आ जाएंगी।

### बिरला मंदिर

पहाड़ पर बना बिरला मंदिर आधुनिक मंदिर है। मंदिर में तिरुपति वेंकटेशवर की 11 फीट ऊंची मूर्ती है। यहां आपको कई संगमरमर की नक्काशी भी देखने को मिल जाएगी। इस मंदिर में आपको फोन लेकर जाना की अनुमति नहीं है। ऐसे में आप यहां की खूबसूरती को अपने मन में उतार सकते हैं।

# हरिद्वार और ऋषिकेश यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों पर घूमना न भूलें

हवा में घुली पवित्रता, चारों ओर आरती और मंत्रों की आवाज़ और घाट-घाट पर गंगा का पानी... अगर आप भी कुछ ऐसा अनुभव करना चाहते हैं तो हरिद्वार जाने का प्लान ज़रूर बनाएं। हरिद्वार देश के सात प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। माना जाता है कि गंगा में डुबकी लगाने से सारे पाप धुल जाते हैं, यही कारण है कि दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। यहां घूमने के लिए बहुत से मंदिर और ऋषि-मुनियों के आश्रम हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार ये उन चार जगहों में से एक है जहां समुद्र मंथन के दौरान अमृत की बूँदे गिरी थी इसीलिए यहां हर 12 साल में महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। हरिद्वार की गंगा आरती बहुत प्रसिद्ध है और दुनिया भर से लोग इस आरती में शामिल होते हैं। हरिद्वार से 25 किमी दूर ऋषिकेश भी है। प्राचीन समय में ऋषियों और मुनियों ने यहां पर ध्यान, योग और प्रार्थना किया था जिसकी वजह से इस जगह को पवित्र माना जाता है। ऋषिकेश में हिमालय की चोटियाँ बहुत ही खूबसूरत नज़र आती है। इसके साथ ही ऋषिकेश को देवभूमि का प्रवेश द्वार भी कहते हैं। ऋषिकेश को 'योग कैपिटल ऑफ़ द वर्ल्ड' के रूप में जाना जाता है। ऋषिकेश तीन जिलों से घिरा हुआ है टेहरी गढ़वाल, पौरी गढ़वाल और हरिद्वार।



### हर की पौड़ी :

हर की पौड़ी हरिद्वार की प्रमुख जगहों में से एक है। हर की पौड़ी का अर्थ है - प्रभु के पैर। ऐसा माना जाता है कि यहां भगवान विष्णु प्रकट हुए थे और हरि की पौड़ी पर एक पत्थर पर भगवान के पदचिन्ह भी हैं। इस घाट से गंगा पहाड़ों को छोड़ मैदान की तरफ मुड़ती है। इस घाट पर श्रद्धालुओं की सबसे ज़्यादा भीड़ होती है। प्रतिदिन गंगा आरती का आयोजन भी इसी घाट पर होता है।

### मनसा देवी मंदिर :

हरिद्वार से 3 किलोमीटर की दूरी पर बिलवा पर्वत पर स्थित यह मंदिर आस्था का एक प्रमुख स्थल है। मनसा देवी को पार्वती का ही एक रूप कहा गया है। माना जाता है कि मनसा देवी मंदिर में मांगी गई मन्नत ज़रूर पूरी होती है इसलिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। हरिद्वार से यहां तक चल कर आया जा सकता है या रोपवे के जरिए भी पहुंचा जा सकता है।

### पारद शिवलिंग :

हरिद्वार से 2 किलोमीटर दूर स्थित कनखल का पारद शिवलिंग हरिहर आश्रम बहुत प्रसिद्ध है। यहाँ शुद्ध पारे से बने 151 किलो के शिवलिंग की स्थापना की गई है। यहां हर साल लाखों भक्त आते हैं। यहाँ एक रूद्राक्ष का पेड़ भी है जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र है।

### सप्तऋषि आश्रम :

यह आश्रम सात ऋषियों के नाम पर बनाया गया है। माना जाता है कि यहां सात ऋषि बैठकर पूजा करते थे इसलिए इसे सप्तऋषि कुंड भी कहा जाता है। इस आश्राम के परिषर में कई मंदिर भी बने हुए हैं।

### वैष्णो माता मंदिर :

इस मंदिर का निर्माण 10 साल पहले हुआ था लेकिन यह हरिद्वार के सबसे प्रमुख मंदिरों में से एक है। यह मंदिर कटरा में बने वैष्णो माता के मंदिर का रेप्लिका है। इस मंदिर में भी वैष्णो देवी की तरह गुफाएं बनाई गई हैं।

### भारत माता मंदिर :

भारत माता मंदिर को मदर इंडिया मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर भारत माता को समर्पित है और यह देश का इकलौता ऐसा मंदिर है जहाँ भारत माता की मूर्ती की पूजा होती है। इस मंदिर का निर्माण 1983 में स्वामी सत्यमित्रानंद द्वारा किया गया था और इसका उद्घाटन इंदिरा गाँधी ने किया था। यह मंदिर 108 फीट ऊंचा है और इसमें कुल 8 मंजिलें हैं। हर एक मंजिल में अलग अलग देवी-देवताों और स्वतंत्रता संग्रामियों की मूर्ती व फोटो हैं।

### विष्णु घाट :

हरिद्वार के सबसे प्रसिद्ध घाटों में से एक विष्णु घाट है। ऐसा माना जाता है की यहां भगवान विष्णु ने स्नान किया था और यहां स्नान करने से सभी पाप मिट जाते हैं, इसी वजह से यहां श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखने को मिलती है।

## ऋषिकेश में घूमने की जगहें

### लक्ष्मण झूला

ऋषिकेश में सबसे प्रसिद्ध लक्ष्मण झूला माना जाता है जो टिहरी गढ़वाल जिले के तपोवन और पौड़ी गढ़वाल जिले के जोंक को जोड़ता है। ऋषिकेश से लक्ष्मण झूला 5 किलोमीटर दूर है , लक्ष्मण झूला पूरा लोहे से बना हुआ है ये 450 फीट लंबा है और गंगा नदी से 70 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। ऋषिकेश का लक्ष्मण झूला सबसे ज्यादा प्रशिद्ध है। माना जाता है कि भगवान राम के छोटे भाई भगवान लक्ष्मण ने इसी स्थान पर गंगा नदी को पार किया था,जहां अब पुल पर्यटकों को देखने के लिए बनाया गया है। लक्ष्मण झूला का निर्माण 1929 में किया गया था। लक्ष्मण झूले के साथ-साथ तेरह मंजिला मंदिर, लक्ष्मण मंदिर और राम झूला आदि शामिल हैं जो बेहद फेमस है।

### त्रिवेणी घाट

ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में गंगा का संगम का स्थान है। इन नदियों को हिंदू धर्म में सबसे पवित्र नदी माना जाता है। त्रिवेणी घाट किनारे पवित्र जल में डुबकी लगाने से लोग अपने आपको शुद्ध मानते है, सभी पापों, चिंताओं और भय से मुक्ति मिल जाती है।

### वशिष्ठ गुफा

वशिष्ठ गुफा का पुराणिक सत्य ये है कि इस गुफा में ब्रह्मा के मानव पुत्र के कामना की थी। कथाओं के अनुसार बढ़ते हुए पापों के चलते उन्होंने आत्महत्या करने का फैसला किया, लेकिन गंगा ने उनके प्यार को देखकर उन्हें मरने नहीं दिया इसलिए ऋषि ने गुफा में अपना जीवन बिताने का फैसला किया। गुफा में एक शिवलिंग है और इसे पुरुषोत्तमानंद सोसाइटी का नाम दिया गया था इस पुरानी गुफा को देखने के लिए काफी संख्या में लोग यहां जुटते हैं।

### राफ्टिंग

अगर आपको एडवेंचर पसंद है और कुछ हटके करना चाहते है तो ऋषिकेश में राफ्टिंग करना न भूले ऋषिकेश में राफ्टिंग का लुफ्त उठाने लाखों की संख्या में लोग आते हैं। यहां कुछ सर्टिफाइड ऑपरेटर हैं, जो राफ्टिंग के लिए अच्छी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराते हैं। ऋषिकेश में कैंपिंग और राफ्टिंग के लिए पैकेज भी बुक किये जाते हैं।

FORTI
FEDERATION OF RAJASTHAN TRADE & INDUSTRY
An Apex Chamber of Trade & Industry

## उद्योग एवं व्यापार जगत का सजग प्रहरी

# Executive Council 2025-28

- **Suresh Agarwal** – President – Ganganagar, Motors Ltd.
- **Surjaram Meel** – Patron – Royal Ensign
- **I.C Agarwal** – Patron – Genus Group
- **Rafeek Khan** – Patron – Cotfab India
- **Sanjay Agarwal** – Patron – AU Small Finance Bank
- **Rajendra Setia** – Patron – S K Finance Limited

- **Pradeep Khetan** – Patrika Chairman – Neccon Power & infra Ltd.
- **P.D Goel** – Exec. President – Goel Construction Co. Pvt. Ltd
- **Dr. Arun Agarwal** – Exec. President – Keshav Industries
- **Chandra Prakash Goyal** – Exec. President – Friends Cards
- **Ramesh Chand Khandelwal** – Exec. President – Khandelwal Properties & Builders
- **Vinod Gupta** – Exec. President – Shri Krishna Rolling Mills
- **Girdhari Lal Khandelwal** – Chief Secretary – Akash Associates
- **Naresh Singhal** – Chief Secretary – R.C Motors
- **Anurag Khetan** – Chief Secretary – Shree Ram Emporium
- **Suresh Saini** – Chief Secretary – Rajratan

- **Naresh Kumar Goel (CA)** – Treasurer – Goel Construction Co. Pvt. Ltd.
- **Neelam Mittal** – President, Women Wing – CMA Modular Furniture
- **Sunil Agarwal** – President, Youth Wing – Ramala Ventures
- **Ashish Saraf** – Advisory Board – Adidev Buildtech Pvt. Ltd.
- **Jugal Derewala** – Advisory Board – J.K.D. Group
- **O.P Agarwal** – Advisory Board – O.P Agarwal & co.
- **R.C Gupta(Kota Wale)** – Advisory Board – Shri Tarkeshwar Properties P. Ltd
- **Sourabh Agarwal** – Advisory Board – Ganganagar Vehicles Ltd
- **Jagdish Poddar** – Advisory Board – Devyani Infrastructure Ltd
- **CA Vijay Goyal** – Advisory Board – VKG & Company.

- **Purshottam Agarwal** – Advisory Board – IAS Rtd
- **Vishnu Agrawal Sanwadiya** – Advisory Board – Ambuja Pipes (P) Ltd.
- **Amit Goyal** – Advisory Board – Amit Enterprises.
- **Gopal Gupta** – Advisory Board – Anukampa Builders Pvt. ltd.
- **Ajay Data** – Advisory Board – Data Eng. Globle Ltd
- **Akshay Goyal** – Advisory Board – Globiz Connect Inc
- **Kuldeep Gupta** – Advisory Board – Vivek Pharma
- **Dhirendra Raghav** – Advisory Board – J D Infratech India Pvt Ltd
- **Pratap Bhanu Singh** – Advisory Board – Chinkara Security
- **Dr. H.C. Ganeshia** – Advisory Board – Vishwa Hindi Sahitya Parishad

- **N.K.Gupta** – Marg Darshak – Manglam Build Devlopers Ltd.
- **Ram Sharan Gupta** – Marg Darshak – Ridham Gems
- **Suresh Agarwal** – Marg Darshak – Aman Export
- **Ramesh Narnoli** – Marg Darshak – Rajvesh Royal Clothing
- **Anup Khandelwal** – Marg Darshak – Kirana King Retail
- **Surendra Kumar Gupta** – Marg Darshak – Fitpack Textile Mills Ltd
- **Jagdish Somani** – Marg Darshak – Somani Industries
- **Mukesh Pareek** – Marg Darshak – Mukesh Agencies
- **Shyam Agarwal** – Marg Darshak – Insituite of Secretaries
- **Tarachand Kanoongo** – Marg Darshak – Johari Lal Radha Ballabh Kanoongo
- **Anand Gupta** – Marg Darshak – MG Industries

- **Pawan Lashkery** – Sr. Vice President – Pawan Fabtex Pvt. Ltd.
- **Vikash Jain** – Sr. Vice President – Fluidcon Engineers
- **Manish Gupta** – Sr. Vice President – Fluidcon Engineers
- **Chananmal Agarwal** – Sr. Vice President – Vijay Automobile
- **Nirmal Kumar Bhutia** – Sr. Vice President – Nirmal Roadways
- **Naresh Chopra** – Sr. Vice President – Radha Swami Food Product P. Ltd
- **Rajesh Kumar Agarwal** – Sr. Vice President – World Trade India
- **Rakesh Goyal** – Sr. Vice President – Arihant Dream Infra P. Ltd
- **Udai Parnami** – Sr. Vice President – Parnami Logistics
- **Anand Poddar** – Sr. Vice President – Poddar International College
- **Sajjan Singh** – Sr. Vice President – Vimal Electronic

- **Arvind Agarwal** – Vice President – Suresh Sales
- **Dr. Abhishek Sharma** – Vice President – Abhishek Sharma & Co.
- **Ajay Agarwal** – Vice President – Arch Promotions
- **Ajay Kumar Agarwal** – Vice President – Agarwal Sales
- **Ashok Goyal** – Vice President – Goyal Motor Agencies
- **Dr. Dinesh Gupta** – Vice President – Shekhawati Impex
- **Kailash Khandelwal** – Vice President, Manshapuran – Karni Mata Ropeway P. Ltd
- **Mahendra Agarwal** – Vice President – Govind gems
- **Mahesh Kala** – Vice President – Mahesh Kala Associates
- **Mahesh Bhamodia** – Vice President – Puran Auto Sales
- **Nirmal Kumar Bardiya** – Vice President – RMC Jems India Ltd.
- **Pankaj Ghiya** – Vice President – Ghiya & Co.
- **Prabhat Gupta** – Vice President – Satyam Scale Company
- **Rajan Singh** – Vice President – Punjab Motor Stores

- **Rajesh Dhamani** – Vice President – National Facets
- **Rajesh Nagori** – Vice President – Swastik Sales Incorporation
- **Rajkumar Agarwal** – Vice President – Sagar Freshners P. Ltd.
- **Rajkumar Taluka** – Vice President – Taluka Tent Decorators
- **Dr. Sanjay Parashar** – Vice President, Maharishi – Arvind Inst. of Engg & Tec.
- **Subhash Agarwal** – Vice President – Pushpa Enterprises
- **Sunil Kumar Bansal** – Vice President, Diwakar – Renueable & Indra P. Ltd.
- **Suresh Kalani** – Vice President – Surya Marketing
- **Sunil Kumar Sharma** – Vice President – Govindam Clearing Agencies
- **Tejpal Bhutiya** – Vice President – Globe Express Tpt. Co.
- **Ved Prakash Samariya** – Vice President – Samariya Automobiles
- **Vijay Goyal** – Vice President – Goyal Vijay & Co. (C.A.)
- **Vijay Ahuja** – Vice President – Ahuja Overseas
- **Vikas Agarwal** – Vice President – Amaryug Printers

- **Vinay Joshi** – Vice President – Vinkas Estates P. Ltd
- **Yogesh Bansal** – Vice President – Vikas Agro Bearing P. Ltd.
- **Praveen Suthar** – Branch Dev. Chairman – Lotus Hi Tec. Ind.
- **Ravi Jindal** – Branch Dev. Chairman – Jindal Tent House
- **Manish Agarwal** – Branch Dev. Chairman – CMA Turnkey Projects P. Ltd
- **Akhil Agarwal** – Add. Gen. Secretary – Ganganagar Agencies
- **Anshul Jain** – Add. Gen. Secretary – Golden Divine Creation
- **Arun Luhariwala** – Add. Gen. Secretary – ATS Agro International
- **Ashok Maheshwari** – Add. Gen. Secretary – Nakshatra Gems
- **Bhupat Kantewala** – Add. Gen. Secretary – Jeevan Nagji & Co.
- **Mukul Goyal** – Add. Gen. Secretary – Shree Ambika Gems
- **CS Nitin Hotchandani** – Add. Gen. Secretary – H. Nitin & Associates
- **Rakesh Sankhala** – Add. Gen. Secretary – Bobbish Events
- **Ravi Malukani** – Add. Gen. Secretary – Leader Sales Corp.

- **Santosh Kumar Jain** – Add. Gen. Secretary – Agarwal Sales
- **Suresh Bansal** – Add. Gen. Secretary – GEM & Crafts
- **Tarun Goyal** – Add. Gen. Secretary – Tarun Enterprises
- **Vinod Sharma** – Add. Gen. Secretary – AVI Metals
- **Arun Kumar Agarwal** – Secretary – Bhankrota Multipurpose Station
- **Banechand Jain** – Secretary – Prakash Electricals
- **C P Goyal** – Secretary – Hotel Broadway
- **Girish Agarwal** – Secretary – Rajasthan Tools
- **Hansraj Agarwal** – Secretary – Hi Tech Industries P. Ltd
- **Prem Bhatiya** – Secretary – Apex Sales Corporation
- **Rakesh Gupta** – Secretary – Nice Exports
- **Satish Kumar Goyal** – Secretary – Satish Kumar Contractor
- **Shubhang Mittal** – Secretary – Shree Jee Jewellery
- **Avnish Lodha** – Joint Secretary – Harakchand Fatehchand
- **Dinesh Gupta** – Joint Secretary – Gayatri Sales Corp.

- **Dinesh Agarwal** – Joint Secretary – Vikalp Advertising
- **Gopi Kishan Agarwal** – Joint Secretary – Plywood & Glass Agency
- **Gyan Prakash Gupta** – Joint Secretary – Gupta Motor Company
- **Pankaj Pulasaria** – Joint Secretary – Eva Miotech Pvt Ltd
- **Mahendra Haldiya** – Joint Secretary – Haldiya Property Pvt Ltd
- **Mukesh Khurana** – Joint Secretary – Luxury Tile Conecpts LLP
- **Ravi Rela** – Joint Secretary – Gangamani Fashions
- **Rajkumar Vijay** – Joint Secretary – Dar Credit & Capital Ltd.
- **Satish Jain** – Joint Secretary – J.Oberoi Caterers
- **Vinay Godha** – Joint Secretary – Concept Marketing
- **Vinod Parwani** – Joint Secretary – JMD Constructions
- **Arun Kumar Gupta** – Executive Members – Jupiter Stampings
- **Amit kumar Agarwal** – Executive Members – Amit K Agarwal & Co.
- **Dhrampal Agarwal** – Executive Members – Shree Agrasen Marbles
- **Jitendra Pal Jadon** – Executive Members – HDB Financial Services

- **Mahendar Agarwal** – Executive Members – Spinemart Industries P. Ltd
- **Nitin K Aggarwal** – Executive Members – Technoking Appliances P. Ltd
- **Nirmal Jain** – Executive Members – NAVS & Associates
- **Pankaj Kumar Goyal** – Executive Members – Ganesh Décor India Pvt Ltd.
- **Praveen Kumar** – Executive Members – Agrani Sales Corporation
- **Rakesh Rawat** – Executive Members – Kunwar Jayant Micro Fin. P. Ltd.
- **Rakesh Sogani** – Executive Members – Signature Design
- **Rakesh K Agarwal** – Executive Members – Metro Sales
- **CA Sandeep Fatehpuria** – Executive Members – Unique Professionals Services P. Ltd.
- **Sunil Garg** – Executive Members – Reliable Excavation
- **Shrikant Samariya** – Executive Members – AD Automotives P. Ltd.
- **Vishnu Agarwal** – Executive Members – NRV & Company
- **Virendra Singh Karnawat** – Executive Members – Karnawat Trading Corp.
- **Vinod Gupta** – Executive Members – Hotel Shalimar
- **Virendra Mittal** – Executive Members – Easydreams Infra P. Ltd

**व्यापार विस्तार, सरकारी निवेश और योजनाओं का लाभ उठाने एवं**
**राजस्थान के औद्योगिक विकास में सहभागी बनने के लिए फोर्टी की सदस्ता हेतु व्यापारीगण आमंत्रित हैं।**

RADHIKA

## FEDERATION OF RAJASTHAN TRADE AND INDUSTRY (FORTI)

A-7, 2nd Floor, Ganpati Enclave, Civil Lines, Ajmer Road, Jaipur- 302006 (Raj.)
• fortiindia@gmail.com • 9214007205 • www.forti.in